सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:14

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19 न्यू | 28 अधि |
| धर्मशाला | 25 न्यू | 33 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,597 |
| निफ्टी | 24,813 |
| सोना 95,452 | चांदी 97,475 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 22 मई 2025 | 9 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 143, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




सीबीआई जांच न करवा सुक्खू सरकार किसे रही बचा: जयराम

पृष्ठ 3 पर

**आज का मैच**

गुजरात vs लखनऊ

समय: रात 7:30 बजे (अहमदाबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### कर्नाटक के गृह मंत्री के अस्पताल में ईडी की रेड

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बुधवार को कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर से जुड़े एक अस्पताल में छापेमारी की। यह कार्रवाई कन्नड़ फिल्म अभिनेत्री रान्या राव से संबंधित गोल्ड तस्करी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के संदर्भ में की गई है। जांच के दौरान, ईडी को रान्या राव और सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज के बीच पैसों के लेन-देन के संकेत मिले हैं। ईडी की टीम अस्पताल के वित्तीय रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है। गोल्ड स्मगलिंग मामले में मुख्य आरोपी रान्या राव और सह-आरोपी तरुण कोंडारू राजू को विशेष आर्थिक अपराध अदालत से जमानत मिल गई है। (अनंत ज्ञान)

### जस्टिस वर्मा मामले में नहीं होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** कैश मामले में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पास है। आप पहले जाकर उनसे गुहार लगाएं। फिर हमारे पास आएं। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। एफआईआर की मांग एडवोकेट मैथ्यूज नेडुमपारा ने की थी। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान के सिंध में गृहमंत्री का घर जलाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध में प्रदर्शनकारियों ने गत दिवस गृहमंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर की सुरक्षा में तैनात गार्ड्स को भी पीटा। रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के नौशेहरो फिरोज जिले में मंगलवार को पुलिस और एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इसमें कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने निकाला पाक हाईकमीशन का अफसर

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को पाकिस्तान हाई कमीशन के एक और अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। यह 8 दिनों के भीतर दूसरी बार है जब भारत ने किसी पाकिस्तानी राजनयिक को देश से निकाला है। विदेश मंत्रालय ने बताया- भारत सरकार ने पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी को अवांछनीय व्यक्ति घोषित किया है, क्योंकि वह अपने पद के अनुरूप काम नहीं कर रहा था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- रबड़ डॉल योग प्रशिक्षक पिता के साथ हुईं सम्मानित — पेज 2
- हिमाचल में राजीव गांधी के विजन को लागू कर रही सरकार — पेज 3
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने दी संपर्क मार्ग की सौगात — पेज 6
- भट्ठा हादसे के बाद वन विभाग ने एसडीएम को भेजी रिपोर्ट — पेज 9
- अनुभव सूद की सफलता की कहानी में शहद की मिठास — पेज 10


# शिक्षा बोर्ड ने सुधारी गलती, 12वीं का संशोधित परिणाम किया जारी

## 83.16 से बढ़कर 88.64 प्रतिशत हुआ रिजल्ट, 4724 अतिरिक्त पास

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को 12वीं कक्षा का संशोधित परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। पहले 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 83.16 प्रतिशत था। अब अंग्रेजी पेपर की उत्तर कुंजी को संशोधित करने के बाद परीक्षा परिणाम बढ़कर 88.64 प्रतिशत पहुंच गया है। बोर्ड द्वारा अपनी गलती को सुधारने के बाद परीक्षा परिणाम में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

गौर रहे कि 86 हजार 373 छात्रों ने जमा दो की परीक्षा दी थी। पहले 71 हजार 591 विद्यार्थी पास हुए थे, जो कि अब बढ़कर 76 हजार 315 हो गए हैं। अब अतिरिक्त 4724 छात्रों को पास घोषित किया है। पहले पांच हजार 847 की कंपार्टमेंट थी, जोकि अब कम होकर मात्र 3838 ही रह गए हैं, इसमें 2009 की सीधे कंपार्टमेंट छूट गई हैं। बोर्ड की ओर से इस बार प्रोविजनल मेरिट सूची जारी नहीं की गई है।

अब रिचेकिंग-रिवैल्यूएशन व स्पेशल एग्जाम के बाद फाइनल मेरिट लिस्ट ही जारी की जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से 17 मई को जमा दो का अंग्रेजी विषय के साथ गलत परिणाम जारी कर दिया गया था। इसके बाद ओएमआर शीट में 16 अंकों के एमसीक्यू के गलत मूल्यांकन की बात सामने आने के बाद बोर्ड की ओर से जमा दो के अंग्रेजी विषय के मूल्यांकन के बाद रिजल्ट को दोबारा संशोधित करने की घोषणा की गई थी।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा पहले घोषित किए गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अंग्रेजी विषय पर गंभीर आरोप लगने के बाद बोर्ड ने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए एक दिन पूर्व मंगलवार को 12वीं कक्षा का पुनः संशोधित परीक्षा परिणाम घोषित करने का ऐलान किया था।

### संशोधित परिणाम शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर लोड



**स्कूल** शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हेमराज बैरवा ने बताया कि 12वीं कक्षा के संशोधित परिणाम को स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा अपनी वेबसाइट पर लोड कर दिया गया है, जहां से विद्यार्थी उसे देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि संशोधित परीक्षा परिणाम में 4724 अतिरिक्त विद्यार्थी पास हुए हैं। पहले 71591 छात्र पास थे और अब 76315 पास हो चुके हैं। इसमें 3830 बच्चों की कंपार्टमेंट आई है, जबकि 5868 बच्चे फेल हुए हैं। उन्होंने बताया कि 12वीं कक्षा के परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण परिणाम की घोषणा के बाद अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण के लिए अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण करवाने के इच्छुक परीक्षार्थी संबंधित पाठशाला के माध्यम से केवल ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से बोर्ड की वेबसाइट पर पुनर्मूल्यांकन के लिए 1000 रुपए व पुनर्निरीक्षण के लिए 800 रुपए प्रति विषय निर्धारित किया गया है।

**रिचेकिंग-रिवैल्यूएशन और स्पेशल एग्जाम के बाद जारी होगी फाइनल मेरिट लिस्ट**

विमल नेगी मौत मामला

# सीबीआई को जांच सौंपने पर फैसला सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, पुष्पेंद्र/शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट ने विमल नेगी की मौत की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग से जुड़े मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। संभवत: इस पर फैसला 23 मई को आ सकता है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के आग्रह पर केंद्रीय गृह सचिव और सीबीआई को प्रतिवादी बनाने के आदेश दिए। कोर्ट ने एसीएस गृह द्वारा दायर स्टेटस रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेने के आदेश दिए। मामले पर बहस के दौरान प्रार्थी की ओर से बताया गया कि एसआईटी और डीजीपी की स्टेटस रिपोर्ट में विरोधाभास सामने है, इसलिए प्रदेश पुलिस द्वारा गठित एसआईटी जांच संदेह के घेरे में है। एसआईटी आरोपियों के आचरण की जांच के बजाए विमल नेगी को मानसिक रोगी, घरेलू झगड़ों से परेशान इत्यादि साबित करने पर तुली हुई है। एसआईटी ने अपने क्षेत्राधिकार का अतिक्रमण करते हुए पेखुवाला सोलर प्रोजेक्ट में संलिप्त भ्रष्ट अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी है।

# छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में 27 नक्सलियों का एनकाउंटर



फाइल फोटो।

**एजेंसी, जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। 20 के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान शहीद हो गया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर मुठभेड़ चल रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवा राजू मौजूद है। इसी आधार पर फोर्स को रवाना किया गया था। अबूझमाड़ के बोटेर पहुंचते ही जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों के इस ऑपरेशन को प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बड़ी कामयाबी बताया है। नक्सली लीडर बसवा राजू मारा गया। वह 1.5 करोड़ का इनामी था। (अनंत ज्ञान)

**डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली ढेर 20 शव, हथियार बरामद**

### 7 दिन पहले मारे थे 31 नक्सली

पुलिस ने 7 दिन पहले ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कर्रेगुट्टा ऑपरेशन की जानकारी दी थी। छत्तीसगढ़.तेलंगाना बॉर्डर स्थित कर्रेगुट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल हैं।

# थुरल के अग्निवीर नवीन कुमार कारगिल के द्रास में बलिदान

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**



**डरोह।** विकास खंड सुलह की पंचायत थुरल के हलूं गांव के नवीन कुमार (25) ड्यूटी के दौरान 20 मई को भू-स्खलन की चपेट में आने से कारगिल के द्रास सेक्टर में वीरगति को प्राप्त हो गए। स्थानीय पंचायत प्रधान वंदना से मिली जानकारी के अनुसार, नवीन कुमार बतौर अग्निवीर लगभग 2 साल पहले सेना में भर्ती हुए थे। वह जम्मू-कश्मीर राइफल में अग्निवीर के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उनके पिता स्व. राजमल भी 13 जैक राइफल में हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे, जिनका देहांत हो चुका है। वह अपनी विधवा मां अजुध्या देवी का इकलौता सहारा थे। नवीन कुमार की पार्थिव देह वीरवार को उनके पैतृक गांव हलूं पहुंचेगी। स्थानीय विधायक विपिन सिंह परमार एवं ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### सीएम और डिप्टी सीएम ने जताया शोक

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अग्निवीर नवीन कुमार की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# एफआरए कार्य में लाएं तेजी: नेगी

## राजस्व मंत्री ने की वन अधिकार अधिनियम-2006 की समीक्षा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने एफआरए (वन अधिकार अधिनियम-2006) के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 में वन अधिकार अधिनियम को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्रदान की गई थी और 1 जनवरी, 2008 से वन अधिकार नियम लागू किया गया है।

उन्होंने कहा कि एफआरए 2006 के तहत अनुसूचित जनजाति व अन्य सभी श्रेणी के सदस्य या समुदाय जो 13 दिसंबर, 2005 से पहले कम से कम तीन पीढ़ियों से प्राथमिक रूप से वन भूमि पर निवास करते आ रहे हैं और अपनी आजीविका की वास्तविक जरूरतों के लिए वन या वन भूमि पर निर्भर हैं, को भूमि का अधिकार दिया जाएगा। मंत्री ने बैठक में एफआरए के संबंध में कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव स्तर से जिला स्तरीय कमेटी तक के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का एफआरए कार्य एसीआर में रिफलेक्ट होगा। उन्होंने पटवारी व कानूनगो की जवाबदेही सर्विस गारंटी एक्ट के तहत तय करने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने आपदा राहत से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विशेष सचिव राजस्व डीसी राणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



वन अधिकार अधिनियम-2006 की समीक्षा करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने दी दलील

# इस्लाम का जरूरी हिस्सा नहीं वक्फ, न ही मौलिक अधिकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं है। इसलिए इस पर संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जा सकता।



सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने शीर्ष कोर्ट से कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, जिसे नकारा नहीं जा सकता, लेकिन जब तक इसे इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य दलीलों का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि वक्फ को हमारे संविधान में भी मौलिक अधिकार नहीं माना गया है। वक्फ 2025 के वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र ने यह जवाब दिया है। मेहता ने अधिनियम का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी जमीन पर दावा करने का अधिकार नहीं है, भले ही वह जमीन वक्फ के रूप में घोषित की गई हो। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर दावा नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला है, जो कहता है कि अगर संपत्ति सरकारी है और वक्फ के रूप में घोषित की गई है, तो सरकार उसे बचा सकती है। (अनंत ज्ञान)

# सर्वदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल एशियाई देशों के लिए रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जदयू सांसद संजय कुमार झा की अगुवाई में एक सर्वदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर की यात्रा के लिए बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिबद्धता को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करना है। इन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले संजय कुमार झा ने कहा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल इन देशों में जाकर दुनिया को यह बताना चाहता है कि पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे जिंदा है और भारत इसके खिलाफ मजबूती से लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत की विदेश नीति और वैश्विक कूटनीति का अहम हिस्सा है। (अनंत ज्ञान)



**संजय झा बोले पाकिस्तान आतंक के सहारे है जिंदा**

### यह ध्यान भटकाने की कोशिश : कांग्रेस

**केंद्र** सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनियाभर को संदेश देने के लिए सर्वदलीय सांसदों को विदेश दौरे पर भेज रही है। इस बात पर सियासत भी तेज हो गई है। जहां कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार के इस कृत्य की आलोचना की है। बुधवार को उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतरराष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है।

एनआईए और आईबी की पूछताछ में खुलासा

# एक साल पहले पठानकोट भी गई थी ज्योति मल्होत्रा

**एजेंसी, हिसार**



पाकिस्तान के लिए जासूसी के शक में पकड़ी गई हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारी से एक और व्हास्टऐप चैट सामने आई है। इसमें एजेंट आईएसआई हसन अली उसे दुआ दे रहा है, तो जवाब में ज्योति उससे पाकिस्तान में शादी कराने को कह रही है।

ज्योति एक साल पहले पठानकोट गई थी। उसने वहां कोई वीडियो रिलीज नहीं किया था, लेकिन फेसबुक पर शेयर की गई फोटो और एक छोटी सी क्लिप से उसके वहां जाने का खुलासा हो गया। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीम उसे मंगलवार को पठानकोट लेकर गई। एनआईए ने उसके पठानकोट विजिट को संदिग्ध माना है। संदेह है कि वह आर्मी कैंट और एयरबेस की रेकी के मकसद से गई थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आर्मी ने पठानकोट में आर्मी कैंट और एयरबेस को टारगेट करने की कोशिश की थी। यहां 2016 में भी हमला हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप का ऐलान, अमेरिका बनाएगा गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस शील्ड

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसी साल मार्च में अमेरिकी संसद में दिए अपने भाषण में इसराइल के आयरन डोम सुरक्षा कवच की तर्ज पर ही अपने देश में एक गोल्डन डोम बनाने का प्रस्ताव रखा था। मंगलवार को उन्होंने इस सिस्टम की तैनाती को लेकर मंजूरी भी दे दी। ट्रंप ने कहा, 'हम गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस शील्ड के बारे में ऐतिहासिक घोषणा कर रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जो हम चाहते हैं। रोनाल्ड रीगन (40वें अमेरिकी राष्ट्रपति) इसे कई साल पहले ही चाहते थे, लेकिन उनके पास तकनीक नहीं थी।' यह योजना अमेरिका की पहली ऐसी प्रणाली होगी, जिसमें अंतरिक्ष में हथियार तैनात किए जाएंगे। ट्रंप प्रशासन के मुताबिक डोम की लागत 175 बिलियन डॉलर (14.5 लाख करोड़ रुपए) आएगी। (अनंत ज्ञान)



### अमेरिका को क्यों पड़ी इसकी जरूरत?

**हालांकि** अमेरिका ने अपने आसपास पूर्वी तट और अटलांटिक महासागर में किसी खतरे से निपटने के लिए यूएस फ्लीट फोर्स कमान की तैनाती की है। वहीं, जमीनी क्षेत्रों में अमेरिका ने दूसरे देशों से लगती अपनी सीमाओं ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में अलग-अलग जगहों पर सैन्य, नौसैन्य और वायुसेना के लिए बेस कैंप भी बनाए हैं, लेकिन ये टुकड़ियां पूरा हवाई क्षेत्र कवर नहीं करतीं। यानी कई ऐसे क्षेत्र भी हैं, जो कि अमेरिकी सेना, वायुसेना और नौसेना के लिए ब्लाइंड स्पॉट हैं। ऐसे में दुश्मन इन क्षेत्रों की पहचान कर के या आसानी से रडार की पकड़ में न आने वाले हथियारों के जरिए उसे निशाना बना सकता है।

# गुजरात में बढ़ा शेरों का कुनबा

## पांच वर्ष में 674 से बढ़कर 891 पहुंची एशियाई शेरों की तादाद

**एजेंसी, गांधीनगर**

गुजरात में एशियाई शेरों की संख्या में बीते पांच वर्षों में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई 2024 में कराए गए ताजा शेर गणना के अनुसार, अब राज्य में शेरों की संख्या 891 हो गई है, जो कि 2020 में 674 थी। यानी शेरों की संख्या में 217 का इजाफा हुआ है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब शेर सिर्फ गिर के जंगलों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे सौराष्ट्र क्षेत्र के 11 जिलों में फैले हुए हैं, जिनमें जंगलों के अलावा तटीय और गैर-जंगल इलाके भी शामिल हैं।

गुजरात के वन विभाग के प्रमुख चीफ कंजर्वेटर जयपाल सिंह ने बताया कि गिर नेशनल पार्क और वाइल्डलाइफ सेंक्चुरी में 384 शेर पाए गए, जबकि 507 शेर पार्क के बाहर के इलाकों में गिने गए। इसका मतलब है कि अब शेरों की संख्या गिर के बाहर तेजी से बढ़ रही है। गिर के अलावा शेर पानिया सेंक्चुरी, मितियाला सेंक्चुरी, गिरनार रिजर्व, बारडा सेंक्चुरी में भी पाए गए हैं। कुछ शेर तटीय क्षेत्रों और खुले मैदानी इलाकों में भी देखे गए। भावनगर जिले में एक झुंड (प्राइड) में सबसे ज्यादा 17 शेर पाए गए।

यह अच्छी खबर है कि एशियाई शेरों की संख्या में इजाफा हो रहा है, क्योंकि ये दुनिया में केवल गुजरात के गिर क्षेत्र में ही पाए जाते हैं। शेरों का नए इलाकों में फैलना उनके लिए सुरक्षित जगहों की जरूरत को दिखाता है। वन विभाग को अब उन नए क्षेत्रों में भी शेरों की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के उपाय करने होंगे। (अनंत ज्ञान)



### नर, मादा और शावक

| | |
|---|---|
| वर्ष 2023 में | नर शेर :196 |
| कुल शेर : 891 | मादा : 330 |
| 2020 में 674 | युवा शेर : 140 |
| वृद्धि : 217 | शावक : 225 |

### सौराष्ट्र के इन 11 जिलों में दिखे शेर

**शेरों** ने अब सौराष्ट्र के जूनागढ़, गिर सोमनाथ, भावनगर, राजकोट, मोरबी, सुरेंद्रनगर, देवभूमि द्वारका, जामनगर, अमरेली, पोरबंदर व बोटाद को अपना घर बना लिया है।

**खतरा** शांगरीबाग के पास पत्थर व क्रेटवॉल धंसने से सिकुड़ा फोरलेन, धीरे-धीरे धंस रही पहाड़ी

# भू-स्खलन की जद में आया जिया-मनाली फोरलेन

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ सटे शांगरीबाग में धीरे-धीरे पहाड़ी धंस रही है, जिससे पत्थर व क्रेटवॉल फोरलेन पर पहुंच गए हैं। इस कारण भुंतर-मनाली वाया वामतट सड़क मार्ग भू-स्खलन की जद में आ गया है। आलम यह है कि यहां लगातार हो रहे भू-स्खलन होने के कारण खतरा बढ़ता जा रहा है और ऐसे में कभी भी वाहन भू-स्खलन की चपेट में आ सकते हैं।

गौरतलब है कि देवधार (शांगरीबाग) में भू-स्खलन का सिलसिला पिछले कई सालों से जारी है। फोरलेन निर्माण के दौरान पहाड़ी की कटिंग के कारण इस पहाड़ी में दरारें आ गई थी, जिस कारण देवधार गांव इसकी चपेट में आए थे, जिसे कई परिवारों को मजबूरन अपने सपनों के आशियानों को छोड़कर दूसरी जगह जाना पड़ा था। उसके बाद भी पहाड़ी धंसने का यह सिलसिला रुका नहीं। अब तो हालात बेहद खराब हैं, जिसके कारण देवधार गांव में जो कुछ तीन- चार घर बचे थे, अब उनके ऊपर भी खतरा मंडराने लगा है।

पहाड़ी पर भू-स्खलन रोकने के लिए एनएचएआई की ओर से जो डंगा और क्रेटवॉल लगाई गई थी वह भी अब नीचे फोरलेन पर पहुंच गई है। इसके अलावा यहां पानी का भी लगातार रिसाव हो रहा है, जिससे दीवार के ऊपर लगी क्रेटवाल का कुछ हिस्सा सड़क में गिर गया है। ऐसे में सड़क तंग हो चुकी है। वाहनों के लिए भी जोखिम की स्थिति पैदा हो रही है। पिछले काफी समय से खतरा लगातार बढ़ रहा है और कभी भी कोई बड़ा हादसा पेश आ सकता है लेकिन एनएचएआई इस मुद्दे को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा। लिहाजा, भू-स्खलन को रोकने के लिए शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो मलबा फोरलेन की दूसरी तरफ को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस फोरलेन सड़क से मनाली के लिए वाहन जाते हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर पहाड़ी पर घरों को तो खतरा है ही साथ ही समर सीजन के चलते इन दिनों काफी संख्या में पर्यटक वाहन भी यहीं से होकर गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार भू-स्खलन होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**देवधार में तीन-चार घरों पर मंडराने लगा खतरा**

### 2023 में आपदा में ढही थीं फोरलेन की दीवारें

**कुल्लू** घाटी में जुलाई 2023 में आई भयंकर आपदा के दौरान यहां फोरलेन की दीवारें ढह गई थीं। हैरानी की बात है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया है। भू-स्खलन को रोकने के लिए जल्द हल निकालना चाहिए।

"**जिया** से लेकर रामशिला के मध्य देवधार के पास फोरलेन पर भू-स्खलन को रोकने का कार्य जल्द पूरा होगा।कार्य पर एनएचएआई द्वारा लगभग 39 करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। पर्यटन सीजन के मद्देनजर इस कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा, ताकि सैलानियों को आवाजाही में दिक्कत न पड़े। जिला प्रशासन द्वारा एनएचएआई को निर्देश दिए गए हैं कि वह जल्द इस कार्य को पूरा करे, ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके।

**-तोरुल एस रवीश, डीसी, कुल्लू**

## न्यूज ब्रीफ

### भगवती स्कूल के बच्चे हिंसा का डटकर करेंगे विरोध

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाना और लोगों को इसके खतरों से आगाह करना है। बच्चों को आतंकवाद विरोधी की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे व समाज के सभी वर्गों के बीच शांति सद्भाव व आपसी भाईचारे को कायम करेंगे। पांचवीं कक्षा की इशिता, सुहानी ने बताया कि आतंकवाद आज सारे विश्व की समस्या बनी हुई है, जिसका हमें इकट्ठे होकर सामना करना है। हमें हिंसा का मार्ग छोड़कर अहिंसा के मार्ग पर चलकर गांधीजी के सपनों का भारत बनाना है। अध्यापकों में निखिल, सुदर्शना ने अपने भाषण के माध्यम से बताया कि हिंसा में लड़ाई, चोरी, डकैती ये सब आतंकवाद के प्रकार हैं। हमें इन सब का विरोध करना चाहिए। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों को अहिंसा का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### डीएवी भड़ोली में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली के छात्रों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा छठी से नौवीं तक के विद्यार्थियों के लिए किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में चारों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय 'आतंकवाद को केवल बातचीत से ही हराया जा सकता,हिंसा से नहीं' था। गतिविधि का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद के प्रति बच्चों को जागरूक करना था। प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले के बाद पहला स्थान पटेल सदन के प्रतिभागी आकर्षित और अर्शिया ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान सुभाष सदन के प्रतिभागी आराध्या सिंह राजपूत और आर्यता ने अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में आराध्या सिंह राजपूत को सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित किया गया। अंत में प्रिंसिपल ने विशेष स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

### पूर्व प्रधानमंत्री को कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धासुमन किए अर्पित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर हमीरपुर में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजीव जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने भारत को 21वीं सदी में ले जाने की दिशा में साहसिक निर्णय लिए। उनकी नीतियों ने युवाओं को एक नई दिशा दी, कंप्यूटर क्रांति की शुरुआत की, और लोकतंत्र की जड़ों को पंचायती तक मजबूत किया। आज जब हम डिजिटल इंडिया की बात करते हैं, तो उसकी नींव में राजीव गांधी जी का सपना समाहित है। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती, पूर्व विधायिका अनिता वर्मा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, तेज नाथ, पूर्व पार्षद अनिल चौधरी, पूर्व पार्षद राजेश चौधरी, सुनील ठाकुर, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव अखिलेश चौधरी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अशोक संधू, देवी दास शहंशाह, आरती डोगरा, राजेश आनंद,दिवस ठाकुर, अनिरुद्ध ठाकुर और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चिट्टा बरामदगी के आरोपी पुलिस रिमांड पर भेजे

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** चिट्टे के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को कोर्ट ने 24 मई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। सब्जी मंडी जाहू के पास एक पुलिस ने 6 ग्राम चिट्टा के बरामदगी के तीन युवकों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें हमीरपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 24 मई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। एसआईयू हमीरपुर के प्रभारी इंस्पेक्टर कुलवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक सफेद ऑल्टो कार को रोका और तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान कार से 6 ग्राम चिट्टा, एक जली हुई करंसी नोट, एलपीजी लाइटर व 13,000 रुपए नकद सामग्री को भी बरामद किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हिम पाल उर्फ काकू, निवासी धुवसड़ा, जिला मंडी, पंकज उर्फ वोटी, निवासी समन कोठी, जिला हमीरपुर वह वर्तमान में जाहू में रह रहा था व कुलदीप कुमार उर्फ अजू, निवासी मसियानी, जिला मंडी शामिल हैं।

### न्यूरल डिसएबल्ड संगठन ने डीसी को सौंपा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** न्यूरल डिसएबल्ड संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के सचिव संतोष वर्मा और पदाधिकारी राजन कुमार के नेतृत्व में उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह को एक मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में दो मुख्य विषयों को प्रमुखता से उठाया गया। पहला मुद्दा बीपीएल सूची में दिव्यांगजनों को उचित स्थान दिए जाने से संबंधित था। संगठन ने आग्रह किया कि सर्वेक्षण के दौरान दिव्यांग व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए तथा उनकी वास्तविक आर्थिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें बीपीएल सूची में शामिल किया जाए। दूसरा महत्वपूर्ण विषय हमीरपुर जिले में एक विकलांग भवन की स्थापना से जुड़ा था, जहां दिव्यांगजन अपनी बैठकें, प्रशिक्षण सत्र, जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य संगठनात्मक गतिविधियां व्यवस्थित रूप से संचालित कर सकें। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने संगठन की मांगों को गंभीरता से सुना और उन्हें पूर्ण आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और दिव्यांगजनों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### विधायक सुरेश ने शिकायतों का मौके पर किया समाधान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल की बधानी पंचायत में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कुल 90 शिकायतें व मांगें विधायक के समक्ष रखीं। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। विधायक सुरेश कुमार ने अपने संबोधन में ग्रामीणों को बड़ी राहत देते हुए बताया कि 1 जून से भोरंज तहसील को पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया जाएगा। विधायक ने यह भी घोषणा की कि बधानी में शीघ्र ही एक खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा, साथ ही, पटवार घर के लिए एक नया भवन निर्माण भी जल्द शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा, तहसीलदार आशीष शर्मा, कानूनगो धर्म सिंह, संबंधित पटवारी, पंचायत प्रधान विनोद डोगरा, चंदन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।


### युवक ने फाड़ी पुलिस कर्मचारियों की वर्दी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पुलिस थाना बड़सर में सरकारी कर्मचारी को कर्तव्य निर्वहन करते समय रोकना व चोट पंहुचाना व अपमानित करने का मामला दर्ज किया गया है। थाना बड़सर में पुलिस सहायता कक्ष बिझड़ी में तैनात आरक्षी गोल्डी ने शिकायत की है कि सुंदन शर्मा पुत्र ओम प्रकाश गांव व डाकघर बिहड़ तहसील ढटवाल जिसने स्थानीय क्षेत्र में हुड़दंग मचाया हुआ था। उसने शिकायतकर्ता पुलिस सहायता कक्ष प्रभारी बिझड़ी सहायक उपनिरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान सजंय कुमार व राजीव गोस्वामी के साथ गाली-गलौच, बहसबाजी, धक्का मुक्की की है तथा शिकायतकर्ता की पहनी हुई वर्दी की पैंट तथा सहायक उपनिरीक्षक मनोज कुमार की पहनी हुई वर्दी की कमीज का दायां सोल्डर फ्लैप फाड़ दिए। डीएसपी लालमण शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है तथा आगामी छानबीन की जा रही है।

# मुख्यमंत्री पहली जून को कोहडरा में करेंगे डे-बोर्डिंग स्कूल का शिलान्यास

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कोहडरा में प्रस्तावित डे बोर्डिंग स्कूल का सपना अब जल्द ही पूरा होने वाला है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कोहडरा में 125 कनाल भूमि पर बनने बाले डे-बोर्डिंग स्कूल का पहली जून को शिलान्यास करेंगे।



मुख्यमंत्री का यह एक दिन का दौरा पिछले काफी दिनों से इंतजार में है। हालांकि अभी सरकारी तौर पर इसकी घोषणा नहीं की गई है, लेकिन बड़सर विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस के नेताओं ने इस दौरे को लेकर बैठकों

### क्षेत्र वासियों को करोड़ों की सौगातें मिलेंगी : पवन

का दौर शुरू कर दिया है, ताकि मैहरे में आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री की जनसभा में भीड़ जुटाई जा सके।

वैसे तो मैहरे में मिनी सचिवालय का भवन भी बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता कि उसका भी उद्घाटन होगा क्योंकि इसके भीतर जो विभाग सजने हैं, उनके फर्नीचर और अन्य सुविधाओं का इंतजाम भी होना है। उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहे सुभाष ढटवालिया ने दौरे को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के कांग्रेसियों के साथ बैठकों का दौर शुरू कर दिया है, साथ ही विस क्षेत्र के लिए प्रस्तावित करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर बड़सर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्लान भी तैयार कर लिया है।

यह जानकारी देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन कालिया ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे का कार्यक्रम तय हो चुका है। इस दौरान मुख्यमंत्री बड़सर की जनता को करोड़ों की सौगाते देंगे। कालिया ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित मिनी सचिवालय मैहरे में मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे और यहीं से क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री शाम को पिछड़ी पंचायत जजरी में ठहराव करेंगे, जहां कार्यक्रम स्थल पर लोगों की समस्याओं को भी सुनेंगे।

#### इन विकास कार्यों को पहनाएंगे अमलीजामा

**कालिया** ने बताया कि बड़सर दौरे के दौरान 17 करोड़ की लागत से नवनिर्मित मिनी सचिवालय भवन, करीब 4.50 करोड़ की लागत से बने अग्निश्मन विभाग के भवन, 27 करोड़ की लागत से बने 132 केवी सब स्टेशन का लोकार्पण, दलचेहड़ा मे नवनिर्मित आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी भवन, वणी में नवनिर्मित हेल्थ सेंटर, का उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे। इसके आलावा चकमोह में पीएचसी भवन, बिझड़ी में नवनिर्मित वेटरिनरी हॉस्पिटल के अलावा बल बिहाल लखोह-गरड़ी संपर्क सड़कमार्ग और नाबार्ड के तहत निर्मित होने वाले धनेटा-बड़सर संपर्क मार्ग व कोहडरा में प्रस्तावित डे-बोर्डिंग भवन के लिए भूमि पूजन करेंगे। इसके इलाबा 132 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन गोबिंदसागर झील उठाऊ पेयजल योजना, 27 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सलौनी-दियोटसिद्ध के विस्तारिकरण के कार्यों का जायजा भी लेंगे।

#### कई योजनाओं के काम चल रहे अधूरे

**असल** समस्या यह है कि क्योंकि अभी कई योजनाओं के काम अधूरे चल रहे हैं। इनमें सड़क कै विस्तारीकरण के काम में फिलहाल रुकावट आ गई है। यह स्थिति जल योजना के निर्माण की है। कारण यह है यह स्थिति भी स्पष्ट मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान ही होगी क्योंकि जिस तेजी के साथ यह कार्य शुरू हुए थे, अब स्लो डाउन क्यों हो गए हैं।

### देश की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप परीक्षा का 10 जून को निकलेगा परिणाम

# योग्य छात्रों को बनाया जाएगा सशक्त

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित कर इतिहास रचा, जिसमें 5 लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए। हिमाचल प्रदेश सरकार ने क्रैक अकादमी के साथ मिलकर 20 मई को राज्य की अब तक की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप परीक्षा, मेरे शहर के 100 रतन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कक्षा छठी से 12वीं तक के 5 लाख से ज्यादा छात्रों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया।

यह परीक्षा राज्य के 3,500 से ज्यादा सरकारी और निजी स्कूलों में एक साथ आयोजित की गई थी। हिमाचल प्रदेश में इस पैमाने पर पहली बार इतनी उच्च स्तरीय शैक्षणिक गतिविधि की गई, जिसने सभी 68 निर्वाचन क्षेत्रों में लाखों युवाओं के लिए एक एकीकृत शैक्षणिक क्षण बनाया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक हफ्तों तक तैयारी की और परीक्षा में बहुत उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ शामिल हुए और इसे अपनी शैक्षणिक यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखा। स्कॉलरशिप पहल का उद्देश्य योग्य छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग तक पहुंच प्रदान करके सशक्त बनाना है।



देश की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप पाने के लिए परीक्षा देते छात्र-छात्राएं।

#### प्रदेशभर में 5 लाख से अधिक छात्रों ने दी है परीक्षा

राज्य के 68 निर्वाचन क्षेत्रों में से प्रत्येक के शीर्ष 100 छात्रों को क्रैक अकादमी द्वारा पूर्ण कोचिंग छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जो 6,800 पूर्ण स्कॉलरशिप के बराबर होगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के अगले 200 छात्रों को 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी, जबकि उसके बाद के 500 छात्रों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयनित छात्रों को यूपीएससी, एचपीएएस, जेईई, एनईईटी, कौशल विकास कार्यक्रम, सहित विविध पाठ्यक्रमों की तैयारी करने का अवसर मिलेगा।

क्रैक अकादमी ने राज्य भर में 70 से अधिक भौतिक केंद्र भी स्थापित किए हैं जहां छात्र वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण संसाधनों तक पहुंचने के अलावा व्यक्तिगत रूप से कोचिंग में भाग ले सकते हैं। क्रैक अकादमी के संस्थापक और सीईओ नीरज कंसल ने इस पहल की सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह छात्रवृत्ति परीक्षा केवल अंकों के बारे में नहीं थी, यह हिमाचल भर में शैक्षिक महत्वाकांक्षा का उत्सव था।

उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, शिक्षा सचिव, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक, उप निदेशकों सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ अनगिनत छात्रों, शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और समर्पित प्रबंधन और प्रशासनिक टीमों को अपना हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनके सामूहिक प्रयास से यह परीक्षा एक बड़ी सफलता बन पाई। सटीकता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए ओएमआर शीट स्कैनिंग का उपयोग करके मूल्यांकन प्रक्रिया डिजिटल रूप से आयोजित की जाएगी। छात्रवृत्ति परीक्षा के परिणाम 10 जून, को घोषित किए जाएंगे और क्रैक अकादमी के ऐप पर उपलब्ध होंगे।

## प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने सीएम से की शिक्षकों की मांगों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने संघ के राज्य महासचिव संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सचिवालय में भेंट की। इस भेंट का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्रवक्ता वर्ग से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करना और शिक्षकों से संबंधित मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना था।

राज्य महासचिव संजीव ठाकुर ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुख मांगें रखीं जिनमें 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते की अधिसूचना शीघ्र जारी करने की मांग की। संजीव ठाकुर ने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया कि राज्य के शिक्षकों को भी इसका लाभ शीघ्र दिया जाए ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके, साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि प्रधानाचार्य पदों पर पदोन्नति सूची शीघ्र जारी की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के अनेक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। इससे न केवल प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि योग्य शिक्षकों को उनका हक भी नहीं मिल पा रहा है। अत: पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर सूची जारी की जाए।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रवक्ता संघ की मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना और इन पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शिक्षकों के हितों की रक्षा और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि शिक्षकों से संबंधित लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर उन्हें राहत प्रदान की जाएगी।



प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान।

### आर्यभट्ट और भाभा हाउस के बीच होगा वॉलीबाल का फाइनल मुकाबला



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में बुधवार को लड़कों की वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला आर्यभट्ट हाउस और रमन हाउस के बीच खेला गया, जिसमें आर्यभट्ट हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। वहीं, दूसरा मुकाबला भाभा हाउस और बोस हाउस के बीच हुआ, जिसमें कड़ी टक्कर के बाद भाभा हाउस विजेता बनकर उभरा। अब प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आर्यभट्ट हाउस और भाभा हाउस के बीच शीघ्र ही आयोजित होने वाला है। दोनों ही टीमें फाइनल के लिए तैयार हैं और दर्शकों को एक रोमांचक मुकाबले की प्रतीक्षा है। छात्रों में इस प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। यह मुकाबला न केवल खेल भावना को बढ़ावा देगा, बल्कि टीमवर्क और अनुशासन की सीख भी देगा। यह कार्यक्रम शारीरिक शिक्षक जिम्मी ठाकुर की देखरेख में संपन्न हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी ऐसे ही आयोजन होते रहने की आशा व्यक्त की।

## पुनर्सीमांकन की अधिसूचना वापस ले सरकार : अजय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एपीएमसी के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के पूर्व महामंत्री अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर जिला हमीरपुर को टुकड़ों में बांटने का आरोप लगाया है। हाल ही में हमीरपुर जिला प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जो जिला परिषद के वार्डों का पुनर्सीमांकन प्रस्तावित है, पर कड़ा एतराज जताया है।

उन्होंने इसे हमीरपुर की जनता की भावनाओं के विरुद्ध एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध बताया है। अजय शर्मा ने कहा कि यह अधिसूचना या तो जिला प्रशासन की गलती के कारण से जारी हुई है या

#### बोले-जिला परिषद वार्ड बंदी लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध

सरकार के इशारे पर हुई है जिसके मुखिया सुक्खू हैं। पंचायतीराज व्यवस्था के प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों को भी इस पुनर्सीमांकन से पहले विश्वास में लिया जाना चाहिए था। वर्तमान स्थिति में ऐसा अनुभव आ रहा है कि यह पुनर्सीमांकन या तो सरकार के इशारे पर हुआ है या हमीरपुर जिले में जो अधिकारी लगाए गए हैं, वे जिला की भौगोलिक परिस्थितियों से अनभिज्ञ हैं, जिससे यहां चौपट राजा और अंधेर नगरी जैसी स्थिति बनी हुई है। सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए व्यक्ति भी इस पुनर्सीमांकन का विरोध कर रहे हैं। अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री परआरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने हमेशा हमीरपुर जिले से भेदभाव की राजनीति की है। हमीरपुर जिले को यहां से मुख्यमंत्री बनाने की सजा मिल रही है।



अजय शर्मा ने प्रदेश सरकार से मांग की है अधिसूचना को तुरंत वापस लिया जाए और जिले में जिला परिषद वार्डों का पुनर्सीमांकन पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझावों के पश्चात किया जाए अन्यथा सीएम हमीरपुर आने से पहले पंचायत प्रतिनिधियों और लोगों का विरोध सहने के लिए तैयार रहें।

### पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर नादौन में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद, वरिष्ठ कांग्रेसी कमल कम्मी, संतोष संधू, रीना देवी, नानक चंद, अजय जैन, विकास सोनी सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान किया।

## कौड़ा तीसरी बार बने जिला पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

स्टेट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आदेश अनुसार जिला पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला हमीरपुर के भवन में प्रधान एसके कौड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की कार्रवाई आरंभ होने पर पूर्व में रहे प्रधान एलएस मस्ताना के निधन पर 2 मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की गई ।

इसके उपरांत जिलाध्यक्ष हमीरपुर ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया तथा नए चुनाव को संपन्न करवाने के लिए आरजी सोनी को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया। चुनाव में प्रधान पद पर एसके कौड़ा व महासचिव पद पर मनोहर लाल कानूनगो को सर्वसम्मति से तीसरी बार चुना गया।



बैठक में पास किए प्रस्तावों पर सरकार से शीघ्र कार्रवाई करने की मांग भी की गई।

जिला कार्यकारिणी व अन्य पदाधिकारियों को चुनने का अधिकार चुने हुए दोनों पदाधिकारियों को सभी उपस्थित सदस्यों ने दिया। बैठक के उपरांत निम्न प्रस्ताव पास किए गए तथा सरकार से आग्रह किया गया कि इन प्रस्तावों पर शीघ्र अति शीघ्र कार्रवाई अमल में लाई जाए। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जेसीसी अभिलंब गठित की जाए। 1-1-16 से 31-1-22 तक सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स की ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट कॉम्युटेशन की राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाए। 1-1-23 व 1-7- 23 से पूर्व में दिए गए महंगाई भत्ते की दोनों किस्तों का बकाया अभिलंब दिया जाए तथा 1.1 24 से 4 प्रतिशत,1-7-24 से 3 प्रतिशत तथा 1-1- 25 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता भी अविलंब दिया जाए। मेडिकल बिलों का बजट सभी विभागों को शीघ्र आवंटित किया जाए ताकि सभी पेंशनर्स के पेंडिंग मेडिकल बिलों की राशि अदा की जा सके। 50 प्रतिशत, 30 प्रतिशत मैट्रिक्स के मामलों को अभिलंब निपटाया जाए।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि 6 महीने के उपरांत भी स्वीकृत किए गए मामलों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जो की खेद का विषय है। अत: इस मामले पर संज्ञान लिया जाए। एचआरटीसी के पेंशनर्स की अप्रैल माह की पेंशन अभी तक भी नहीं दी गई है, जो एक गंभीर मामला है। संगठन उनका समर्थन करते हुए यह मांग करता है कि प्रत्येक मास की पेंशन समय-समय पर जारी की जाए। इस अवसर पर पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के लगभग 70 पेंशनर्स उपस्थित हुए।

## हैप्स विकासनगर में जोर-शोर से चल रहा काइंडनेस चैलेंज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल छात्रों के चहुंमुखी विकास में विश्वास रखता है। यहां शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर भी जोर दिया जाता है। स्कूल के सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से आठवीं के छात्रों के लिए मई माह को काइंडनेस चैलेंज के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें छात्र बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

काइंडनेस चैलेंज का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर बड़े उत्साह के साथ किया गया। छात्र काइंडनेस नोटबुक बना रहे हैं जिसका मुख्य आकर्षण 17 एसडीजी लक्ष्यों के लिए साझेदारी है। काइंडनेस चैलेंज के अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शिक्षकों द्वारा हर रोज बच्चों को काइंडनेस टिप दिए जा रहे हैं। छात्रों को दयालुता पर आधारित वीडियो भी दिखाई जा रही हैं। छात्र अपने अनुभव प्रार्थना सभा व कक्षाओं में साझा कर रहे हैं। प्रार्थना सभा के दौरान छात्रों को काइंडनेस शपथ भी दिलाई जा रही है। अभिभावक स्कूल ऐप के माध्यम से निरंतर प्रतिक्रियाएं भेज रहे हैं, जो इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अहम भूमिका निभाते हैं।

अभिभावक बच्चों में आए बदलाव को देखकर बहुत प्रसन्न हैं और विद्यालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम की काफी सराहना कर रहे हैं। विद्यालय भविष्य में भी छात्रों को नैतिक मूल्य जीवन कौशल सिखाने में इस तरह के कई कार्यक्रम चलाता रहेगा।

**सम्मान** शिक्षा मंत्री रोहित ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पदक जीतने पर किया सम्मानित

## रबड़ डॉल योग प्रशिक्षक पिता के साथ हुईं सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर की रबर डॉल निधि डोगरा योगासन में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत चुकी है। अभी हाल ही में निधि डोगरा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किया है। प्रदेश सरकार द्वारा खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर रही है।

इसी क्रम में प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने निधि डोगरा को राष्ट्रीय स्तर पर योगासन खेल में पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर शिमला में 20 मई को आयोजित किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा साथ में इन खिलाड़ियों को तरासने वाले प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।



रबर डॉल निधि डोगरा को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

इस उपलक्ष पर निधि डोगरा के योग प्रशिक्षक पिता शशि कुमार डीपीई को भी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह, शाल देकर सम्मानित किया गया। बता दें निधि डोगरा जिला हमीरपुर चैरी खियूंद की रहने वाली है।

निधि डोगरा बारहवीं कक्षा में सुपर मैग्नेट स्कूल हमीरपुर में अध्यनरत है। निधि डोगरा को और उसके प्रशिक्षक पिता शशि कुमार को एक ही मंच पर यह सम्मान मिलने पर इलाके में खुशी का माहौल है। इस मौके पर निधि डोगरा के प्रशिक्षक पिता शशि कुमार ने शिक्षा विभाग के इस सम्मान समारोह के बारे में कहा कि यह प्रथम सम्मान समारोह था, जिसमें हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर और कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि इस तरह के समारोह बच्चों में और उनके प्रशिक्षकों को और अधिक लगन, ईमानदारी, कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित करता है जिससे कि हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़े तथा साथ में सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों का उन्होंने धन्यवाद किया।

## तबादला माफिया के सामने झुकी कांग्रेस सरकार : लखनपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने इसे पूर्णतया कर्मचारी विरोधी, महिला विरोधी और प्रशासनिक व्यवस्था के लिए खतरनाक करार देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब स्थानांतरण आवश्यकता के आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना, सिफारिश और पैसे के लेन-देन के आधार पर किए जा रहे हैं।

विधायक लखनपाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सक्रिय 'तबादला माफिया' की पूरी घटक सरकार के इशारे पर काम कर रही है और कांग्रेस सरकार उसकी कठपुतली बन चुकी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इस भ्रष्ट और अपारदर्शी तबादला प्रणाली के कारण सैकड़ों कर्मचारियों के अनैतिक, मनमाने और जबरन तबादले बड़सर क्षेत्र में हुए हैं, जिनके पीछे किसके निर्देश थे, इसका जवाब मुख्यमंत्री को देना होगा। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि ये तबादले सरकार के शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर किए जा रहे हैं, जो ईमानदार कर्मचारियों का शोषण करने और प्रशासन को कमजोर करने की साजिश है।

विधायक ने कहा कि महिलाओं को दुर्गम और असुविधाजनक क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है, जहां रहना और काम करना उनके लिए अत्यंत कठिन है। विधायक ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि तत्काल तबादला माफिया की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### हॉर्टीकल्चर सर्विसेज एसो. ने बागवानी मंत्री के समक्ष रखीं मांगें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हॉर्टीकल्चर सर्विसेज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आज यहां राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी से भेंट की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रंजन शर्मा ने वेतन और रिक्त पदों पर भर्ती संबंधी विभिन्न मांगें बागवानी मंत्री के समक्ष रखीं। नेगी ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। बागवानी मंत्री ने कहा कि विदेशों से प्रशिक्षण प्राप्त करके आए बागवानी विकास अधिकारियों को फील्ड में तैनाती दी जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान-बागवान उनके अनुभव और ज्ञान से लाभान्वित हो सके।

### व्यक्ति ने खाई जहरीली दवाई, मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत किटपल गांव के रवि कुमार (42) पुत्र ज्ञान चंद ने जहरीली दवाई का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार रवि ने बीती शाम जहरीली दवाई का सेवन कर लिया था, परिजन उसे उपचार के लिए नादौन अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज हमीरपुर रैफर कर दिया। हमीरपुर से उसे मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया जहां उसने दम तोड़ दिया। एसएचओ नादौन निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### युवा कांग्रेस ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शिमला जिला युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लिया व राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और ठियोग विधानसभा के विधायक कुलदीप राठौर, वन निगम के उपाध्यक्ष के सिंह खाची व शिमला नगर निगम के मेयर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### स्थायी वीसी की नियुक्ति में सरकार विफल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि अभाविप ओर से प्रदेश सरकार को यह चेतावनी दी जाती है कि राज्य की विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति में की जा रही अनदेखी और लापरवाही को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों, जिनमें हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागवानी विश्वविद्यालय नौणी शामिल है। नैंसी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इस विषय पर लापरवाही दिखाना दुर्भाग्यपूर्ण है। विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि शीघ्रता से सभी विश्वविद्यालयों में पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति की जाए।

### ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी के खिलाफ शिमला में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट सोसायटी के विशाल आर्थिक घोटाले से पीड़ित एजेंटों व ग्राहकों का विशाल प्रदर्शन डीसी ऑफिस शिमला में हुआ, जिसमें मजदूर संगठन सीटू भी समर्थन में आया। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में लगभग 9 राज्यों में सोसायटी कार्यरत थी और सोसाइटी एक्ट में पंजीकृत थी, जो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की गाइडलाइन पर कार्यरत थी। मौका देखते ही सोसायटी के भागने से ब्रांच मैनेजर, प्रमोटर, एजेंट व ग्राहक पीड़ित है, जिनके करोड़ रुपए इसमें फंसे हैं। मेहरा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर व विधायक सतपाल सत्ती सहित दर्जनों अधिकारियों से पीड़ित मिल चुके हैं, कई ज्ञापन सौंप चुके हैं और विजिलेंस विभाग हिमाचल प्रदेश में भी मुकद्दमा दिया गया है, लेकिन अभी तक कोई भी नहीं आए नहीं मिला है। विजेंद्र ने बताया कि दिल्ली के जंतर-मंतर में भी प्रदर्शन हो चुके हैं, अब जिला व ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शनों की तैयारी की जा रही है।

# एम्स बिलासपुर में हिमाचल की पहली रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी सफल

- अस्थि रोग विभाग ने अत्याधुनिक तकनीक से रचा नया इतिहास
- गठिया पीड़ित वृद्ध महिला को मिली नई आशा और चलने की आजादी
- डॉ. रंजीत चौधरी की अगुवाई में सरकारी अस्पताल में पहली बार हुआ कारनामा

शुभम राही, अनंत ज्ञान



**बिलासपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित करते हुए, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर ने हिमाचल प्रदेश की पहली रोबोटिक सहायता प्राप्त पूर्ण घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। यह उपलब्धि एम्स बिलासपुर को प्रदेश का पहला सरकारी चिकित्सा संस्थान बनाती है, जहां इस अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग सफलतापूर्वक किया गया है।

यह सर्जरी एक वृद्ध महिला मरीज पर की गई, जो वर्षों से गंभीर गठिया और घुटने की विकृति से जूझ रही थीं। इस स्थिति ने उनकी चलने-फिरने की क्षमता को बेहद सीमित कर दिया था और जीवन की गुणवत्ता पर भी गंभीर प्रभाव डाला था। रोबोटिक तकनीक की सूक्ष्मता और सटीकता की मदद से, सर्जनों की टीम ने न केवल विकृति को ठीक किया, बल्कि जोड़ की प्राकृतिक संरचना को भी अत्यंत सटीकता से पुनर्स्थापित किया। इस सफल सर्जरी का नेतृत्व एक्स बिलासपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञों डॉ. रंजीत चौधरी, डॉ. गौरव कुमार शर्मा, डॉ. अमित सलारिया और डॉ. देवेंद्र ने किया। एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. विजयलक्ष्मी शिवापुरापु ने संभाली। पूरी टीम ने मिलकर इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को उच्चतम पेशेवर मानकों के साथ पूरा किया। डॉ. रंजीत ने इस उपलब्धि पर कहा कि रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सेवाओं की शुरुआत एम्स बिलासपुर को विश्वस्तरीय अस्थि रोग चिकित्सा के मानचित्र पर स्थापित करती है। अब हम जटिल ट्रॉमा, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी और खेल चोटों की आधुनिक सर्जरी के साथ-साथ रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण जैसी अत्याधुनिक प्रक्रियाएं भी कर सकते हैं। यह रोबोटिक प्रणाली ऑपरेशन के दौरान रियल-टाइम बैलेंसिंग और जोड़ों की अत्यंत सूक्ष्म एलाइनमेंट की सुविधा प्रदान करती है। इसकी मदद से पारंपरिक तकनीकों की तुलना में बेहतर परिणाम, कम जटिलताएं और मरीज की तेज रिकवरी संभव होती है। इससे रोगियों को ऑपरेशन के बाद जल्दी अपने सामान्य जीवन में लौटने में मदद मिलती है।

डॉ. गौरव कुमार शर्मा ने कहा कि यह तकनीक हिमाचल प्रदेश के हजारों मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। अब उन्हें उन्नत घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए राज्य के बाहर बड़े निजी अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यह सुविधा अब उनके अपने राज्य में एक सरकारी संस्थान में उपलब्ध है।

### क्षेत्रीय उत्कृष्टता का केंद्र बनने की दिशा में एम्स बिलासपुर

**यह** उपलब्धि एम्स बिलासपुर को अस्थि रोग चिकित्सा के क्षेत्र में एक क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित करती है। इससे न केवल स्थानीय मरीजों को उच्च गुणवत्ता की सेवाएं मिलेंगी, बल्कि पूरे उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों के मरीजों को भी लाभ होगा। एम्स बिलासपुर लगातार नई तकनीकों को अपनाकर और उत्कृष्ट क्लीनिकल सेवाएं प्रदान कर, हिमाचल प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया मानदंड स्थापित कर रहा है। यह सर्जरी न केवल एक तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि सरकारी चिकित्सा संस्थानों में नवाचार और समर्पण की मिसाल भी है।

# तुर्किये सेब की हिमाचलियों पर मार

## सीएम सुक्खू ने पीएम को पत्र लिख आयातित सेब पर 100 % शुल्क लगाने की लगाई गुहार

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान



**शिमला।** सीएम सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तुर्की से सेब के आयात को हतोत्साहित करने और हिमाचल के सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा करने के लिए सेब पर आयात शुल्क 50 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 100 प्रतिशत करने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि आयातित सेब पर मात्रात्मक प्रतिबंध भी लगाया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देश के सेब राज्य के रूप में जाना जाता है और यहां उत्पादित सेब अपनी मिठास के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। सेब राज्य की प्रमुख नकदी फसल है और इससे लगभग 4500 करोड़ रुपए की वार्षिक आय अर्जित होती है। सेब की फसल से लगभग 10 लाख मानव दिवस सृजित होते हैं, जिससे 2.50 लाख से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत में लगभग 31 देशों से सेब का आयात किया जाता है। वर्ष 2024 के दौरान लगभग 5.19 लाख मीट्रिक टन सेब आयात किए गए, जबकि वर्ष 1998 के दौरान 1100 मीट्रिक टन सेब का आयात किया गया था जो तुलनात्मक रूप से 500 गुना अधिक है।

### 2024 में तुर्किये सेब आयात का 23 फीसदी रहा हिस्सा

**वर्ष** 2020 के दौरान तुर्की से आयातित सेब की हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की गई और वर्ष 2023 के दौरान 1.29 लाख मीट्रिक टन के साथ सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के दौरान तुर्की से 1.17 लाख मीट्रिक टन सेब का आयात किया गया था, जो कुल सेब आयात का 23 प्रतिशत रहा।

### तुर्किये के सेब बढ़ा रहे देश के सेब उत्पादकों की चिंता

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हाल के वर्षों में भारतीय बाजारों में तुर्की के सेबों की भरमार देखने में आई है। यह देश के सेब उत्पादकों के लिए चिंता का विषय है। तुर्की के सेबों की अधिकता से न केवल स्थानीय सेब उत्पादक प्रतिस्पर्धात्मक रूप से कमजोर होते हैं, बल्कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर के छोटे और सीमांत सेब उत्पादकों की आजीविका पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आगामी दिल्ली दौरे के दौरान वह व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री से तुर्की से खरीदे जा रहे सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने का मुद्दा उठाएंगे।

# एनएचपीसी के विकास के पीछे मानव संसाधन विभाग की प्रतिबद्धताः व्यास



एनएचपीसी में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास व अन्य।

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

- चमेरा-3 पावर स्टेशन में मानव संसाधन दिवस का भव्य आयोजन

**चंबा।** एनएचपीसी के चमेरा-3 पावर स्टेशन में अंतर्राष्ट्रीय मानव संसाधन दिवस का आयोजन उत्साह, ऊर्जा और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास ने किया, जिनकी दूरदर्शिता ने इस आयोजन को एक नई ऊंचाई प्रदान की।

कार्यक्रम का आरंभ कार्यालय के मानव संसाधन अधिकारियों के योगदान को उजागर करते हुए हुआ, जिसमें यह बताया गया कि मानव संसाधन विभाग किसी भी संस्थान की रीढ़ होता है। व्यास ने अपने संबोधन में एनएचपीसी के मानव संसाधन अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनएचपीसी के सतत विकास के पीछे मानव संसाधन विभाग की प्रतिबद्धता, दक्षता और मानवोचित संवेदनाएं ही वास्तविक शक्ति हैं।

हॉल तालियों से गूंज उठा, जब राजिल व्यास ने कर्मचारियों को मानव संसाधन के महत्व को दिल से समझने और अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनका संदेश केवल शब्द नहीं था, बल्कि वह प्रेरणा थी, जो सभी उपस्थिति के भीतर नई ऊर्जा भर गया।

कार्यक्रम में ऑन स्पॉट क्विज, इंटर-एक्टिव डिस्कशन सेशन और मानव संसाधन के विविध पहलुओं पर संवाद आयोजित किया गया। इन सभी गतिविधियों में कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि नेतृत्व जब प्रेरणादायक हो, तो टीम भी समर्पण की मिसाल बन जाती है।

व्यास का नेतृत्व चमेरा-3 पावर स्टेशन के लिए केवल प्रशासकीय नहीं, बल्कि भावनात्मक एवं प्रेरणात्मक स्तंभ बनकर उभरा है। उनके प्रयासों से यह दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक यादगार अनुभव बन गया, जो आने वाले वर्षों तक प्रेरणा देता रहेगा।

# भाजपा ने शोघी और संजौली में निकाली तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा के नेता और कार्यकर्ता।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा हुए शामिल

भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने शिमला ग्रामीण के शोघी एवं शिमला शहरी के संजौली में आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लिया। उनके साथ प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, सह मीडिया प्रभारी प्यार सिंह कंवर, प्रत्याशी रवि मेहता, संजय सूद, सुरेश भारद्वाज, जिला अध्यक्ष केशव चौहान और समस्त मंडल मध्यक्ष उपस्थित रहे।

श्रीकांत शर्मा ने तिरंगा यात्रा के दौरान कहा कि 22 अप्रैल की तारीख को देश कभी नहीं भूल सकता। यह दिन एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन था, जब पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की गई। यह कायराना हमला उन आतंकवादियों द्वारा किया गया, जो पाकिस्तान से भेजे गए थे, जिन्हें पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। इस आतंकी हमले में 25 भारतीय नागरिकों के साथ एक नेपाली नागरिक भी शहीद हुए।

घटना के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के आधिकारिक दौरे पर थे, लेकिन जैसे ही उन्हें इस आतंकी हमले की सूचना मिली, वह तत्काल भारत लौटे और जनता की भावनाओं को समझा और आतंकवाद को मुंह तोड़ जवाब दिया।

# 76 लाख ग्रामीणों के आधार सत्यापन के लिए परिवार रजिस्टर सर्वेक्षण शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- डिजिटल परिवार रजिस्टर होगा तैयार, 24.34 लाख लोगों का सत्यापन पूरा

पंचायतीराज विभाग नई जानकारी दी है कि विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार रजिस्टर सर्वेक्षण आरंभ किया गया है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य प्रदेश के लगभग 76 लाख ग्रामीण नागरिकों का आधार आधारित सत्यापन कर डिजिटल परिवार रजिस्टर तैयार करना है।

अब तक 24.34 लाख लोगों का सत्यापन पूरा हो चुका है, जबकि शेष 51.66 लाख लोगों का सत्यापन कार्य प्रगति पर है। सर्वेक्षण के दौरान परिवार के प्रत्येक सदस्य का आधार कार्ड अथवा फेस स्केन के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। इसके साथ ही राशन कार्ड को परिवार रजिस्टर से जोड़ा जाएगा ताकि सभी जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सके।

यह सर्वेक्षण राशन कार्ड, बीपीएल, पेंशन, आवास योजना जैसे सरकारी लाभों को पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। इसके साथ ही गाय, बैल, भैंस आदि पशुधन का भी पंजीकरण किया जाएगा, जिससे बेसहारा पशुओं की पहचान और बेहतर प्रबंधन संभव होगा।

### लोगों की जानकारी रखी जाएगा गोपनीय

**उन्होंने** ग्रामीण जनता से ग्राम पंचायत सचिव अथवा अधिकृत सर्वेक्षण कर्मियों को उचित जानकारी प्रदान करने में पूरा सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा दी गई जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा और केवल सरकारी योजनाओं के लिए ही उपयोग किया जाएगा। बताया गया है कि कि यह सर्वेक्षण ग्रामीण परिवारों के हितों की रक्षा और सरकारी सेवाओं के लाभ पहुंचाने में बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

# कांग्रेस की देशभक्ति के चोले में तुष्टिकरण की पुरानी फितरत : विवेक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कांग्रेस पार्टी द्वारा तुर्की के सेब को लेकर हो रही राजनीति पर कहा कि

तुष्टिकरण की राजनीति में सियासत तलाशना कांग्रेस की पुरानी आदत है । अब तुर्की के सेब पर हिमाचल में राजनीति शुरू कर दी है। स्वर्गीय नरेंद्र बरागटा ताउम्र सेब और सेब बागवानों के लिए लड़ते रहे और चेतन बरागटा युद्ध विराम के तत्पश्चात तुर्की सेब के आयात पर प्रतिबंध के विषय को लेकर खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल को ज्ञापन देने दिल्ली पहुंचे गए, लेकिन लकड़ी तस्कर बागवान और भू-माफिया राजनीति तलाश रहे हैं।

अगर कांग्रेस में राष्ट्रभक्ति है, तो पत्र लिखें गृह मंत्री को कि प्रधानमंत्री निवास के नजदीक दिल्ली स्थित जिम खाना क्लब और रेस कोर्स के मध्य की सड़क 'मुस्तफा कमाल अतातुर्क' मार्ग जो तुर्की के सर्वप्रथम राष्ट्रपति के नाम पर रखी गई है, का नाम तुरंत प्रभाव से बदलें।

विवेक ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और पार्टी की अध्यक्षा प्रतिभा सिंह इस पर अपना पक्ष भी स्पष्ट करे और बताएं कि वह लोगों से जुड़े मसलों को लेकर कब आवाज बुलंद करेंगे ?

### एसपी शिमला की भूमिका संदिग्ध

# सीबीआई जांच न करवा सुक्खू सरकार किसे रही बचा : जयराम

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

- विमल की संदिग्ध मौत मामले में पूर्व सीएम ने लगाए सनसनीखेज आरोप



**मंडी।** पॉवर कारपोरेशन के इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध मौत मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उन्होंने शिमला के पुलिस अधीक्षक और एक सहायक पुलिस निरीक्षक की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए कई खुलासे किए हैं।

जंजैहली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच के आदेश न देकर आखिर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार किसे बचाने में लगी है? यह आज एक बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि विमल नेगी की संदिग्ध मृत्यु के मामले में हम पहले दिन से कह रहे थे कि प्रदेश सरकार तथ्यों से छेड़छाड़ करेगी, सबूतों को नष्ट करेगी। अब जो तथ्य सामने आ रहे हैं उससे हमारा अंदेशा सही साबित हुआ। हिमाचल के इतिहास में ऐसी चीजें कभी नहीं हुई। विमल नेगी के शव के साथ मिलने वाली पेनड्राइव को रिकॉर्ड डॉक्यूमेंट्स में क्यों शामिल नहीं किया गया? उसे फॉर्मेट करके फॉरेंसिक साइंस लैब को क्यों दिया गया? इसके पीछे कौन से लोग हैं और किसे बचा रहे हैं? क्या इसकी बारीकी से जांच नहीं होनी चाहिए?

उन्होंने कहा कि डीजीपी की रिपोर्ट कह रही है कि एसपी शिमला दो बार बुलाने के बाद भी नहीं आए। जांच में सहयोग नहीं किया। साथ ही यह भी कहा कि एसपी शिमला अनावश्यक रूप से जांच में दखल दे रहे हैं। जांच को प्रभावित कर रहे हैं। एसीएस होम की रिपोर्ट में भी बहुत सारी चीजें हैं, जो बहुत कुछ कह रही हैं।

अब हमें पता चला है कि कोई सहायक पुलिस निरीक्षक जो जांच टीम का हिस्सा भी नहीं है वो इस मामले में बहुत संदिग्ध भूमिका निभा रहा है जिसकी जांच होनी चाहिए। कुल-मिलाकर सार यह है कि सरकार इस पूरे मामले को दबाना चाहती है, इसलिए सरकार इस मामले की सीबीआई जांच करने से भाग रही है।

**श्रद्धांजलि**

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर बोले सीएम सुक्खू-कमजोर और वंचितों के उत्थान के लिए हो रहा काम

# हिमाचल में राजीव गांधी के विजन को लागू कर रही सरकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम सुक्खू श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए राजीव गांधी के विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व प्रधानमंत्री के महान योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान किया और भारत की प्रगति को गति देने वाली कई परिवर्तनकारी पहलों की नींव रखी।

उनहोंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल योजना शुरू की है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं और अन्य बुनियादी ढांचे के साथ यह स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सद्भावना चौक छोटा शिमला में राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी आदि ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राजीव गांधी ने देश के नवनिर्माण में अहम भूमिका निभाई : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद करते हुए उनके छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनकी स्मृति में आज का यह दिन देश राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि राजीव गांधी ने देश के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने इस दौरान कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए राजीव गांधी ने अपने प्राणों को निछावर किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में हमेशा याद रखें जाएंगे। इस अवसर पर वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा,शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान, उप महापौर उमा कौशल, पूर्व विधायक आदर्श सूद,युवा कांग्रेस के अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनीता वर्मा सहित कई पार्षद,पार्टी के वरिष्ट नेता मौजूद थे।



राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करती प्रतिभा सिंह।

# भाजपा मीडिया प्रभारी अविनाश का बेटा 8 ग्राम चिट्टे समेत दबोचा

बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान



**सिहुंता।** सिहुंता क्षेत्र में ड्रग्स के खिलाफ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। ड्रग्स के काले कारोबार में लिप्त एक आरोपी को पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा है। पकड़ा गया युवक राहुल महाजन, भाजपा के मीडिया प्रभारी अविनाश महाजन का बेटा है, जिसे 8.12 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया गया है।

बीती रात करीब जब पुलिस थाना सिहुंता की टीम ने पातका के पास ड्रंक एंड ड्राइव नाके के दौरान चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। इस दौरान लाहड़ू की ओर से आ रही एक मारुति सुजुकी कार (एचपी38ए-6904) को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन चालक राहुल महाजन, निवासी सिहुंता, जिला चंबा के कब्जे से 8.12 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया।

पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को बुधवार को न्यायालय जेएमएफसी डलहौजी में पेश किया गया, जहां से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से नशे के कारोबार में सक्रिय था और क्षेत्र के युवाओं को इसकी चपेट में ला रहा था। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। मामले की पुष्टि एसएचओ मनोज सिंहुता ने की।

## न्यूज ब्रीफ

### सुलह में माता बाला सुंदरी का 3 दिवसीय मेला 29 से

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह में ऐतिहासिक माता बाला सुंदरी में तीन दिवसीय मेला 29 मई से शुरू होगा। मेले में 31 मई को पहली बार कुश्ती प्रतियोगिता करवाई जाएगी। मेला कमेटी अध्यक्ष अजय चड्ढा व मीडिया प्रभारी जेएस कठियाल ने बताया कि मेले का शुभारंभ 29 को बाजार में बाबा सिद्धरूपी मंदिर से शोभायात्रा के साथ होगा। सुबह माता बाला सुंदरी व बाबा सिद्धरुपी मंदिर में पूजा अर्चना व झंडा रस्म अदा की जाएगी। 31 मई को बड़े मेले का आयोजन किया जाएगा। वहीं, कबड्डी व रस्साकशी का आयोजन होगा। साथ हो 30 व 31मई को सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा।

### डरोह के उपभोक्ता जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, वे 26 मई से पहले अपने बिजली बिल का भुगतान कर दें। उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान ऑनलाइन मोड, गूगल पे, फोन पे तथा पेटीएम के माध्यम से भी कर सकते हैं। बिजली बिल का भुगतान न करने की स्थिति में बिना किसी आगामी सूचना के बिजली का कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। इंजीनियर सुभाष कुमार सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह ने जनता से समय पर बिजली बिल का भुगतान करने की अपील की है।

### नौरा स्कूल के टॉयलेट पर गिरा पेड़



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में दोपहर के लगभग 1:45 पर तेज आंधी और तूफान के कारण एक बड़ा पेड़ स्कूल के टॉयलेट के ऊपर गिर गई। गनीमत यह रही कि वहां कोई नहीं था। इसके चलते एक बहुत बड़ा हादसा टल गया। जब यह हादसा हुआ तो सभी बच्चे अपनी-अपनी कक्षाओं में उपस्थित थे। पाठशाला में अभी भी ऐसे और कई पेड़ हैं, जो गिरने की कगार पर हैं। प्रधानाचार्य प्रेम सागर ने प्रशासन से आग्रह किया है कि जिन पेड़ों से खतरा है, उन्हें जल्द कटवाया जाए।

### खज्जियां में बताए नशे से होने वाले दुष्प्रभाव



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** आइडिया ऑफ भारत फाउंडेशन की ओर से 'नशा मुक्त नूरपुर' अभियान के तहत खज्जियां पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकना तथा समाज में जागरूकता फैलाना रहा। फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपील की। साथ ही, नशे से होने वाले सामाजिक, शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला गया। फाउंडेशन की ओर से भविष्य में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि एक स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सके। इस मौके पर खजियां पंचायत के प्रधान जगदेव सिंह, उपप्रधान बलवान सिंह उपस्थित रहे।

# भिंडरावाला के नारे नहीं होंगे बर्दाश्त : बिट्टा

**कहा- देश-विरोधी पोस्टों और वीडियो को खंगाला जाए**

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** ऑल इंडिया एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने कहा कि हिमाचल में पंजाब से आने वाले पर्यटक आएं, तो उनका दिल से स्वागत होगा, लेकिन अगर मुंह को ढक भिंडरावाला जिंदाबाद के नारे को कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने खालिस्तानी एक्टिविस्ट गुरपतबंत सिंह पन्नू को लेकर कहा कि पन्नू ने हाल ही में एक बयान दिया, जिसमें उसके पीछे पाकिस्तान का झंडा दिख रहा है। एक भी प्रतिक्रिया नहीं दी। यह खालिस्तान, लश्कर और आईएसआई एक ही मेल है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला हुआ, जिसमें 27 हिंदू मारे गए। इस पर सैन्य कार्रवाई करते हुए भारत ने आतंकी अजहर के परिवार को खत्म किया। पाकिस्तान ने पंजाब, अमृतसर के गांवों में ड्रोन चलाए, लेकिन सेना के सुदर्शन-400 ने इन सभी बमों को ध्वस्त कर दिया। पुलवामा अटैक में मारे गए 42 सेना जवानों के बदले में भारतीय सेना ने एयर स्ट्राइक कर आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया। बुधवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में बिट्टा ने कहा कि सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्टों और वीडियो को खंगाला जाए, अगर इनमें कोई आतंकवादी संबंधित पोस्ट व वीडियो हैं, तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने पाकिस्तानी नेता बिलावल भुट्टो के बयान पर कहा कि अब की बार पाकिस्तान पानी के लिए तरसेगा। अब आतंकी हाफिज और अजहर को गोली का जवाब गोली से दिया जाएगा।

## शहीद मेजर पवन जरियाल के परिजनों से मिलकर दी सांत्वना

**कहा- बेटे की नौकरी को लेकर होगी सरकार से वार्ता**

अनंत ज्ञान, शाहपुर

**अखिल** भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने बुधवार शाहपुर पहुंचे और उन्होंने शहीद मेजर पवन जरियाल के परिजनों से मिले।

उन्होंने शहीद के पिता पूर्व सैनिक गरजो सिंह, माता किशो देवी, पत्नी सुषमा देवी, पुत्र अभिषेक कुमार, बेटी अनामिका से भी बातचीत की और हरसंभव मदद का भरोसा भी दिया। उन्होंने कहा कि अगर परिवार को अगर किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता पड़ती है, तो वह सीधा उनसे संपर्क करें। उन्होंने परिवार से कहा कि वह बेटे के दस्तावेज तैयार रखें। बेटे की नौकरी को लेकर वह सरकार से बातचीत करेंगे। इस मौके पर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया, पार्षद शुभम शर्मा, आजाद, सचिव प्रदीप दीक्षित, विकास, सुखदेव, विजय कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। बता दें कि मनिंदरजीत सिंह बिट्टा भारत के एक राष्ट्रवादी सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वे अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष हैं। वे पंजाब में बेअंत सिंह की सरकार में मंत्री रह चुके हैं और भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं।



शहीद मेजर पवन जरियाल के परिजनों से मिलते मनिंदरजीत सिंह बिट्टा।

## राजा का तालाब का जीर्णोद्धार कार्य युद्धस्तर पर हुआ शुरू



तालाब के जीर्णोद्धार कार्य की जांच के लिए पहुंचे एसडीएम फतेहपुर।

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान

**फतेहपुर।** विधानसभा फतेहपुर के राजा का तालाब की ऐतिहासिक धरोहर दो हेक्टेयर क्षेत्र में फैले तालाब की जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो चुका है।

एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती जीर्णोद्धार के कार्य की जांच के लिए कार्यस्थल पर पहुंचे। उन्होंने कार्य को सुचारु रूप से आगे बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। नायब तहसीलदार राजा का तालाब सुरजीत सिंह, नेरना पंचायत प्रधान सुशील कुमार व अन्य उपस्थित रहे। प्रथम चरण में तालाब में साम्राज्य स्थापित कर चुकी जकुंभी बूटी और एलिगेटर बीड्स को जेसीबी के माध्यम से गाद सहित निकालकर मध्य भाग में पंद्रह फीट से अधिक गहराई देकर इसे सुंदर झील का आकार देने की प्रक्रिया पर कार्य चल रहा है। घरों से आता सीवरेज का पानी पहली पंक्ति में नाली के माध्यम से बाहर निकालने, दूसरे चरण में चारों ओर लगाई जाने वाली प्रोटेशन बाल जिसका लगभग तीस फीसदी कार्य शेष है, उसको अमलीजामा पहनाया जाएगा। इसके बाद सीवरेज का पानी को तालाब में आने से रोकने की प्रक्रिया पर अमल किया जाएगा।

## पीएम श्री बीटीसी कन्या स्कूल को न किया जाए मर्ज

भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान

**स्थानीय लोगों और छात्राओं ने प्रदेश सरकार से की अपील**

**नूरपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से नूरपुर के सबसे पुराने स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्वॉयज और पीएम श्री बीटीसी गर्ल्स स्कूल को मर्ज किया जा रहा है। इस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बेस को हाई स्कूल बनाया जा रहा है।

नूरपुर ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि यह ब्वॉयज स्कूल सबसे पुराना स्कूल है और ये स्कूल लड़कों के लिए बनाया था और जो पीएम श्री बीटीसी कन्या स्कूल है, वह लड़कियों का स्कूल है।


इस दोनों स्कूलों को मर्ज करने से पहले सरकार को बच्चों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए और इन दोनों स्कूल को मर्ज करने की बजाए ब्वॉयज स्कूल की जर्जर बिल्डिंग को ठीक किया जाए। इसका पुनर्निमाण किया जाए और ब्वॉयज स्कूल को अलग और गर्ल्स स्कूल को अलग रखा जाए। इन्हें मर्ज नहीं किया जाए। स्थानीय निवासी सुदर्शन शर्मा ने कहा कि स्कूलों को मर्ज न किया जाए। इस समय लगभग 400 के करीब छात्राए शिक्षा ग्रहण कर रही हैं और 200 से ज्यादा लड़कों को इस स्कूल में मर्ज किया जाएगा तो यह स्कूल विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त नहीं होगा। इसमें इतनी जगह है ही नहीं।

सुदर्शन शर्मा ने कहा कि मेरा सरकार से यह आग्रह रहेगा कि इस कन्या विद्यालय को अलग ही रखा जाए। छात्राओं का कहना है कि बीटीसी कन्या विद्यालय लड़कियों का स्कूल है और इस स्कूल को कन्याओं के लिए ही रखा जाए और अन्य स्कूल को मर्ज नहीं करना चाहिए।

## झरेट, गदियाड़ा व गगल पंचायत प्रधानों ने बस चलाने को सीएम को लिखा पत्र

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की झरेट, गदियाड़ा, गगल पंचायत के प्रधानों व स्थानीय लोगों ने बस चलाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिया है। उन्होंने कहा कि



गांव झरेट जगियां, खतीण,नलोह, बैसल, भंगाली, लेद, त्रुटिबत्त, खोली, परमार नगर व बल्लाह के चंगर क्षेत्र की ग्रामीण जनता के यातायात के लिए नगरोटा डिपो अथवा पालमपुर डिपो की सुबह-शाम एक बस चलाने का आदेश देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा कि सरकार के खजाने से करोड़ों रुपए का खर्च करके इस सड़क का निर्माण किया था, लेकिन इस रोड पर बस नहीं चलाई गई। लोगों को 6 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करने के बाद बस लेनी पड़ती है। विद्यार्थियों को भी स्कूल, कॉलेज जाने में दिक्कत आती है। ग्रामीणों ने सीएम से अनुरोध किया है कि सुबह नगरोटा डिपो की नगरोटा से 7 बजे चलाकर वया झरेट, धीरा, परौर पालमपुर होती हुई बैजनाथ तक जाए और शाम को 3:30 बजे वापसी 5:00 बजे धीरा से खोली झरेट नगरोटा चलाई जाए, ताकि चंगरक्षेत्र के उपरोक्त सभी गांवों को बस सुविधा उपलब्ध हो सके।

## पशु चिकित्सा विज्ञान में अनुसंधान के लिए भारत वैश्विक मंच पर चमका : डॉ. नवीन



डॉ. अंकित आहूजा ने किया इटली में अंतरराष्ट्रीय भैंस प्रशिक्षण में भारत का प्रतिनिधित्व।

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने बताया कि डॉ. जीसी नेगी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. अंकित आहूजा ने इटली में अंतरराष्ट्रीय भैंस महासंघ की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

डॉ. आहूजा ने गर्भाशय मरोड़, एक जानलेवा प्रजनन स्थिति से उबरने वाली भैंसों में दवा देने के लिए इंट्रासर्विकल मार्ग से जुड़ी एक अत्याधुनिक तकनीक प्रस्तुत करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की। यह तकनीक रिकवरी को बढ़ाती है, सफल प्रसव की संभावनाओं में सुधार करती है और नुकसान को कम करके और आर्थिक लाभ को बढ़ाकर पशुपालकों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है। डॉ. आहूजा की भागीदारी अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ), भारत सरकार से 2.10 लाख रुपए के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय यात्रा अनुदान के साथ-साथ अन्य संस्थानों से अतिरिक्त सहायता के माध्यम से संभव हुई। उन्होंने कहा कि डॉ. अंकित आहूजा हमारे विश्वविद्यालय और देश को बहुत सम्मान दिलाया है। डॉ. आहूजा ने अपने शिक्षकों, परिवार और ईश्वर के निरंतर समर्थन के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रदेश में पशुपालकों के लाभ के लिए वैश्विक अंतर्दृष्टि को लागू करने और राज्य और देश में पशु चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि की।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity अनंत ज्ञान

### एम्स में फैकल्टी के पदों पर भर्ती



- एम्स नागपुर
- आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून
- प्रोफेसर : 11 पद
- एडिशनल प्रोफेसर : 11 पद
- एसोसिएट प्रोफेसर : 18 पद
- असिस्टेंट प्रोफेसर : 18 पद
- aiimsnagpur.edu.in

### आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट में भर्ती

स्टेनोग्राफर ग्रेड - 3, जूनियर असिस्टेंट, टाइपिस्ट, फील्ड असिस्टेंट, एग्जामिनर

- कुल 1620 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि : 2 जून, 2025 से अंतिम तिथिः
- योग्यताः 7वीं, 10वीं, 12वीं पास
- ग्रेजुएशन की डिग्री
- कंप्यूटर नॉलेज
- एज लिमिट : न्यूनतम : 18 साल, अधिकतम : 42 साल
- वेबसाइट aphc.gov.in पर करें अप्लाई

### वायुसेना में 10वीं व 12वीं पास के लिए भर्ती

- कुल 153 पद
- एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : 10वीं, 12वीं पास। संबंधित ट्रेड में सर्टिफिकेट, हिंदी टाइपिंग का नॉलेज
- एज लिमिट: न्यूनतम : 18 वर्ष, अधिकतम : 25 वर्ष

यहां भेजें आवेदन

एयर ऑफिर कमांडिंग, एयर फोर्स स्टेशन अर्जन सिंह, पनगढ़, वेस्ट बंगाल - 713148

एयर ऑफिस कमांडिंग, एयर फोर्स स्टेशन, अंबाला, अंबाला कैंट।

### टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती का मौका



टेरिटोरियम आर्मी ऑफिसर

- कुल 19 पद
- आवेदन करने की अंतिम तिथि: 10 जून, 2025
- आयु सीमा: न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 42 वर्ष निर्धारित
- आवेदन करें : indianarmy.nic.in

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

## विद्यार्थी जीवन में निदानात्मक व उपचारात्मक शिक्षण किसी संजीवनी से कम नहीं

**हर** विद्यालय में कुछ ऐसे विद्यार्थी होते हैं, जो कुछ विषयों को समझने व सीखने में कठिनाई का अनुभव करते हैं और परीक्षा परिणाम में असफल होने के कारण वे पाठशाला का रुख हमेशा के लिए छोड़ देते हैं। अतः शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में निदानात्मक तथा उपचारात्मक शिक्षण अत्यंत आवश्यक है। शिक्षक पहले निदानात्मक शिक्षण की ओर से बच्चों की कठिनाइयों का पता लगाते हैं और उसके तुरंत बाद उपचारात्मक शिक्षण की ओर से उन कठिनाइयों को दूर करके बच्चे को उस विषय में निपुण बनाते हैं। निदानात्मक शिक्षण एक ऐसी शिक्षण प्रक्रिया है, जो छात्रों की सीखने में कमजोरियों को पहचानती है और उपचारात्मक शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में बच्चों की कठिनाइयों और कमियों को दूर करने के लिए विशेष शिक्षण प्रदान करना है।



**लकेश चंदेल (अध्यापक) जिला बिलासपुर**

निदानात्मक-उपचारात्मक शिक्षण एक ऐसी प्रक्रिया है, जो अधिगम के समय बच्चों की उन गलतियों का पता लगाने में सहायता करता है, जो उन्हें किसी विषय वस्तु को पूर्ण रूप से समझने में बाधा बनती हैं तथा फिर उनकी इन गलतियों को दूर करने के लिए आवश्यकतानुसार उन्हें सरल तथा रुचिकर तरीके से अधिगम करवाया जाता है, ताकि वे अपनी सीखने की क्षमता को बेहतर बना सकें। विद्यार्थी जीवन में उपचारात्मक शिक्षण का महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि यह छात्रों को अपनी पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने में मदद करता है। यह उन्हें कमजोर विषयों को मजबूत करने और शैक्षणिक रूप से सफल होने के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करता है। य उपचारात्मक शिक्षण शिक्षक को शिक्षण विधियों में सुधार करने और व्यक्तिगत रूप से छात्रों की मदद करने का अवसर प्रदान करता है। शिक्षक अवलोकनों के माध्यम से यह पता लगाते हैं कि किन क्षेत्रों में बच्चा कमजोर है और सी आधार पर व्यक्तिगत शिक्षण योजनाएं बनाई जाती हैं। खेल-गतिविधियों और व्यावहारिक अभ्यासों का उपयोग करके रुचिकर तरीके से पढ़ाया जाता है।

### निदानात्मक एवं उपचारात्मक शिक्षण से होने वाले लाभ

*● शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान छात्रों के अधिगम में आने वाली कठिनाइयों का पता लगाया जा सकता है। ● छात्रों की अधिगम संबंधी सभी कठिनाइयों को दूर किया जा सकता है। ● शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल, प्रभावी तथा रुचिकर बनाया जा सकता है। ● विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या को कम किया जा सकता है। ● बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। ● शुरुआती दौर में ही छात्रों की कमियों को भांप लिया जाता है। परिणामस्वरूप भविष्य में होने वाली त्रुटियों से छात्र बच जाते हैं। ● एक अच्छे समाज का निर्माण होता है। ● शिक्षण अधिगम का उद्देश्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा सकता है।*

## भावनात्मक रूप से मजबूत बनें और आगे बढ़िए

**भावनात्मक** मजबूती का अर्थ है तनाव, आलोचना, असफलता और विषम परिस्थितियों के समय खुद को नियंत्रित रख पाने की क्षमता। यह व्यक्ति को आत्मविश्वास से भरती है, उसे निराशा से उबरने की शक्ति देती है और कठिन परिस्थितियों में भी संतुलित निर्णय लेने में मदद करती है। हमें यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि जीवन में कोई भी परिस्थिति स्थाई नहीं होती, यह मात्र एक स्थिति होती है जिसका हमें संयम और सामर्थ्य के साथ सामना करना होता है किसी भी प्रकार के लक्ष्य प्राप्ति में लक्ष्य, समयसीमा और प्रदर्शन का दबाव होता है। भावनात्मक रूप से मजबूत व्यक्ति इस दबाव को अवसर में बदल सकता है। एक स्थिर मन बेहतर निर्णय ले सकता है, जो करियर में प्रगति के लिए आवश्यक होता है। हर दिन 5-10 मिनट शांत बैठकर सोचें कि आपके दिन में क्या अच्छा और क्या बुरा हुआ, और आपने कैसे प्रतिक्रिया दी। इससे आप अपने व्यवहार को समझ पाएंगे। नकारात्मक सोच, लोगों की आलोचना और तुलना से बचें। खुद की तुलना सिर्फ अपने बीते कल से करें और अपने आप को बेहतर बनाने का प्रयास करें। नियमित व्यायाम, योग और ध्यान भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में अत्यंत सहायक होते हैं। अपने विचारों को शांत, स्पष्ट और सकारात्मक तरीके से व्यक्त करना सीखें। इससे तनाव की स्थिति में भी संचार बाधित नहीं होता। असफलता को सीखने का अवसर मानें, न कि अपने आप को अक्षम और हर असफलता एक सीढ़ी होती है सफलता की ओर न कि एक स्थाई परिणाम। ऐसे लोगों से मिलें, किताबें पढ़ें और जिन लोगों ने कठिन और विषम परिस्थितियों में जीवन में संघर्ष कर के अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है, उनसे प्रेरणा लें कि भावनात्मक मजबूती ने उन्हें किस तरह सफल बनाया। जब मन स्थिर और भावनाएं संतुलित हों, तो आप अपनी रुचियों क्षमताओं और कमजोरियों और अवसरों का मूल्यांकन बेहतर तरीके से कर सकते हैं। अतः अपने आपको भावनात्मक रूप से मजबूत बनाएं और जीवन में उत्कृष्टता पाएं।



**विक्रम वर्मा प्रवक्ता अंग्रेजी चंबा, हिमाचल प्रदेश**

***जीवन में सफल और सक्षम बनने के लिए मनुष्य को विभिन्न पहलुओं पर अपने आप को सक्षम और समर्थ बनाना अनिवार्य होता है। सफलता केवल डिग्रियां और अनुभव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक बेहद महत्वपूर्ण पक्ष होता है भावनात्मक मजबूती। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में सिर्फ शैक्षणिक योग्यता ही काफी नहीं, जब तक व्यक्ति मानसिक रूप से स्थिर और भावनात्मक रूप से मजबूत न हो। भावनात्मक मजबूती आपके करियर निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है और इसे निरंतर अभ्यास की ओर से विकसित किया जा सकता है।***

## स्कॉलर्स यूनिफाइड ने एडवांस स्टडी के कारण नई पीढ़ी के स्कूल की बनाई पहचान

**ऊना** जिले में ऐसा शिक्षण संस्थान जो अपने नाम के अनुरूप कार्य भी कर रहा है। इस संस्थान ने अपने शुरुआत के समय से ही शिक्षा की गुणवत्ता को कायम करते हुए अपना सिक्का जमाया है। हम ऊना के स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल की बात कर रहे हैं। यह स्कूल कई मायनों में दूसरों से अलग है। एक बात कहें स्कॉलर्स यूनिफाइड द स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जो नई और अगली पीढ़ी का स्कूल है। इसका स्पष्ट दृष्टिकोण अलग तरह का शैक्षिक अनुभव प्रदान करना और युवा बच्चों को दुनिया के जिम्मेदार नेता और संवेदनशील नागरिक बनने के लिए तैयार करना है। यहां बच्चों को आधुनिक और संक्षिप्त शिक्षण और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। हमारे स्कूल का उद्देश्य अगली पीढ़ी को अंतरराष्ट्रीय मानकों की शिक्षा के साथ ढालना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धी दुनिया के लिए तैयार हो सकें। स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल का मुख्य लक्ष्य बच्चे का समग्र विकास है, साथ ही साथ उन्हें सक्षम और दयालु नेता बनने के लिए प्रशिक्षित करना है। संकाय प्रत्येक छात्र को सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न रणनीतियों, विविध तकनीकों और दिशानिर्देशों का उपयोग करता है। बच्चों को बिना किसी डर के खुद को अभिव्यक्त करने और अपनी पूरी क्षमता तक विकसित होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। स्कॉलर्स यूनिफाइड पब्लिक स्कूल में प्री-नर्सरी से लेकर यूकेजी तक प्रत्येक कक्षा में पुस्तकों का कोना है और नर्सरी से जमा दो तक के लिए अलग-अलग कक्षा पुस्तकालय हैं। सभी पुस्तकालयों में पुस्तकों की कुल संख्या 30,000 है, जो हर गुजरते दिन के साथ बढ़ती जा रही है। पुस्तकालयों में पाठ्य पुस्तकों और संदर्भ पुस्तकों से लेकर कथा और सामान्य ज्ञान तक के खंड हैं। स्कूल का उद्देश्य सीखने को एक मजेदार प्रक्रिया बनाना है, इसलिए सामान्य विषयों पर पुस्तकों और पत्रिकाओं का वर्गीकरण उपलब्ध है और शौक से संबंधित पुस्तकों यात्राएं, पशु देखभाल, लघु कथाएं, नाटक कविताएं, ज्योतिष और अन्य विषयों पर पुस्तकों के लिए अलग-अलग खंड हैं। स्कॉलर्स यूनिफाइड में सभी कक्षा के कमरे हवादार, विशाल हैं और उनमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार, प्रकाश व्यवस्था है। प्रत्येक कक्षा में छात्रों की संख्या सीमित है ताकि शिक्षक प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान दे सकें। बच्चे के आराम को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कक्षा में सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किया गया फर्नीचर प्रदान किया गया है। प्रत्येक कक्षा की एक अलग रंग योजना है।

स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल सीबीएसई पाठ्यक्रम में छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। पिछले कई सालों से लगभग सभी कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। अनुभवी स्टाफ और सभी सुविधाएं इस स्कूल की मॉर्डन शिक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाती है। शैक्षणिक माहौल ऐसा है कि बोर्ड के परिणाम में टॉपर्स और 90 फीसदी से अधिक अंक पाने वालों छात्रों में होड़ देखी जाती है।



**धीरज शर्मा, प्रधानाचार्य स्कॉलर्स यूनिफाइड ऊना**




*ऊना का स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल।*

## ज्ञान की बात

- झांकी किस जिले का लोकनृत्य है ? **-चंबा**
- हिमालय प्रदेश की लाहौल घाटी के लोकप्रिय नृत्य कौन-से हैं? **-शन व शाबू**
- हाल ही में किसने आधार वेरिफिकेशन में बेहतरीन काम के लिए यूआईडीएआई से दो पुरस्कार जीते हैं? **-मेघालय**
- किस राज्य ने छतों पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सौर मिशन शुरू किया है? **-नागालैंड**
- किसे लेंबोर्गिनी इंडिया का प्रमुख नियुक्त किया गया है? **-निधि कैस्था**
- यूनिफाइड जीनोमिक चिप का विकास किस संगठन ने किया? **-पशुपालन और डेयरी विभाग**
- नागालैंड के नये घोषित जिले मेलुरी में मुख्य रूप से कौन सा जनजाति निवास करता है? **पोचुरी नागा**

# ढलियारा में तूफान से गिरा पेड़, बिजली की तारें टूटीं

## दो पोल टूटे, सड़क पर पेड़ गिरने से लगा जाम, कई क्षेत्रों में बिजली गुल

शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान

**परागपुर।** ढलियारा में बुधवार शाम को तेज तूफान चलने से भारी नुकसान हुआ है। दो बिजली के पोल टूटने से तारें जमीन पर बिछ गई हैं। ढलियारा कॉलेज रोड के पास तेज हवाओं के कारण एक सफेदे का बड़ा पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। इस हादसे के समय कोई भी वाहन वहां से नहीं गुजर रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

पेड़ का बड़ा हिस्सा गिरने से सड़क के नीचे से गुजर रही बिजली की लाइन को भारी नुकसान पहुंचा, जिससे ढलियारा बाजार व आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। पेड़ के टूटने के बाद 20 मिनट तक यातायात ठप हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय जिला परिषद सदस्य ईशान शर्मा ने युवाओं के साथ मिलकर पेड़ की टहनियों को सड़क से हटाया और यातायात को बहाल करवाया। युवाओं की तत्परता और सहयोग से मार्ग जल्द ही सुचारु रूप से खुल सका। बिजली विभाग के एसडीओ मनीष संधू ने बताया कि तेज तूफान के कारण ढलियारा बाजार और साथ लगते अन्य क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली की तारें टूटी हैं, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। क्षेत्र में बिजली के दो पोल भी टूट गए हैं। विभाग की ओर से कर्मचारियों को तुरंत मौके पर भेज दिया है और बिजली बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।



ढलियारा कॉलेज रोड के पास सड़क पर गिरा सफेदे का पेड़।

## न्यूज ब्रीफ

### चांदड़-बमियाल पंचायत में निकाली जागरूकता रैली



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव की चांदड़-बमियाल पंचायत में पंचायत प्रधान अनुपमा कुमारी की अध्यक्षता में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत हंस फाउंडेशन की परियोजना 'वनाग्नि की रोकथाम और न्यूनीकरण' की जानकारी से हुई, जिसे सामुदायिक आयोजक विनीत राणा ने साझा किया। वन विभाग से रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर विनोद कुमार, ब्लॉक अधिकारी पम्मी देवी और फॉरेस्ट गार्ड राकेश कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि वनों में आग लगने की स्थिति में विभाग की किस प्रकार सहायता की जा सकती है एवं किस तरह से उसे बुझाया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई आग लगाता पाया जाता है तो उसकी सूचना विभाग को दें। दोषी के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हंस फाउंडेशन की ओर से कम्युनिटी डेवलपमेंट एवं नर्सरी विशेषज्ञ मुस्कान नेगी तथा आयोजक आकृति, शिल्पा और तान्या भी उपस्थित रहीं।

### आईटीआई नूरपुर में साक्षात्कार 24 को

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नूरपुर में 24 मई, को जालंधर की प्रतिष्ठित कंपनी फूड कोस्ट और एचआर इंडस्ट्रीज लिमिटेड कैंपस साक्षात्कार लेगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नूरपुर के प्रधानाचार्य इंजीनियर संजीव सहोत्रा ने बताया कि यह कंपनियां कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से 18 साल से अधिक उम्र के युवकों को नियमित तौर पर राजेगार प्रदान करेंगी। फीटर, फूड प्रोडक्शन, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल और वेल्डर व्यवसाय के आईटीआई पास अभ्यार्थी भाग ले सकते हैं। लिखित परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और पर्सनल इंटरव्यू के बाद अंतिम चयन होगा। इच्छुक अभ्यार्थी 24 मई को अपने शैक्षणिक ऐवं तकनीकी शिक्षा प्रमाण पत्र के साथ सुबह 10 बजे से पहले राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नूरपुर में पहुंच जाएंगे।

### होनहार छात्रा पलक को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कछियारी की छात्रा पलक ने 12वीं कक्षा के कॉमर्स संकाय की मेरिट में 9वां स्थान हासिल किया है। कछियारी स्कूल में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर पलक को सम्मानित किया गया। पलक पुत्री शशि कुमार और उजला देवी निवासी ललहेड़ का सपना बैंक मैनेजर बनना है। पलक के पिता मेहनत मजदूरी करते हैं। पलक ने बताया कि वह 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती थीं। पलक ने प्रिंसिपल और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

### उपभोक्ता 31 मई तक करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल चड़ी के सहायक अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि विद्युत उपमंडल चड़ी के तहतइ सभी घरेलू एवं होटल वाले उपभोक्ता, जिन्होंने केवाईसी नहीं करवाई है, वे उपभोक्ता विद्युत उपमंडल चड़ी के कार्यालय में 31 मई तक केवाईसी करवा सकते हैं। उपभोक्ताओं को जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड और बिजली का कोई भी नया या पुराना बिल साथ में होना चाहिए। मोबाइल जो आधार कार्ड से जुड़ा हो साथ में रखना होगा। अगर कोई उपभोक्ता केवाईसी नहीं करवाना चाहता तो वह उपभोक्ता भविष्य में बिजली के बिलों में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकते हैं।

### सिद्धपुर, खनियारा में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सिद्धपुर संतोष कुमार ने बताया कि 23 मई को प्रातः 9:30 बजे से सायं कार्य समाप्ति तक 11 केवी खनियारा फीडर के तहत सिद्धपुर, खनियारा, थात्रि, लोअर मोहली, खडौताए पटोला, नड्डी आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने के स्थिति में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने इस क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की।

### धर्मशाला में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण सस्थान कांगड़ा स्थित धर्मशाला की ओर से जिले की बेरोजगार युवतियों को 35 दिन का ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका शुभारंभ मुख्य आतिथि जिला आग्रणी बैंक प्रबंधक रणबीर पृथ्वी ने किया। प्रशिक्षणार्थियों को यूनिफार्म वितरित की गई और स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षणार्थी को खाना-पीना, रहना, यूनिफॉर्म, ट्रेनिंग मैटिरियल आदि संस्थान की ओर से प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थिओं को स्किल डेवेलपमेंट के साथ-साथ ब्यूटी पार्लर के बारे में सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवक एवं युवतियां नजदीक गर्वमेंट कॉलेज ओडिटोरियम सिविल लाइन धर्मशाला, पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कांगड़ा मे संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्थान के दूरभाष नंबर 9459900660 एवं ऑफिस नंबर 01892227122 पर सपंर्क करें।

### श्रीमद्भागवत कथा: नौसहरा में सुनाई अमृत कथा

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** नौसहरा का ऐतिहासिक लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरा दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिला कांगड़ा के पाईसा गांव से पधारे प्रसिद्ध भागवताचार्य आचार्य भवानि शंकर ने अपनी भावपूर्ण शैली में भगवान शिव की ओर से माता पार्वती को सुनाई गई अमृत कथा, सुखदेव मुनि के जन्म और राजा परीक्षित की उत्पत्ति जैसे प्रसंगों का वर्णन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान पूरा परिसर 'हरि नाम संकीर्तन' की गूंज से गुंजायमान रहा। यह आयोजन न केवल धार्मिक अनुष्ठान बनकर रह गया है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण का माध्यम भी बन रहा है।

## दलाईलामा से मिले आरएसएस और वरिष्ठ हिंदू आध्यात्मिक नेता



सिक्योंग डोलमा ग्यारी आरएसएस व वरिष्ठ हिंदू आध्यात्मिक नेताओं से चर्चा करते हुए।

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और वरिष्ठ हिंदू आध्यात्मिक नेताओं का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को दलाईलामा से उनके निवास पर मिला। मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल ने तिब्बत संग्रहालय का दौरा किया, जहां उन्होंने तिब्बती लोगों के समृद्ध इतिहास के बारे में जाना। उन्होंने तिब्बत के वर्तमान हालातों को लेकर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि तिब्बत एक आजाद देश है, जिस पर चीन की ओर से जबरन कब्जा किया है। प्रतिनिधिमंडल का केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) में कार्यवाहक सिक्योंग डोलमा ग्यारी ने स्वागत किया, उनके साथ धर्म और संस्कृति विभाग के अतिरिक्त सचिव कुंगा ग्यालत्सेन भी थे। प्रतिनिधिमंडल में स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती जैसे प्रमुख हिंदू नेता शामिल थे, जो एक सम्मानित युवा संन्यासी हैं और वेदांत, ध्यान और सामाजिक सेवा पर अपनी शिक्षाओं के लिए जाने जाते हैं। श्री कैलाश आश्रम महासंस्थान ट्रस्ट और उससे जुड़ी संस्थाओं के आध्यात्मिक प्रमुख जयेंद्र पुरी स्वामी भी मौजूद थे। यह यात्रा अंतरधार्मिक समझ को बढ़ावा देने और भारतीय और तिब्बती समुदायों के बीच आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने लिया बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन के उद्घाटन की तैयारियों का जायजा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने कांगड़ा घाटी के बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन का दौरा कर वीरवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित 7 करोड़ की लागत से पुनर्निमित रेलवे स्टेशन के वर्चुअल उद्घाटन की तैयारी का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड समय में बैजनाथ रेलवे स्टेशन को तैयार किया गया है। वीरवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रात: 11:00 बजे रेलवे स्टेशन को उद्घाटन करेंगे।

## ओबीसी विरोधी नीतियों के खिलाफ मुखर होगी महासभा

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** अखिल भारतीय क्षत्रिय घृत बाहती चाहंग महासभा ब्लॉक धर्मशाला की मीटिंग अध्यक्ष महासभा ब्लॉक धर्मशाला सुदर्शन अंगारिया की अध्यक्षता में चौधरी जोगिंद्रपाल के निवास स्थान घियाणा कलां में हुई। सभी मौजूद सदस्यों ने सामाजिक कुरीतियों जैसे नशे के विरुद्ध आवाज उठाना, बच्चों को उनके संविधान अधिकार, ओबीसी विरोधी नीतियों का विरोध करने के बारे में गांव-गांव में कमेटियां कठित कर आवाज बुलंद करने का अभियान चलाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा वर्तमान कृषि में बदलाव लाने और उसकी जगह हल्दी, धनिया और दालों की आदि फसलों की बिजाई सुनिचित करने के बारे में विचार-विमर्श किया गया।

## भट्टू में श्मशानघाट को जाने वाला रास्ता बंद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के भट्टू गांव में श्मशानघाट को जाने वाला रास्ता बंद कर दिया है। बताया जा रहा है कि जहां से श्मशानघाट के लिए रास्ता जाता था, उस रास्ते में कुछ लोगों की निजी जमीन आती है, जिसे वहां बंद कर दिया है। अब श्मशानघाट के लिए रास्ता ही नहीं बचा है। लोगों का कहना है कि पूर्व में इस रास्ते का निर्माण मनरेगा के तहत किया गया है, तो ऐसे में इस रास्ते को कैसे बंद किया जा सकता है। इस समस्या के लिए गांव के ग्रामीण एसडीम बैजनाथ के पास पहुंचे और समस्या के हल के लिए मांग की है। लोगों का कहना है कि रास्ते के इंतजाम न होने से किसी की मौत होती है, तो शव को श्मशानघाट तक ले जाना भी मुश्किल हो गया है। प्रधान का कहना है कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बात है। इस मुद्दे पर ग्रामीणों के साथ हैं और संबंधित जमीन के मालिक से बात करेंगे।

## विधायक काजल ने घर जाकर नवाजे होनहार अभय और पलक को दिए 16-16 हजार रुपए



दौलतपुर स्कूल के अभय को प्रदेशभर छठे स्थान पर रहने पर सम्मानित करते विधायक काजल।

आशीष दमीर, अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने प्लस टू बोर्ड परीक्षा में टॉप-10 में स्थान पाने वाले कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के दो विद्यार्थियों को उनके घर जाकर सम्मानित किया।

काजल ने कॉमर्स स्ट्रीम में प्रदेश में छठे स्थान पर रहे दौलतपुर स्कूल के अभय और नौवें स्थान पर रही कछियारी स्कूल की पलक को 16-16 हजार रुपए नकद, स्टेशनरी, बैडमिंटन किट, शॉल और टोपी देकर सम्मानित किया। अभेय कोपढ़ लहाड़ गांव का रहने वाला है। उसके सिर से पिता का साया उठ चुका है। पलक ने भी बोर्ड परीक्षा में नौवां स्थान लेकर अपनी मां उजला देवी, पिता शशि और कांगड़ा क्षेत्र को गौरवान्वित किया। काजल ने कहा कि जब वह पहली बार विधायक बने थे, तब उन्होंने घोषणा की थी कि बोर्ड परीक्षा में टॉप-3 में आने वाले विद्यार्थियों को एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार देंगे।

अब उन्होंने टॉप-10 में आने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया है। भविष्य में 90 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। चंगर कल्याण संघ के अध्यक्ष मोहिंद्र, प्रिंसिपल सेवानिवृत्त किशोरी लाल ने अभेय को 7100 रुपए, वेलफेयर संघ के अध्यक्ष देशराज, सरूप ने दो-दो हजार, जसवंत भंडारी, राज सिंह ने ग्यारह-ग्यारह सौ, अजीत सिंह ने 21 रुपए अभेय को दिए।

## कैंटर की चपेट में आया बाइक सवार युवक, मौत

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** जुगियाल-पठानकोट मार्ग पर चेक पोस्ट नंबर-2 शाहपुरकंडी के नजदीक कैंटर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक को मामूली चोटें आई हैं। ड्राइवर कैंटर को छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान जोए (17) पुत्र दीपक, उच्चा थड़ा कॉलोनी के रूप में हुई है। वह किसी काम के लिए अपने दोस्त के साथ शाहपुरकंडी आया था। जब दोनों युवक चेक पोस्ट नंबर 2 के नजदीक पहुंचे, तो पठानकोट की तरफ से आ रहे कैंटर नंबर पीबी 35 क्यू 8638 के ड्राइवर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिसके चलते बाइक चला रहा जोए कैंटर के पिछले टायर के नीचे आ गया।

स्थानीय लोगों की मदद से उसे रणजीत सागर डैम के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जोए 9वीं कक्षा में पढ़ता था और अपने दादा सरबजीत के साथ उच्चा थड़ा में रहता था। शाहपुरकंडी पुलिस ने दोनों वाहन कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विकास खंडों में लंबित विकास कार्यों को शीघ्र करें पूरा : एडीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एडीएम शिल्पी बेक्टा ने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को लंबित विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बुधवार को डीआरडीए सभागार में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम बेक्टा ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए व नियमित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विकास खंड अधिकारी अपने-अपने ब्लॉक की लोक लेखा समिति की स्थिति का स्टेटस अपडेट करें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री लोक भवन योजना के तहत चल रहे कार्यों को तत्परता के साथ पूरा करवाएं और रिपोर्ट परियोजना अधिकारी डीआरडीए को प्रेषित करें, ताकि मुख्यमंत्री लोक भवन योजना के तहत निर्मित होने वाले भवनों स्थिति का आकलन किया जा सके। स्वयं सहायता समूहों को उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए प्रत्येक ब्लॉक में हिम ईरा शॉप्स खोलने का निर्णय लिया है।

## सीएसआईआर-आईएचबीटी ने मनाया अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस



अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर मौजूद सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर के कर्मचारी।

अनंत ज्ञान, पालमपुर

सीएसआईआर-हिमालयी जैवसंसाधन प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईएचबीटी) पालमपुर ने बुधवार को चाय थीम पर अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया। इसमें आजीविका, स्थिरता और स्वास्थ्य में चाय के योगदान पर प्रकाश डाला गया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बीबीएल बुटेल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कांगड़ा की अर्थव्यवस्था को आकार देने और जीआई (भौगोलिक संकेत) और पीजीआई (संरक्षित भौगोलिक संकेत) टैग के माध्यम से इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गौरव बनाने में चाय की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सीएसआईआर-आईएचबीटी में चाय पर किए जा रहे कार्यों और कांगड़ा चाय उद्योग को पुनर्जीवित करने में इसकी भूमिका की प्रशंसा की। चाय ब्रांड हिमालयन के मालिक राजीव सूद पालमपुर स्थित भारतीय चाय बोर्ड के फैक्टरी सलाहकार हेमराज अग्रवाल ने चाय की विभिन्न किस्मों, उनके स्वादों और एक बेहतरीन चाय बनाने के लिए आवश्यक जानकारी दी। इससे पहले, सीएसआईआर-आईएचबीटी के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने गणमान्य व्यक्तियों और अतिथियों का स्वागत किया और अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने चाय के लक्षण वर्णन, कृषि मशीनीकरण, जर्मप्लाज्म रखरखाव, किस्म विकास, उत्पाद विविधीकरण पर संस्थान के कार्यों के बारे में बताया।

## हिमाचल-पंजाब सीमा पर शराब की 265 पेटी जब्त

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट-हिमाचल सीमा के नंगलभूर थाने की पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक ट्रक से अलग-अलग 265 पेटी अवैध शराब जब्त की गई। ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस थाना नंगल भूर थाने में लाया गया ईटीओ नरिंदर कौर वालिया ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि ट्रक से दूसरे जिलों से अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। मीरथल के पास नाका लगाया हुआ था। जब ट्रक को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें अवैध शराब की पेटियां लदी हुई थीं। नंगलभूर थाने के प्रभारी दविंद्र काशनी ने बताया कि अवैध शराब पठानकोट लेकर जा रहे ट्रक ड्राइवर कमल पठानिया के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## खनन रक्षक भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता टेस्ट 27 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उद्योग विभाग के ज्यूलोजिकल विंग में खनन रक्षक की भर्ती के लिए 27 मई को पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में प्रात: दस बजे शारीरिक दक्षता टेस्ट आयोजित किया जाएगा। जिला खनन अधिकारी कालिया ने बताया कि शारीरिक दक्षता टेस्ट में 100 मीटर, आठ सौ मीटर तथा 1500 मीटर की दौड़ आयोजित करवाई जाएगी। इसके साथ अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता का आकलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खनन रक्षक भर्ती की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए कमेटी भी गठित की गई है ताकि भर्ती प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए।

## कुलपतियों की नियुक्ति करने में सरकार विफल: नैंसी

**कहा- प्रशासन और निर्णय प्रक्रिया हो रही प्रभावित**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने प्रेस बयान में कहा कि सरकार प्रदेश के विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति करने में विफल रही है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति में की जा रही अनदेखी और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागवानी विश्वविद्यालय नौणी शामिल हैं, जहां कुलपति के पद पर स्थायी नियुक्ति नहीं की गई है। अभाविप का मानना है कि किसी भी विश्वविद्यालय की प्रगति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए वहां एक सक्षम, योग्य और स्थायी कुलपति का होना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि जल्द विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति की जाए। यदि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेती है, तो विद्यार्थी परिषद राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगी और छात्र सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज करवाएंगे।

## शिमला ने ऊना को हराकर जीता वॉलीबाल खिताब



विजेता टीम के साथ सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज।

कोहली, अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के रक्कड़ का बाग में एक्सट्रीम ग्राफिक स्थानीय क्लब की ओर से प्रदेशस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कांगड़ा चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

प्रदेश स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट में 10 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच शिमला टीम और ऊना टीम के बीच हुआ। शिमला टीम ने ऊना को हराकर खिताब अपने नाम किया। सांसद भारद्वाज ने स्थानीय ग्राउंड के लिए 4 लाख, क्लब को 11000 नगद राशि भेंट की। वहीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के टॉप 10 में शाहपुर के 12 होनहार मेधावी बच्चों को सम्मानित किया और अभिभावकों और अध्यापकों बधाई दी। इस मौके पर भाजपा नेता जिला महामंत्री राकेश चैहान, भाजपा वरिष्ठ नेता योगराज चड्डा, कमल शर्मा, जिला प्रकोष्ठ देव, संयोजक सत्येंद्र गौतम, शाहपुर मंडल के अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा, शाहपुर लदवाड़ा मंडल की अध्यक्ष सीमा चैधरी, धारकंडी शाहपुर के महामंत्री जन्म सिंह ठाकुर, महामंत्री जसविंदर चैधरी आदि कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

**कार्यक्रम** विधायक ने कई क्षेत्रों का दौरा कर सुनीं जनसमस्याएं, दंगल की तैयारियों को लेकर की बैठक

## मलेंद्र ने किए विकास कार्यों के शिलान्यास

अनंत ज्ञान, इंदौरा

**इंदौरा** विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जनसमस्याओं को सुना और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाएं समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरी हों। इंदौरा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधायक ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात की।

उन्होंने गंगथ स्थित सिद्ध पीठ बाबा क्यालू महाराज जी परिसर में 2 जून से 5 जून तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय दंगल की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में विधायक ने अधिकारियों को पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और स्वच्छता से संबंधित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वहीं, विधायक ने घेटा पंचायत में 5 लाख की लागत से होने वाले तीन विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इनमें हाड़ा गांव में श्मशानघाट का निर्माण कार्य, एंबुलेंस योग्य रास्ता व पक्का रास्ते के निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जनता से संवाद और योजनाओं की धरातल पर क्रियान्वयन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, उसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। वहीं, विधायक राजन ने कंदरौड़ी विश्राम गृह में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




घेटा पंचायत में विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक मलेंद्र राजन।

## बैजनाथ में उठी किशोरी लाल को मंत्री बनाने की मांग

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान



**बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र को वर्षों से मंत्री पद से वंचित रखा गया है।

कई सालों से क्षेत्र को कोई मंत्री नहीं मिला, जिससे क्षेत्र की जनता में गहरा असंतोष है। अब लोगों की मांग है कि क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक किशोरी लाल को मंत्री बनाया जाए। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव कार्तिक राणा का कहना है कि बैजनाथ जैसे सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र को लंबे समय से सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। अब समय आ गया है कि किशोरी लाल जैसे अनुभवी और लोकप्रिय नेता को मंत्री पद देकर इस क्षेत्र को उसका हक दिया जाए। किशोरी लाल ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय काम किया है। जनता का मानना है कि मंत्री पद मिलने से न केवल बैजनाथ का विकास तेजी से होगा, बल्कि समूचे कांगड़ा जिले को इसका लाभ मिलेगा।

## एसडीएम ने की विधायक किशोरी से मुलाकात

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** अनंत ज्ञान उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) बैजनाथ संकल्प गौतम ने विधायक किशोरी लाल से शिष्टाचार भेंट की। विधायक ने हाल ही में नव नियुक्त उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) को उनके नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। उपमंडल क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं, जनकल्याण योजनाओं की प्रगति एवं प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### अन्नाडेल स्कूल में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अन्नाडेल में एसजेवीएनएल के सौजन्य से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान भौतिक परिवेश में स्वच्छता का महत्व के विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में ऐंजल ठाकुर ने प्रथम, रिया चौहान ने द्वितीय और रचित डोगरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि क्रमशः 2000, 1500 और 1000 रुपए प्रदान किए गये। इस अवसर पर अपना विद्यालय- हिप्र स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के तहत विद्यालय की संरक्षिका ममता पॉल, ज़िला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, शिमला के अतिरिक्त एसजेवीएनएल के उप-प्रबंधक नरेंद्र, कनिष्ठ अधिकारी सपना कुमारी और ज़िला समन्वयक (पोषण अभियान) नीरज भारद्वाज उपस्थित रहे।

### रोहडू क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता 6 से

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू।** इंदिरा गांधी खेल मैदान रोहडू में रोहडू क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 जून तक होगा। यह क्रिकेट प्रतियोगिता रात में दुधिया रोशनी में खेली जाएगी। तीन दिवसीय स्पर्धा का आयोजन संजीवनी सहारा समिति के तत्वावधान में छह जून से शुरु होगा। जिसके लिए खिलाड़ियों का आक्शन भी किया जा चुका है। इस प्रतियोगिता में आठ फ्रैंचाइजी में रोहडू, छौहारा, नावर व जुब्बल क्षेत्र के खिलाड़ी शामिल होंगे। फ्रैंचाइजी की ओर से अपनी अपनी टीमों में खिलाड़ियों को निलामी के आधार पर लिया गया है। स्पर्धा में क्षेत्र के ही प्रतिभावान खिलाड़ियों को स्थान दिया गया। प्रतियोगिता में आठ टीमें शामिल की गई हैं। जिसमें हिमालयन ब्याज रोहडू, रायल जुबलियन, फ्रेंडस क्लब मंडलगढ़, चांशल सुपर किंग छौहारा, नेक्सन स्ट्राइकर जुब्बल, रोहडू रेंजरस, नावर लेजेंड व चांशल वारियर छौहारा शामिल है। स्पर्धा की विजेता टीम को दो लाख रुपए तथा उपविजेता टीम को एक लाख रुपए की राशि एवं ट्राफी पुरस्कार के रुप में दी जाएगी। इसके अतिरिक्त भी कई आकर्षक पुरस्कार खिलाड़ियों के लिए रखे गए हैं। स्पर्धा में भाग लेने के लिए 195 खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण करवाया था। जिसमें से 120 खिलाड़ी निलामी में विभिन्न फ्रैंचाइजी द्वारा अपनी अपनी टीमों में खरीदे गए हैं।

### सुकन्या समृद्धि योजना सबसे लोकप्रिय: धर्माणी

**बाबू राम चौहान, अनंत ज्ञान, जुन्गा।** भारत सरकार के डाकघर मंडल सोलन के सौजन्य से बुधवार को मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की पंचायत पीरन में डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता शिविर लगाया। जिसकी अध्यक्षता अधीक्षक डाकघर संदीप धर्माणी ने की। इस मौके पर लोगों के आधार कार्ड भी बनाए गए। अधीक्षक संदीप धर्माणी ने बताया कि समूचे देश में डाकघर द्वारा चलाई जा रही सुकन्या समृद्धि योजना सबसे ज्यादा लोकप्रिय हो रही है जिसमें प्रदेश के 85 प्रतिशत कन्याओं को इस योजना के तहत जोड़ा गया है। ईश्वर दास सहायक अधीक्षक ने लोगों को डाकघर बचत बैंक योजनओं बारे विस्तार से जानकारी दी। जबकि डीओ पीएलआई शकुन शर्मा ने पीएलआई और आरपीएलआई के लाभों बारे लोगों को इस योजना के साथ जुड़ने का आग्रह किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान अतर सिंह ठाकुर, कार्यकारी प्रधानाचार्य देविन्दा चौहान, प्रवक्ता कल्पना शर्मा, सचिव राजीव ठाकुर, ग्राम संगठन प्रधान बिमला वर्मा, महिला मंडल प्रधान अनिता मेहता सहित पंचायत के विभिन्न गांवों से लोगों ने भाग लिया ।

### बस किराया बढ़ोतरी पर आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में बस किराए और स्कूल बस पास की दरों में की गई भारी वृद्धि का विरोध तेज होता जा रहा है। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने इस बढ़ोतरी को आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ करार देते हुए तीव्र विरोध दर्ज किया है और चेतावनी दी है कि यदि किराया वापिस नहीं लिया गया तो पूरे प्रदेश में आंदोलन छेड़ा जाएगा। महिला समिति की राज्य अध्यक्ष फालमा चौहान और राज्य सचिव डॉ. वीना वैद्य ने बुधवार को एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि प्रदेश सरकार ने पहले ही अक्टूबर 2024 में शिमला के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के बस पास की दरों में भारी बढ़ोतरी की थी। उस समय पांच किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए पास शुल्क सीधे 910 से बढ़ाकर 1450 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया था। अब मात्र छह माह बाद इसे एक बार फिर 1450 से बढ़ाकर 2500 रुपये कर देना आम अभिभावकों के साथ अन्याय है।

# शिक्षा मंत्री ने दी संपर्क मार्ग की सौगात

## रोहित ठाकुर ने झालटा में 1 करोड़ से निर्मित 'धानसर-शिलोली' संपर्क मार्ग का किया उद्घाटन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** शिक्षा मंत्री एकदिवसीय दौरे पर जुब्बल क्षेत्र के सीमावर्ती गांव धानसर में मौजूद थे, जहां पर उन्होंने ग्राम पंचायत झालटा के अंतर्गत 1 करोड़ की लागत से निर्मित 'धानसर-शिलोली' संपर्क मार्ग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि खनाशनी क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण अंग है और इस पूरे क्षेत्र से उनका एक पारिवारिक और भावनात्मक संबंध है, जिसकी नींव पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर रामलाल द्वारा रखी गयी। ठाकुर रामलाल की प्रदेश के विकास के प्रति एक सकारात्मक सोच थी और यह मानना था कि पहाड़ों के विकास में सर्वाधिक योगदान सड़कों का रहता है।

उन्होंने कहा कि धानसर-शिलोली सड़क न केवल स्थानीय निवासियों को सुविधा प्रदान करेगी, बल्कि इससे सीमवर्ती उत्तराखंड राज्य की कोठीगाड़ क्षेत्र की किराणु और दुचाणु पंचायतें भी लाभान्वित होंगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है, क्यूंकि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में सड़कों का निर्माण सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण और कठिन कार्य है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार इस विषय पर गंभीर है और विशेषकर जुब्बल नावर कोटखाई में सड़कों के निर्माण में अभूतपूर्व कार्य हुआ है, जहां सड़कों के निर्माण में 400 करोड़ रुपए की सर्वाधिक स्वीकृति प्राप्त हुई वहीं पिछले अढ़ाई वर्षों के कार्यकाल में 125 सड़कों की सफल पासिंग की गयी है और विशेष कर खनाशनी क्षेत्र में 3 करोड़ 30 लाख की लागत से 14 विभिन्न सड़कों का निर्माण हुआ है। यह प्रक्रिया निरंतर जारी है और बहुत जल्दी बाकी रह गए क्षेत्रों को भी सड़क से जोड़ा जाएगा।



### कार्यक्रम में इन्होंने दर्ज करवाई उपस्थिति

**इस** अवसर पर ज़िला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, कांग्रेस मंडल पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, निदेशक हिमफेड भीम सिंह झौटा, पूर्व जिला परिषद सदस्य मोतीलाल सिथता, शारदा ठाकुर, जुब्बल कोटखाई युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक कालटा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष कोटखाई अतुल चौहान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष जुब्बल विक्रांत सिथता, स्थानीय एवं साथ लगती पंचायतों के जन प्रतिनिधि, साथ लगते उत्तराखंड के किराणु और दुचाणु पंचायत के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 38 करोड़ से निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना से लाभान्वित होंगी 27 पंचायतें

**रोहित** ठाकुर ने बताया कि विपरीत वित्तीय परिस्थिति होने के साथ प्रदेश को सदी की सबसे बढ़ी आपदा का सामना भी करना पड़ा जहां पर सैकड़ों करोड़ रुपए का नुकसान हमे झेलना पड़ा। इसके बावजूद विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर है। सड़कों के अतिरिक्त बिजली, पेयजल और भवन निर्माण के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व विकास हुआ जिसमे कि 66 केवी सब स्टेशन हटकोटी का लोकार्पण और विभिन्न विद्यालयों के भवन निर्माण कार्य उल्लेखनीय है। इसके अतिरिक्त 38 करोड़ की लागत से उठाऊ पेयजल योजना निर्माणाधीन है, जहां पब्बर नदी से विस क्षेत्र की 27 पंचायतों को पानी दिया जाएगा।

### शिक्षा मंत्री कल गरावग में देंगे सौगातें

**शिक्षा** मंत्री 23 मई को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत बरथाटा के गरावग में केलवी गरावग बलाई सड़क का उद्घाटन तथा सोजला-केलवी-गरावग मार्ग पर 30 मीटर मोटरेबल पुल का शिलान्यास करेंगे। इसके उपरांत वह कार्यकर्ताओं से मिलेंगे व जनता की शिकायतें सुनेंगे।

## रोहित ठाकुर की लोकप्रियता व विकास कार्य से बौखलाहट में भाजपा के छुटभैये नेता: डेरटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने पूर्व भाजपा आईटी सैल के संयोजक चेतन बरागटा को आड़े हाथों लेते हुए कहा हैं कि जब से रोहित ठाकुर प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री बने हैं, तब से चेतन बरागटा पूरी तरह से बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से गत ढाई वर्षों में जुब्बल-नावर-कोटखाई में हुए विकास को देख चेतन बरागटा को कोई मुद्दा नही मिल रहा है, इसलिए क्षेत्र को बदनाम करने के लिए नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं।



डेरटा ने कहा कि दु:खद गुड़िया प्रकरण की आड़ में कोटखाई को पूरे प्रदेश में बदनाम किया गया। उस षड्यंत्र के मुख्य सूत्रधार भाजपा के छुटभैयें नेता रहे और अब उसी तर्ज़ पर जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र को भी बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुर राम लाल स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जुब्बल का अपना एक इतिहास रहा हैं, जिससे क्षेत्रवासी खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं।

## राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर उपायुक्त ने कर्मियों को दिलाई शपथ



राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर उपायुक्त शपथ दिलाते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**उपायुक्त** कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर कर्मचारियों को उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शपथ दिलवाई। उपायुक्त ने कहा कि हम भारतवासी अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं। इसके साथ ही निष्ठापूर्वक हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ लेते हैं। इस दौरान सभी ने मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली।

उल्लेखनीय है कि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। उनकी याद में 21 मई को देशभर में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है और आतंकवाद व हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली जाती है।

## नेरवा के जय लाल को सोलन में मिली बड़ी जिम्मेदारी

**सपना सूद, अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** पिछले 25 सालों से जिला शिमला का प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करवा रहे फ्रेंड्स क्लब नेरवा के महासचिव जय लाल जलपाईक को जिला सोलन में भी एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जय लाल को प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला सोलन का अध्यक्ष चुना गया है। यह चुनाव सोलन में ऑब्जर्वर प्रदीप शर्मा की देखरेख में संपन्न हुए। चुनाव में जय लाल सहित कुल तीन उम्मीदवार भगत जगोता और दीपक ओझा आमने सामने थे। चुनाव में जिला के 146 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के करीब 200 डेलीगेट्स ने भाग लिया। जय लाल को 99 मत मिले, जबकि भगत जगोता 64 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे एवं तीसरे उम्मीदवार दीपक ओझा को महज 20 मत ही प्राप्त हुए। चुनाव में हेमंत कुमार शर्मा को जिला महासचिव की बागडोर सौंपी गई। जय लाल ने उन्हें अध्यक्ष बनाये जाने पर जिला के समस्त प्रवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।



## अतिरिक्त उपायुक्त ने गोद लिए स्कूल का किया निरीक्षण

# अनुशासन से बनती सफलता की राह: वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** सरकार द्वारा प्रदेश के स्कूलों और समाज के बीच बेहतर समन्वय और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए अपना विद्यालय द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम आरंभ किया गया है, जिसके तहत अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने बुधवार को गोद लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संजौली स्कूल का निरीक्षण किया।



इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी कक्षाओं में बच्चों के साथ वार्तालाप किया। इसके साथ ही स्कूल के वार्षिक परिणाम के बारे में भी रिपोर्ट ली। बच्चों से रू-ब-रू होते हुए अभिषेक वर्मा ने कहा कि जीवन में अनुशासन सबसे अधिक भूमिका निभाता है। छात्र जीवन से जो अनुशासन में रहना सीख लेता है, वह सफलता की राह पर चलता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्कूलों और समाज के बीच बेहतर समन्वय और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए अपना विद्यालय-द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम शुरू किया है, जिसके तहत जिला के 100 अधिकारियों ने स्कूलों को गोद लिया है। हर महीने अधिकारी स्कूलों में जा रहे है और विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहे है।

### संजौली स्कूल में बेहतर शिक्षा व्यवस्था की जाएगी विकसित

**अतिरिक्त** उपायुक्त ने कहा कि उनका लक्ष्य भी यही है कि संजौली स्कूल में बेहतर शिक्षा व्यवस्था विकसित हो सके। इसके अलावा यहां के बच्चे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वह नशे से दूर रहे और खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें।

# घुमारवीं का बस स्टैंड बना नशेड़ियों का अड्डा

## शाम ढलते ही यहां लगना शुरू हो जाता नशेड़ियों का जमावड़ा

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** बस स्टैंड घुमारवीं नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। शाम ढलने के बाद यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगना आम बात हो गई है। ये लोग बस स्टैंड के रेन शेल्टर के आसपास बैठकर खुलेआम शराब का सेवन करते हैं और हुड़दंग मचाते हैं। अब स्थिति यह हो गई है कि दिन के समय भी इनका हुड़दंग देखा जा सकता है।

बुधवार दोपहर को कुछ नशेड़ी बस स्टैंड के समीप बनी पानी की टंकी के पीछे बैठकर शराब पी रहे थे और गाली-गलौज कर रहे थे। इनकी हरकतों से पास हीरेन शेल्टर में बैठी महिलाओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा और उन्हें वहां से उठकर जाना पड़ा। दुकानदारों को जब इसकी जानकारी मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। दुकानदारों को देखकर नशेड़ी वहां से फरार हो गए। इसके बाद परिवहन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों का कहना है कि ऐसी घटनाएं अब रोजमर्रा की समस्या बन चुकी हैं। विभाग का कहना है कि इस समस्या के समाधान के लिए पुलिस विभाग को कई बार सूचित किया है। उन्होंने पुलिस से बस स्टैंड पर पुलिसकर्मी की नियमित ड्यूटी लगाने को भी कहा है। बस स्टैंड स्थानीय पुलिस थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद यहां आए दिन छेड़छाड़, चेन स्नेचिंग और लड़ाई-झगड़े की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि घुमारवीं बस स्टैंड पर नियमित रूप से पुलिसकर्मी की तैनात किया जाए। सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए और शराबियों व उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



बस स्टैंड में शराब पीने के बाद फेंकी बोतलें।

> बस स्टैंड पर नशेड़ियों का हुड़दंग अब आम बात हो गई है, इन्हें रोकने पर यह झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। यात्रियों की सुरक्षा के चलते पुलिस से कई बार बस स्टैंड पर एक पुलिस कर्मचारियों की नियमित गश्त लगाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कारवाई नहीं की गई है।
>
> **जयपाल मन्हास, बस अड्डा प्रभारी, घुमारवीं**

## स्वयं भी सीखें और बच्चों को भी सिखाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस इकाई के साथ प्रथम संस्था की ओर से 'कमाल का कैंप' ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने किया। एनएसएस इकाई ने कहा कि प्रथम संस्था की ओर से चलाई गई यह मुहिम अत्यंत सराहनीय है। यह कार्यक्रम एनएसएस स्वयंसेवियों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। इस कैंप की ओर से आप स्वयं भी सीखें और बच्चों को भी सिखाएं तथा बच्चों के साथ खुद भी आगे बढ़े। प्रथम संस्था की समन्वयक ममता चंदेल तथा उनके सहयोगी वंदना कुमारी तथा पुनीत ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य पांचवीं से आठवीं कक्षा तक के बच्चों का गणित के प्रति रुझानों को अधिक बढ़ाना है।

## धर्माणी ने किया गाहर स्कूल के अतिरिक्त भवन का उद्घाटन



गाहर स्कूल में अतिरिक्त भवन का उद्घाटन करते मंत्री राजेश धर्माणी।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**प्रदेश** सरकार में नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने गाहर स्कूल में 40 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित नए अतिरिक्त भवन का विधिवत उद्घाटन किया।

इस भवन में चार आधुनिक कक्ष शामिल हैं। साइंस रूम, कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी रूम और आर्ट एंड क्राफ्ट रूमजो विद्यार्थियों की समग्र शैक्षणिक और रचनात्मक विकास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निर्मित किए गए हैं। मंत्री धर्माणी ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस नए भवन से छात्रों को न केवल पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा, बल्कि विज्ञान, तकनीक, कला और साहित्य जैसी विविध गतिविधियों में भी उनकी भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में नित नये प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास संतुलित रूप से हो सके। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को इन दोनों क्षेत्रों में प्रेरित करें।

## रोटरी क्लब बिलासपुर ने डीसी से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रोटरी क्लब बिलासपुर के प्रतिनिधिमंडल ने रोटरी क्लब प्रधान सुनित गुप्ता की अगुवाई में बुधवार को नए डीसी राहुल कुमार से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन को सभी रचनात्मक कार्यों में अपना सहयोग देने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को जिले में की गई अपनी रचनात्मक गतिविधियों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत 5 वर्षों के दौरान रोटरी क्लब बिलासपुर शहर में करीब 25 लाख रूपए की राशि के सेवा कार्य कर चुका है, जिसमें चंपा पार्क, कॉलेज चौक सहित कई स्कूलों में वाटर कूलर लगवाना, अस्पताल में वाटर प्योरिफायर लगवाना शामिल है। इसके अलावा अपंग व गरीब युवती की स्वरोजगार के लिए लैपटॉप देकर मदद की है। इसके अतिरिक्त चंपा पार्क व अस्पताल के पार्कों का सौंदर्यीकरण व साफ-सफाई भी रोटरी क्लब करवा रहा है। डीसी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन भी रोटरी के सेवा कार्यों में यथासंभव सहयोग देगा।



### हिंदू रक्षा मंच ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिंदू रक्षा मंच जिला बिलासपुर की ओर से जिला उपायुक्त बिलासपुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि घुमारवीं बीच बाजार में एक बंदूक की दुकान है, उसके कारण वहां आसपास का समाज बहुत ही डरा हुआ है, क्योंकि इस बंदूक की दुकान के बिलकुल सामने हिमाचल पथ परिवहन निगम का तेल का डिपो है। बस अड्डा होने के कारण बसों की आवाजाही लगातार रहती है। यह दुकान जहां है, उसके नजदीक एक मंदिर भी है जहां पर भक्तों का आना जाना लगा रहता है। यही से तहसील के लिए भी रास्ता है। मंच ने ज्ञापन के माध्यम से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से मांग की कि बंदूक की दुकान को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार,प्रांत आर्थिक व्यवस्था प्रमुख जयपाल,संजीव कुमार,अमरीक सिंह,उत्कर्ष द्विवेदी,नवीन कुमार,सतीश चंद्र उपस्थित रहे।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से लोकतंत्र होगा और मजबूत: जीतराम कटवाल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**बार** एसोसिएशन घुमारवीं की ओर से बुधवार को न्यायालय परिसर स्थित बार हॉल में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लेखराम नड्डा ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं सह संयोजक झंडूता विधायक जीतराम कटवाल उपस्थित रहे। पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सेमिनार में भाग लिया।

जीतराम कटवाल ने कहा कि देश में बार-बार होने वाले चुनाव न केवल समय और संसाधनों की बर्बादी करते हैं, बल्कि इससे प्रशासन और विकास कार्यों पर भी असर पड़ता है। एक राष्ट्र-एक चुनाव जैसी व्यवस्था लागू होने से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी और देश को सुशासन मिलेगा। एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है, जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और कुशल बना सकता है। इससे न केवल सरकार के कार्यों में निरंतरता आएगी, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी सुदृढ़ होगी। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि यदि सभी चुनाव एक साथ हों तो नीति निर्माण में स्थिरता आएगी और लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव को एक साथ आयोजित करना है, ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत में हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। सेमिनार में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, बुद्धिजीवी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस विषय पर गहन चर्चा कर इसे समय की आवश्यकता बताया।

## एम्स बिलासपुर में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में ग्रीष्मकालीन अवकाश की शुरुआत हो चुकी है। संस्थान प्रबंधन ने डॉक्टरों के अवकाश को दो चरणों में विभाजित किया है, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य रूप से जारी रह सकें। ग्रीष्मकालीन अवकाश 16 मई से 15 जुलाई 2025 तक रहेगा। इस अवधि में संस्थान के विभिन्न विभागों के चिकित्सक दो चरणों में अवकाश पर रहेंगे। पहला चरण 16 मई से 14 जून तक और दूसरा चरण 16 जून से 15 जुलाई तक चलेगा। संस्थान प्रबंधन ने आश्वस्त किया है कि दोनों चरणों में डॉक्टरों के अवकाश की योजना इस प्रकार बनाई गई है कि मरीजों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इमरजेंसी, ओपीडी, इंडोर सेवाएं और आवश्यक सर्जरी जैसी सभी सेवाएं पूर्ववत चालू रहेंगी। एम्स प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विभागीय समन्वय से डॉक्टरों की मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी।

**अनदेखी** लोगों ने जताया रोष, बोले—सिर्फ नाम का 'आदर्श', डॉक्टरों व उपकरणों की कमी

# झंडूता आदर्श अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की कमी




झंडूता उपमंडल में स्थित आदर्श अस्पताल

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** हिमाचल प्रदेश के झंडूता उपमंडल में स्थित आदर्श अस्पताल जो एक समय पर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का आदर्श उदाहरण बनने के उद्देश्य से चयनित किया गया था, आज मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। इसके चलते स्थानीय लोगों में रोष और इसे सिर्फ नाम का आदर्श अस्पताल करार दे रहे हैं। स्थानीय निवासी लखनपाल शर्मा ने बताया कि सरकार ने इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को आदर्श अस्पताल का दर्जा तो दे दिया, लेकिन अस्पताल में जो सुविधाएं और मानव संसाधन होने चाहिए, वे पूरी तरह नदारद हैं।

डॉक्टरों की भारी कमी है। स्वीकृत पदों में से आधे भी नहीं भरे गए हैं। यहां दंत चिकित्सा के लिए एक्स-रे मशीन नहीं है और नेत्र रोग विशेषज्ञ की भी लंबे समय से नियुक्ति नहीं हुई। पहले एक नेत्र चिकित्सक कुछ समय के लिए आए थे, लेकिन उनके स्थान पर आज तक किसी को नियुक्त नहीं किया गया। गर्भवती महिलाओं, वृद्धों और गंभीर रोगियों को अकसर जिला अस्पताल बिलासपुर या अन्य निजी संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव के बुजुर्ग रामस्वरूप ठाकुर ने कहा कि आदर्श अस्पताल का मतलब है कि यहां सभी जरूरी सुविधाएं हों, विशेषज्ञ डॉक्टर हों, लैब और दवाएं समय पर मिलें, लेकिन यहां तो हालात दिन-ब-दिन खराब होते जा रहे हैं। सरकार को सिर्फ नाम बदलने की बजाए धरातल पर सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए।

> अस्पताल में फिलहाल तीन डॉक्टर नियमित रूप से सेवाएं दे रहे हैं। स्टाफ की कमी के बावजूद 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। हाल ही में आठ स्टाफ नर्सों की भर्ती की गई है। ईसीजी मशीन जो कुछ समय से खराब थी, अब उसे ठीक कर लिया गया है। दो नए डॉक्टरों की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन वे जवॉइन नहीं कर पाए। सरकार को सूचित कर दिया गया है और जल्द नए डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी।
>
> **-डॉ. परमिंदर, खंड चिकित्सा अधिकारी।**

## एम्स बिलासपुर में भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग की ओपीडी सेवाएं शुरू

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग की बाह्य रोगी सेवाएं (ओपीडी) शुरू कर दी हैं। यह विभाग लकवा, रीढ़ की हड्डी की चोट, हड्डी जोड़ संबंधी समस्याएं, मांसपेशियों की कमजोरी, गठिया, पुराना दर्द, अंगों में विकृति, दुर्घटनाओं के बाद की स्थिति और बच्चों में पाई जाने वाली विकलांगता जैसे रोगों का इलाज करता है। ओपीडी सेवाएं हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। मरीजों को कमरा संख्या बी736, चौथी मंजिल, बी ब्लॉक में देखा जाएगा। एम्स बिलासपुर ने जनसाधारण से अपील की है कि वे इन सुविधाओं का लाभ लेने के लिए निर्धारित समय पर ओपीडी में आएं और पुनर्वास की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### कृषि मंत्री का सर्किट हाउस चंबा में स्वागत



**अनंत ज्ञान, चंबा।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार का स्वागत वीरवार को चंबा के सर्किट हाउस में ऐतिहासिक रूप से हुआ। इस अवसर पर चंबा सदर विधायक नीरज नैयर, एचआरटीसी बोर्ड के निदेशक सुरजीत भरमौरी, कांग्रेस के कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत प्रधान और आम जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक नीरज नैयर और निदेशक सुरजीत भरमौरी ने मंत्री के साथ विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की और किसानों-पशुपालकों के लिए ठोस योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की।

### टपून में 103 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, चंबा।** आयुष विभाग चंबा की मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम द्वारा ग्राम पंचायत टपून में बुधवार को एकदिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 103 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। यह शिविर जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुखविंदर कौर के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को घर के समीप गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना था। शिविर में शुगर टेस्ट, हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड प्रेशर माप, सहित अन्य सामान्य रोगों की जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों की स्थिति के अनुसार फ्री दवाइयों का वितरण किया और साथ ही स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किए। इस शिविर की खास बात यह रही कि योग को भी प्रमुखता दी गई – लोगों को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई, योगाभ्यास करवाए गए और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त आयुर्वेद से संबंधित जागरूकता सामग्री भी लोगों में वितरित की गई।

### आयुषी दिल्ली में बनी नर्सिंग अधिकारी

**अनंत ज्ञान, गोहर।** उपमंडल की बेटी आयुषी ने दिल्ली में नर्सिंग अधिकारी बनकर अपनी सफलता का परचम लहराया है। आयुषी ने ऑल इंडिया 329वें रैंक के साथ एम्स की इस परीक्षा को पास किया है। बेटी की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। घर व सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। आयुषी की इस सफलता में सबसे बड़ा योगदान उनके व्यवसायी पिता जगदीश गुप्ता का है। आयुषी ने बताया उन्होंने हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, जिस वजह से आज वह इस मुकाम तक पहुंची है। बताया कि उनकी पहली पसंद दिल्ली एम्स ही थी, जहां अब वह बतौर नर्सिंग अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रदान करेगी।

### चैलचौक में तूफान से धराशायी हुआ पुराना पेड़

**अनंत ज्ञान, गोहर।** गोहर उपमंडल के चैलचौक क्षेत्र में बुधवार को अचानक आए तेज तूफान के कारण एक पुराना पेड़ धराशायी हो गया। सौभाग्यवश इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जबकि पेड़ के पास खड़ी तीन गाड़ियां भी सुरक्षित बच गईं। पेड़ गिरने से बिजली विभाग की मेन लाइन के तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे चैलचौक और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर लाइन बहाल करने में जुटे हुए हैं। स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग और प्रशासन से मांग की है कि चैलचौक से सब्जी मंडी तक स्थित ऐसे पुराने पेड़ों की समय रहते जांच कर उन्हें हटाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# कृषि मंत्री ने किसान परामर्श केंद्र भवन की दी सौगात

## मैहला में 67 लाख से बने भवन का किया लोकार्पण, किसानों को अब एक ही छत के नीचे मिलेंगी विशेषज्ञों की सलाह व जानकारी

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** प्रदेश में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने बुधवार को पंचायत मैहला में 67 लाख रुपये की लागत से निर्मित किसान परामर्श केंद्र एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस भवन के माध्यम से किसानों को अब एक ही छत के नीचे विशेषज्ञों की सलाह, योजनाओं की जानकारी तथा विभिन्न सेवाएं उपलब्ध होंगी।

इस दौरान प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार सीमित संसाधनों के बावजूद सभी वर्गों के कल्याण और राज्य के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि प्राकृतिक खेती से जुड़ने वाले किसानों को अब बेहतर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया जाएगा। प्राकृतिक रूप से उगाई गई गेहूं के लिए MSP को 40 रुपए से बढ़ाकर 60 रुपए प्रति किलो, मक्की के लिए 30 से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति किलो, कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलो और चंबा जिला के पांगी क्षेत्र में उत्पादित जौ के लिए 60 रुपए प्रति किलो तय किया गया है। मंत्री ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 जून तक प्राकृतिक खेती से जुड़ने वाले सभी किसानों का पंजीकरण कार्य पूर्ण किया जाए।

इस अवसर पर विधायक नीरज नैय्यर ने किसानों, बागबानों और पशुपालकों की आर्थिकी सुदृढ़ करने हेतु राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने कृषि मंत्री से विभाग में खाली पदों को शीघ्र भरने की मांग की तथा फूलण, भरेष, कोदरा जैसी स्थानीय कृषि फसलों के बीज किसानों को उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से अपनी पारंपरिक और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील भी की।

इस अवसर पर सुरजीत भरमौरी (सदस्य निदेशक मंडल, राज्य पथ परिवहन निगम), एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, मंडल अभियंता कृषि अमित मोदगिल, उपनिदेशक कृषि डॉ. भूपेंद्र कुमार, आत्मा के उपनिदेशक डॉ. ओम प्रकाश एवं डॉ. महिमा, पशुपालन उपनिदेशक डॉ. मुंशी कपूर, परियोजना प्रबंधक जायका डॉ. भानु प्रताप, विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. विकास कपूर, डॉ. शिवानी राणा, डॉ. मनोज ठाकुर, स्थानीय पंचायत प्रधान राधा देवी और उपप्रधान भुवनेश कटोच सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार किसान परामर्श केंद्र भवन का उद्घाटन करते हुए।

## चौधरी चंद्र कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, चंबा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय चंबा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर की गई। इस मौके पर प्रो. चंद्र कुमार ने राजीव गांधी के संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली प्रधानमंत्री कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि देश की सूचना एवं संचार क्रांति की नींव उन्होंने ही रखी थी। इस अवसर पर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैयर ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आतंकवाद का खात्मा और राष्ट्रीय एकता की मजबूती ही राजीव गांधी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## उपायुक्त कार्यालय में देश की एकता व शांति बनाए रखने की दिलाई शपथ



अनंत ज्ञान, चंबा

**सहायक** आयुक्त पृथ्वी पाल सिंह के नेतृत्व में बुधवार को आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर चंबा उपायुक्त कार्यालय परिसर में एक गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने की शपथ दिलाई।

सहायक आयुक्त ने शपथ दिलाते हुए कहा कि हम, भारतवासी, अपने देश की अहिंसात्मक परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हुए, सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ लेते हैं। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने और मानव जीवन मूल्यों को खतरे में डालने वाली विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे और उन्होंने भी एक स्वर में देश की एकता और शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। यह दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मनाया जाता है, जिनका 1991 में एक आतंकवादी हमले में दुखद निधन हुआ था।

## बनीखेत में 24 को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सेना के गौरवशाली 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में 24 मई को बनीखेत में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने बताया कि यह यात्रा देश के वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य जनता के बीच देशभक्ति की भावना को सशक्त करना और भारतीय सेना के प्रति आदर व्यक्त करना है। इस तिरंगा यात्रा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यात्रा की शुरुआत भूरु नाग देवता मंदिर परिसर, पद्दर से होगी और मुख्य बाजार से होते हुए बनीखेत बस स्टैंड में इसका समापन होगा। ठाकुर ने बताया कि यह यात्रा न केवल सैन्य बलों के पराक्रम को नमन करने का अवसर होगी, बल्कि यह राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत होगी।

### आत्मनिर्भर बनकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बना जय हिंद स्वयं सहायता समूह

## हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट उत्पादों से कर रही कमाई

अनंत ज्ञान, चंबा

**विकास** खंड मैहला की ग्राम पंचायत करीयां में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जय हिंद स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष दीपावली शर्मा ने बताया कि उनका समूह वर्ष 2019 से पंजीकृत है। समूह की महिलाएं हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के अलावा चंबा रुमाल, अचार, चटनी, पापड़ तथा बड़ियां इत्यादि बनाकर प्रत्येक महिला प्रतिवर्ष लगभग 20 हजार रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। जिससे उनके लिए अपने पारिवार में रोजमर्रा के जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करना आसान हो गया है। अब समूह से जुड़ी महिलाएं न केवल स्वयं व्यावसायिक गतिविधियां कर रही हैं बल्कि साथ लगते गांवों की अन्य महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित व प्रशिक्षित कर रही हैं, जिसके परिणाम स्वरूप साथ लगते गांवों के लगभग 8 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं इंकलाब महिला ग्राम संगठन के अंतर्गत विभिन्न उत्पादों को बनाकर उन्हें स्थानीय बाजार के अलावा प्रदेश व देश के विभिन्न हिस्सों में बेचकर हजारों रुपए की आय अर्जित कर रही हैं। दीपावली शर्मा ने बताया कि वर्तमान में इंकलाब महिला ग्राम संगठन के अंतर्गत जय हिंद स्वयं सहायता समूह, प्रयास स्वंय सहायता समूह, महादेव स्वयं सहायता समूह, आशा स्वयं सहायता समूह, गुरु नानक स्वयं सहायता समूह, साईं स्वयं सहायता समूह, कस्से माता स्वयं सहायता समूह तथा बनी माता स्वयं सहायता समूह कार्य कर रहे हैं। इन सभी 8 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 100 से अधिक महिलाएं विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों को अंजाम दे रही हैं।

### बिक्री के लिए डीआरडीए ने दी है फ्री दुकान

**दीपावली** शर्मा ने बताया कि महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की नियमित बिक्री के लिए डीआरडीए चंबा द्वारा हरदासपुरा में उन्हें एक निशुल्क दुकान दी गई है जिसमें विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों की नियमित बिक्री की जाती है। उन्होंने बताया कि इस दुकान के माध्यम से सालाना लगभग 12 लाख रुपए के उत्पाद बेचे जाते हैं जिससे उन्हें लगभग 2.5 लाख रुपए सालाना लाभ अर्जित हो रहा है। दीपावली शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा हरदासपुरा में डीआरडीए द्वारा दी गई दुकान में एक विशेष प्रिंटिंग मशीन भी लगाई गई है। इस प्रिंटिंग मशीन द्वारा कपड़ों तथा उपहार वस्तुओं इत्यादि पर प्रिंटिंग का कार्य किया जा रहा है जो कि उनकी आय का अतिरिक्त साधन है।

## चौहार व छोटा भंगाल घाटी में बारिश के कारण आलू की फसल हुई खराब

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**एक सप्ताह से दोपहर बाद बारिश, ओलावृष्टि व अंधड़ का प्रकोप जारी**

**बरोट।** मौसम के बिगड़ते मिजाज ने चौहार घाटी तथा छोटा भंगाल घाटी के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। लगभग एक सप्ताह से दोनों घाटियों के दुर्गम गांवों में हर दिन बारिश व अंधड होने से यहां के किसानों की नकदी फसल आलू को विपरीत असर पड़ रहा है। मई माह में मौसम का आलम इस तरह का हो गया है कि लोगों को मौसम के बिगड़ते मिजाज के कारण ठंड से कांपना पड़ रहा है।

बता दें कि दोनों घाटियों में गत लगभग एक सप्ताह से प्रतिदिन दोपहर बाद भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि तथा अंधड़ का प्रकोप जारी चला हुआ है। दोनों घाटियों में बुधवार को भी दिन के समय भारी बारिश व ओलावृष्टि का सिलसिला जारी रहा है, वहीं गत मंगलवार की शाम को भारी बारिश होने के कारण छोटी झरवाड़ गांव के सतपाल की लगभग सोलह हजार बंद गोभी की पनीरियां बारिश के पानी में बह गई है। दोनों घाटियों के दुर्गम गांवों में पक चुकी जौ की फसल की कटाई करने में एक तो देरी हो रही है वहीं दूसरी ओर हर दिन बारिश होने से जौ की फसल काली पड़ रही है। दोनों घाटियों के किसानों में से पवन कुमार, रुप लाल, सतपाल, रागी राम, नरपत, सनी कुमार आदि का कहना है कि मई माह में घाटियों के दुर्गम गांवों में भी गर्मी की तपिश महसूस होती थी, मगर इस बार तो ऐसा लग रहा है कि गर्मी के मौसम में रैन सीजन शुरू हो गया है, जोकि किसानों की खेतीबाड़ी के लिए बेहद घातक है।

## आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में बुधवार को आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मियों ने आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की शपथ ली। इसमें अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शपथ में सभी उपस्थितजनों ने दृढ़ संकल्प लिया कि वे देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में विश्वास रखते हुए, सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। साथ ही मानव समाज में शांति, सामाजिक सौहार्द एवं समझदारी को बनाए रखने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## विस अध्यक्ष पठानिया आज से चंबा के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 22 से 25 मई तक जिला चंबा के प्रवास पर आ रहे हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 21 मई को रात नौ बजे शिमला से सिंहुता पहुंचेंगे। 22 मई को स्वामी श्री हरि गिरि सन्यास आश्रम ककीरा में महारूद्रा यज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल होंगे। । 23 मई को बचत भवन चंबा में मिंजर मेला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पर्यटकों के लिए जोत में सड़क किनारे विकसित की जाने वाली सुविधाओं से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 24 मई को नगर पंचायत चुवाड़ी के पार्किंग और शॉपिंग कांप्लेक्स की आधारशिला रखेंगे। 25 मई को ग्राम पंचायत जोलना में जोलना भटेड़-कोटला संपर्क सड़क का उद्घाटन करने के बाद शाम लाहड़ू में बाबा लखदाता मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित छिंज मेले में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

## गलू में दो युवक 3.29 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट की टीम ने एएसआई संजीव कुमार की अगुवाई में मंगलवार देर शाम नेशनल हाईवे-154 पर गलू में नाका लगाया हुआ था। इसी दौरान मंडी की ओर से आ रही एक बाइक को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान बाइक की सीट के नीचे से 3.29 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इकबाल खान (23), निवासी गांव बीरू, तहसील लडभड़ोल और साहिल (27), निवासी गांव मझवाड़, तहसील जोगिंद्र नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है।

मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ सकीनी कपूर ने कहा कि क्षेत्र में नशे के सौदागरों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जोगिंद्र नगर पुलिस नशा तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**

In the matter of: 1. Sh. Sanjeev Kumar aged about 41 years (DOB 01-01-1984) S/O Sh. Roshan Lal R/O Village Chhanchhehr, P.O. Gangoti, Tehsil Lad Bharol, Distt. Mandi H.P. 2. Rama Devi aged about 33 years (DOB 05-11-1992) D/o Sh. Prakash Chand R/O Village Ward No. 6 Lamehar, P.O. Bharwana. Tehsil Palampur, Distt. Kangra H.P.
Applicants.

**Versus**

General Public Respondents

**Subject: Proclamation for the registration of Marriage under section 15 of special Marriage Act, 1954.**

In the above noted Sh. Sanjeev Kumar and Rama Devi have filed an application on dated 07-04-2025 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 10-02-2025 according to the custom & ritual of Hindu religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.

Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 04/06/2025 The objection received after 04/06/2025 will not be entertained and marriage will be registered accordingly. Issued today on 02/05/2025 under my hand and seal of this court.

**Marriage Officer-cum Sub Divisional Magistrate Joginder Nagar, District Mandi (H.P.)**

**IN The COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP).**

1. Sh Ashish Kumar S/o Sh. Mohinder Singh Village Rachhialu PO Bandi Tehsil Shahpur District Kangra (HP). 2. Smt. Annu Kumari D/o Buchay Rishidev R/O Kandilpur, Ward No 05, Khaira Koshkapur, Pharthi Narpatganj Araria, Bihar.
....Applicants

**V/S**

1. General Public 2. Local Registrar, Gram Panchayat Rachhialu.
Respondents...

**Subject:-Application for the Marriage registration u/s 16 of special Marriage Act, 1954.**

Applicants Ashish Kumar S/o Sh. Mohinder Singh Village Rachhialu PO Bandi Tehsil Shahpur District Kangra (HP) and Smt. Annu Kumari D/o Buchay Rishidev R/o Kandilpur, Ward No 05, Khaira Koshkapur Pharho Narpatganj Araria, Bihar. has filed an application for Registration of their Special Marriage Act, 1954 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage Act 1954 is intended to be solemnized the parties within three calendar month from the date of thereof.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 26-06-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**(Kartar Chand)**
**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, District Kangra**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कवाड़ी
**विकास खंड नगरोटा बगवां , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत कवाड़ी की मासिक वैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पेशकर पारित किया गया कि ग्राम सभा कवाड़ी में वर्ष 2025-2026 निम्न कार्य हेतू मनरेगा, 15वां वित्त आयोग सामान्य, अन्य मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है
1. रेत क्रशर (प्रति फुट) 2. बजरी क्रशर (प्रति फुट) 3. गट्का पत्थर (प्रति फुट) 4. पत्थर फाड़ा (प्रति पत्थर) 5. पत्थर गोला (प्रति ट्राली) 6. पानी का टैंकर (प्रति टैंकर) 7. मिक्कर मशीन (प्रति दिन) 8. जेसीबी मशीन (प्रति घंटा) 9. शटरिंग स्टील (प्रति फुट) 10. सीमेंट ढुलाई (प्रति बैग) 11. सरिया 8,10,12,16एमएम (प्रति किलो) 12. ईंट (प्रति नं.) अतः निविदा दिनांक 04.06.2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत कवाड़ी में पहुंच जानी चाहिए

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कवाड़ी**
**विकास खंड नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत हडल
**विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत के विभिन्न मदों के कार्यों हेतु रेत (crusher, water borne), बजरी (10,20,40mm), बोल्डर, ढुलाई समग्री (रेत, बजरी आदि) कार्य तक सभी प्रति CUM, शटरिंग (लोहा, लकड़ी) प्रति SQFT, सीमेंट ढुलाई (लोडिंग / अनलोडिंग सहित) प्रति बैग नूरपुर से कार्य तक, ईट (A,B), पानी का टैंक, किराया मिक्सर प्रति दिन, लोहा TMT (8,10,12,16 MM), ग्रिल ETC, RCC बेंच, बोर्ड लिखाई सहित, वाल पेंटिंग प्रति sqft, फ्लोर, वाल टाइल, PVC पाइप, PVC पेनल की निविदाएँ आमंत्रित है निविदाएँ 25/5/2025 सांयः 3 बजे तक कार्यालय में जमा करा दे। निविदाएँ 26/05/2025 को प्रात 12 बजे खोली जाएगी ।
शर्तेः- 1. निविदादाता के पास GST न. होना चाहिए। 2. पारित निविदादाता को 50000/- रु. धरोहर राशी जमा करनी होगी । 3. किसी भी निविदा को रद्द करने सामान की गुणवता निर्धारित करने व् एक समान रेट पर अंतिम निर्णय पंचायत का होगा । 3. सामग्री की अदायगी ASSESSMENT के आधार पर होगी। 4. पूर्ण आपूर्ति न होने पर गत राशी की अदायगी नही होगी । 4. पंचायत कभी भी निविदा रद्द कर नयी निविदा आमंत्रित कर सकती है 15. W,X- फार्म जमा करवाना अनिवार्य होगा। 6. नियमानुसार TDS की कटोती की जाएगी ।

**जारीकर्ताः- ग्राम पंचायत हडल**

### सूडोकु नवताल- 7437 (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7436 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**वीरवार, 22 मई 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** दशमी (01:15): **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपद (05:48), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** विषकुंभ (09:48), अभीजित (11:50-12:45)। **राहुकाल** (02:00-03:43)।

### विशेष दिन

- 22 मईः राजा राममोहन राय की जयंती आज।
- अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस आज।

**मेष** सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**वृषः** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा।

**मिथुनः** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा।

**कर्क**: पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें।

**सिंहः** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मड्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**कन्याः** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**तुलाः** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिकः** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

**धनुः** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मकरः** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**कुंभः** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें।

**मीनः** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ़ंग की परेशानियां पैदा करेंगी। स्पर्धा जीतने का मौका मिलेगा।

## अनंत Classifieds

### बेदखली सूचना

**मैं** अशोक कुमार (59वर्ष) पुत्र श्री थोहला राम गांव झबरानी, डाकघर बंगाणा, तहसील बंगाणा, जिला ऊना हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा लड़का मोहित कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अत: मैं अपने लड़के मोहित कुमार को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रोड़ा
**विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव तह. पालमपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रोड़ा द्वारा वर्ष 2025-26 में करवाए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए निम्नलिखित सामग्री हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | इकाई जिसमें सामग्री चाही गई है |
|---|---|---|
| 1. | रेत क्रशर | प्रति वर्ग फुट |
| 2. | बजरी क्रशर | प्रति वर्ग फुट |
| 3. | कट स्टोन | प्रति पत्थर |
| 4. | गोला बोल्डर | प्रति वर्ग फुट |
| 5. | ईंट | प्रति ईंट |
| 6. | जेसीबी | प्रति घंटा |
| 7. | सीमेंट ढुलाई | हि.प्र. सिविल सप्लाई स्टोर थुरल से ग्राम पंचायत के क्षेत्र में (जीएसटी बिल नं. सहित) पहुंच के लिए गाड़ी किराया। जिसमें लोडिंग व अनलोडिंग सहित होगी। |
| 8. | बोल्डर 20,40,60 एमएम | प्रति वर्ग फुट |

**शर्तेः-** 1. आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है। 2. आपूर्तिकर्ता के पास एम-फार्म होना अनिवार्य है। 3. आपूर्तिकर्ता समय पर सप्लाई नहीं करता है या निमार्ण सामग्री की गुणवत्ता सही न होने की स्थिति में निविदा रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। 4. किन्हीं परिस्थितियों में दो या दो से अधिक फर्मों की दरें समान होने पर अंतिम निर्णय कमेटी/ग्राम पंचायत का होगा। 5. निविदाएं दिनांक 05.06.2025 तक समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत रोड़ा के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत रोड़ा**
**विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव तह. पालमपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भदेहड़ विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0 प्र0)
### वर्ष 2025-26 के लिये निविदायें आमंत्रित करने बारे

सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत भदेहड़ वर्ष 2025-26 के लिये विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निर्मलिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. रेता केशर प्रति घन मीटर 2 रेता प्लांट पति घन मिटर 3 बजरी केशर 20mm पति घन मीटर 4 बजरी क्रेशर 40mm प्रति घन मीटर 5 पत्थर प्रति घन मीटर 6 साईन बोर्ड / बोर्ड writting/बोर्ड size2'''3''or3''' 5'' (7) सीमेंट दुलाई सरकाघाट से सीमेंट स्टोर तक 8 ईटे प्रति हजार(abc Grade) 9 शटरिंग स्टील प्लेट पति सुकेयर मीटर 10 शटरिंग लकड़ी प्रति running मीटर 11 सरिया 8 mm, 10mm, 12mm प्रति क्विंटल 12 मशीन (jcb) द्वारा कटान प्रति घंटा 13 सामग्री दुलान ट्रैक्टर जीप अन्य वाहन द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त वार्डो में 14 वाटर कूलर20ltr 40ltr 80ltr with fitting 15 segregation shed:
नियम व शर्ते : (1) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण पेन no. GST NO. का होना आवश्यक है। 2 निविदादाता को निविदा अपने लैटर पेड परग्राम पंचायत भदेहड़ के नाम भेजनी होगी। 3 निविदादाता को बिल के साथ मात्रा सहित Vald Transit PassForm W और X जमा करवाने होंगे। 4 सभी करो का लेन-देन सरकार के प्रावधानो अनुसार होगा। 5 सामग्री की आपूर्ति लोक-निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुसार होगी। 6 दरे अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7 निर्माण सामग्री कार्यस्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8 पारित निविदादातायो को मुख्तलिक 20000/- रूपये अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में जमा करवानी होगी। 9 ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्या देये होगा। 10 निविदादाता यदि सप्लाई ऑडर जारी होने उपरान्त निर्धारित अवधि में सामग्री समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय दी गई सामग्री की देये राशी का भुगतान नही किया जाएगा और न ही अग्रिम/ सुरक्षित राशी वापिस की जायेगी। 11 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने व सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादातायों के लिये कार्य आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद करने का अधिकार पंचायत व विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12 सामग्री राशी की अदायगी कार्या पूर्ण होने के उपरांत TA/JE की पैमाइश के बाद होगी। 13 सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग JUSTIFICATION का पारित निविदादाताओं के साथ NEGOTATION अनुसार / उपरांत किया जाएगा। सप्लायर से मांगी गई पूर्ण सामग्री का ब्यौरा देना होगा। प्रत्येक सामग्री के आगे राशी लिखना अनिवार्या है तथा किसी भी समग्री के आगे MARKET VELUE नही लिखनी होगी बल्कि रेट लिखना होगा किसी भी सप्लायर द्वारा Market velue लिखी गई तो उसकी निविदा रद की जाएगी। निविदाए दिनांक 30/05/2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत भदेहड़ में पंचायत बैठक में पंचायत कमेटी द्वारा सभी के सामने 12 बजे खोली जायेगी तथा सभी सप्लायर उस दिन उपस्थित रहे। यदि कोई सप्लायर उस दिन अनुपस्थित रहता है तो बाद में उसकी कोई भी शिकायत मान्य नही होगी। प्रत्येक वस्तु का मूल्य Gst, सहित लिखना होगा तथा कुटेशन का सब टोटल मान्य नही होगा।
निविदाये दिनांक 28/05/2025 तक पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भदेहड़ विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0 प्र0)

उदासीनता सबसे खतरनाक बीमारी है जो लोगों को प्रभावित कर सकती है। -डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# सेब पर संबंधों में खटास

सेब आजकल भारत और तुर्किये के बीच व्यापारिक संबंधों में अचानक आई खटास का केंद्र बना हुआ है। तुर्किये, जो कभी भारतीय फल बाजार में अपने सेबों के लिए जाना जाता था, अब उसी बाजार से बाहर होने की कगार पर है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया था। इस हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी गई। जांच में स्पष्ट हुआ कि हमले के पीछे पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों का हाथ था। भारत ने तुरंत ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों के ठिकानों का सफाया कर दिया और दुनिया को यह संदेश दिया कि वह आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है। इस हमले के बाद वैश्विक समुदाय से पाकिस्तान की आलोचना की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन तुर्किये उलटी दिशा में चला और उसने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया। तुर्किये की सरकार ने न केवल पाकिस्तान को डिफेंस ड्रोन सप्लाई किए, बल्कि यह भी कहा कि वह आगे भी पाकिस्तान का समर्थन करता रहेगा। यह भारत की संप्रभुता पर सीधा हमला था।

भारत ने इसे गंभीरता से लिया और तुर्किये के खिलाफ एक सशक्त राजनीतिक और आर्थिक विरोध की शुरुआत हुई। आम जनता और व्यापारिक मंडलियों में तुर्किये से आने वाले उत्पादों, खासकर सेब के खिलाफ आक्रोश उमड़ पड़ा। जहां पहले तुर्किये सेब को भारतीय बाजार में एक प्रीमियम फल के तौर पर देखा जाता था, वहीं अब खुदरा विक्रेताओं और थोक व्यापारियों ने उसे अपनी दुकानों से हटाना शुरू कर दिया। प्रयागराज, पुणे, दिल्ली, मुंबई, कश्मीर और अब हिमाचल के प्रमुख मंडियों में यह ट्रेंड तेजी से फैल गया है। यहां तक कि ग्राहकों ने भी तुर्किये सेब न खरीदने की पहल की। इस बहिष्कार ने तुर्किये के सेब निर्यात पर सीधा असर डाला और तुर्किये की अर्थव्यवस्था के लिए एक चेतावनी बनकर उभरा। हिमाचल प्रदेश, जो कि स्वयं देश के प्रमुख सेब उत्पादक राज्यों में से एक है, इस मौके को देशभक्ति के साथ-साथ स्थानीय किसानों के हित से भी जोड़कर देख रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तुर्किये से आयातित सेब पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की मांग की है।


उनका यह कदम दोहरी मंशा को दर्शाता है-एक ओर देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त देश को आर्थिक चोट पहुंचाना, दूसरी ओर हिमाचली किसानों को संरक्षण देना। अगर यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाता है, तो न सिर्फ तुर्किये सेब की भारत में मांग शून्य हो जाएगी, बल्कि यह एक सशक्त संकेत भी होगा कि भारत अब नीतियों के स्तर पर भी बदले रुख अपना रहा है। एक समय था जब विदेशी फल भारत में एक स्टेटस सिंबल माने जाते थे, लेकिन अब आम जनता में भी यह समझ विकसित हो चुकी है कि वैश्विक राजनीति और राष्ट्रीय हित कैसे बाजार को प्रभावित करते हैं। भारत जैसे बड़े उपभोक्ता देश में जनभावनाओं का प्रभाव बहुत व्यापक होता है। तुर्किये सेब का बहिष्कार इसका ताजा उदाहरण है। व्यापारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत तुर्किये से प्रतिवर्ष हजारों टन सेब आयात करता था, लेकिन अब इस आयात में तीव्र गिरावट आनी तय है। इस खाली स्थान को भरने के लिए भारतीय उत्पादक राज्यों जैसे हिमाचल, कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलेगा। स्थानीय बाजार को प्राथमिकता मिलने से किसानों को बेहतर कीमतें और निर्यात की संभावना बढ़ेगी। भारत जैसे बाजार का नुकसान तुर्किये के लिए सिर्फ आर्थिक ही नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है।

तुर्किये ने अपने राजनीतिक दृष्टिकोण से भारत की भावनाओं को अनदेखा की, लेकिन अब उसे इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। अगर तुर्किये ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो वह न सिर्फ भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते गंवाएगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसकी छवि धूमिल होगी। तुर्किये को यह समझना होगा कि भारत अब केवल उपभोक्ता देश नहीं रहा, बल्कि एक सशक्त राष्ट्र है जो अपनी आंतरिक सुरक्षा और संप्रभुता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। तुर्किये सेब का बहिष्कार केवल एक देश विशेष से विरोध नहीं, बल्कि एक विचारधारा का विरोध है। यह उस मानसिकता के खिलाफ एक स्वर है, जो आतंकवाद का समर्थन देती है। यह निर्णय बताता है कि भारत अब हर मोर्चे पर सतर्क और सजग है-चाहे वह सीमा हो, कूटनीति हो या बाजार। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और कदम है, जहां विदेशी विकल्पों को नकारकर देशी उत्पादों को प्राथमिकता दी जा रही है। आने वाले समय में तुर्किये जैसे देशों के लिए यह एक सबक हो सकता है कि अगर वे भारत की संप्रभुता और सुरक्षा से खिलवाड़ करेंगे, तो उन्हें सिर्फ कूटनीतिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# जीवन में कोई कुश्ती नहीं हारी

**गामा** पहलवान शायद ही कोई ऐसा भारतीय खेल-प्रेमी हो, जिसने 'रुस्तम-ए-जमां' पहलवान का नाम न सुना हो। गामा पहलवान भारत में एक किंवदंती बन चुके हैं। 15 अक्तूबर 1910 में गामा को 'विश्व हॅवीवेट चैंपियनशिप' (दक्षिण एशिया) में विजेता घोषित किया गया। अपने पहलवानी के दौर में गामा की उपलब्धियां इतनी आश्चर्यजनक एवं अविश्वसनीय हैं कि साधारणत लोगों को विश्वास नहीं होता कि गामा पहलवान वास्तव में हुए थे। गामा को 'शेर-ए-पंजाब', 'रुस्तम-ए-जमां' (विश्व केसरी) और 'द ग्रेट गामा' जैसी उपाधियां दी गईं। गामा विश्व के एक मात्र पहलवान थे जिन्होंने अपने जीवन में कोई कुश्ती नहीं हारी। गामा ने भारत का नाम पूरे विश्व में ऊंचा किया। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद जब पाकिस्तान बना तो गामा पाकिस्तान चले गए। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की शादी गामा पहलवान के भाई की नातिनी कुलसुम बट से हुई है। आज भी पटियाला में 'नेशनल इंस्टीटूयट ऑफ स्पोर्टस' में उनके कसरत करने का उपकरण रखा हुआ है। यह एक पत्थर का गोल चक्का है, जिसको गले में पहनकर गामा बैठक लगाया करते थे। इस गोल चक्के का वजन 95 किलो है।



गामा पहलवान
जन्म :22 मई, 1878
मृत्यु : 21 मई, 1960



गीत

## युद्ध में अच्छा बुरा नहीं दिखता

*रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं, बिलासपुर*

*गीदड़ की जब मौत है आती,*
*उसको शहर की ओर है भगाती।*
*खून से रंगे है जिन आतंकियों के हाथ,*
*चैन की नींद उनको भी कहां आ पाती।*
*निरीह लोगों का करके संहार,*
*मजहब का नाम लेकर रहे थे मार।*
*कौन सा मजहब सिखाता है ऐसा,*
*बेकसूर लोगों पर करो तुम अत्याचार।*
*आकाओं की सोचने की शक्ति रही नहीं, मति गई है मारी।*
*बुद्धि इनकी हर ली आतंकवादियों ने सारी।*
*युद्ध तो युद्ध है लेता है किसी की भी जान,*
*मजहब नहीं देखती मिसाइल सबकी आती है बारी।*
*युद्ध में अच्छा बुरा नहीं दिखता,*
*न ही जीत कर कोई बन जाता है महान।*
*बलि चढ़ जाती है बेकसूर प्राणियों की,*
*सैनिक ही नहीं मरते तबाह हो जाता है इंसान।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# जैव विविधता : अतीत की धरोहर नहीं, भविष्य की जरूरत

हर साल 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। जैव विविधता का मतलब है-हमारे चारों ओर मौजूद सभी तरह के जीवों की विविधता। इसमें छोटे-छोटे सूक्ष्म जीवों से लेकर बड़े पेड़-पौधे और जंगली जानवर तक सब कुछ शामिल होता है। न सिर्फ जीवों की अलग-अलग प्रजातियां, बल्कि उनके रहने के तरीके, पारिस्थितिकी तंत्र और उनके बीच के रिश्ते भी जैव विविधता का हिस्सा हैं। यह हमारी जिंदगी की नींव है, क्योंकि भोजन, वायु, जल, वस्त्र, आवास, ईंधन, औषधियां और आजीविका सहित मानव की हर जरूरत कहीं न कहीं जैव विविधता से ही पूरी होती है। इसके बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। हमारे लिए ये गर्व की बात है कि भारत को दुनिया के सबसे समृद्ध जैव विविधता वाले देशों में गिना जाता है। दुनिया के कुल भूमि क्षेत्र का सिर्फ 2.4 प्रतिशत हिस्सा भारत में होने के बावजूद विश्व की लगभग 8 प्रतिशत प्रजातियां यहां पाई जाती हैं यानी भारत जैव विविधता का खजाना है। भारत में लगभग 47,000 पौधों की प्रजातियां और 90,000 से ज्यादा पशु प्रजातियां हैं। इनमें से बहुत सी प्रजातियां ऐसी हैं जो सिर्फ भारत में ही पाई जाती हैं। हिमाचल जैसे राज्य के लिए वर्ष 2025 की थीम प्रकृति के साथ तालमेल और सतत विकास विशेष महत्व रखती है, क्योंकि अब दुनिया जहां प्रकृति के साथ तालमेल को अपनाने की बात कर रही है, हिमाचल प्रदेश पहले से ही इस दर्शन को अपनी संस्कृति और जीवनशैली में जीता आया है। भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का केवल 1.7 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद, हिमाचल प्रदेश देश की लगभग 7.5 प्रतिशत जैव विविधता को अपने में समेटे हुए है-जो इसे एक जैव विविधता हॉटस्पॉट में परिवर्तित करता है। हिमाचल की सबसे बड़ी ताकत इसकी पर्वतीय ऊंचाई में विविधता है-जहां 350 मीटर से लेकर 7,000 मीटर तक फैला हुआ ऊंचाई ग्रेड विभिन्न प्रकार के पारिस्थितिक तंत्रों (ट्रॉपिकल से अल्पाइन जोन तक) को जन्म देती है। यह विविधता न केवल वनस्पतियों में परिलक्षित होती है, बल्कि वन्यजीवों, पक्षियों, कीटों और मछलियों के आश्रय स्थल के रूप में भी राज्य को अनूठा बनाती है। हिमाचल सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य में जीवन जीता आया है। यहां के विविध पारिस्थितिकी तंत्र-जैसे अल्पाइन घास भूमियां, घने देवदार के वन और समृद्ध नदी घाटियां-अनगिनत औषधीय पौधों, वन्य खाद्य जड़ी-बूटियों, देशी फलों और संकटग्रस्त प्रजातियों का निवास स्थल हैं। यहां लगभग 416 पक्षी प्रजातियां हैं, जिनमें मोनाल, तीतर और हिमालयी ग्रिफॉन जैसे दुर्लभ पक्षी शामिल हैं। 77 स्तनधारी प्रजातियां हैं, जैसे- हिम तेंदुआ, कस्तूरी मृग और लाल लोमड़ी, 56 सरीसृप, 69 ताजे पानी की मछलियां और 80+ तितली प्रजातियां, जिनमें से कई स्थान विशेष हैं। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क, जो यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है, इस विविधता का जीवंत प्रमाण है। राज्य में अब तक 3,400 से अधिक वानस्पतिक प्रजातियां दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से कई औषधीय, जंगली खाद्य पौधे, और लोक व्यंजन का हिस्सा हैं-जैसे चोरा, तरडी, पथरचट्टा, लिंगड, फफरा, झरखा, कचनार, बिच्छू बूटी, काफल, बुरांश, फर्ना आदि। यहां के गांवों में पीढ़ियों से 'वन को भोजन, औषधि और पूजन' के रूप में सम्मान मिला है, लेकिन अब शहरीकरण, पर्यटन, असंवेदनशील कृषि, बदलते भोजन के तरीके, जलवायु परिवर्तन और बार-बार लगने वाली जंगल की आग जैसी आधुनिक चुनौतियों ने इस जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन को संकट में डाल दिया है। वनों की कटाई, भूमि उपयोग परिवर्तन, सुरंगों और चौड़ी सड़कों के निर्माण ने वन्यजीव गलियारों को बाधित कर दिया है। बढ़ते भूस्खलन,अनिश्चित मौसम, भूस्खलनों और पीछे हटते ग्लेशियरों, बाढ़ और झरनों के सूखने की घटनाएं, विशेषकर उच्च हिमालयी औषधीय पौधों और संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्र के लिए, चिंता का विषय हैं। साल दर साल हरे भरे जंगलों में लगने वाली आग केवल जंगलों को ही नहीं निगलती, बल्कि परागण करने वाले कीटों की आबादी, जलग्रहण क्षेत्रों और जैव विविधता के मूल निवास स्थान को भी बर्बाद कर देती है। हालांकि सड़कें, पर्यटन और शहरी विकास राज्य में आर्थिक वृद्धि ला रहे हैं, परंतु यह विकास पर्यावरण की कीमत पर हो रहा है। इसके संरक्षण के लिए बहुस्तरीय रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। हालांकि, हिमाचल में सकारात्मक पहल भी देखने को मिल रही हैं पीपल बायोडायवर्सिटी रजिस्टर के अंतर्गत छात्र स्थानीय जड़ी-बूटियों का दस्तावेजीकरण कर रहे हैं। बुजुर्गों से पारंपरिक व्यंजन सीख रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की स्वयं सहायता समूह जंगली जड़ी-बूटियों से अचार, हर्बल चाय, आटा जैसे उत्पाद बना रही हैं जो संरक्षण और आय दोनों सुनिश्चित कर रही हैं। सरकार प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, जागरूकता अभियान और पुनर्चक्रण जैसी प्रभावी पहलें कर रही है। यदि सरकार, समाज, युवा और समुदाय मिलकर प्रयास करें, तो हिमाचल एक मॉडल राज्य बन सकता है-जहां प्रकृति, संस्कृति और अर्थव्यवस्था मिलकर फलें-फूलें। इस जैव विविधता दिवस का संदेश स्पष्ट है प्रकृति कोई विकल्प नहीं-यह आधार है। प्रकृति की उपेक्षा करके किया गया विकास टिकाऊ नहीं होता। आइए प्रकृति को मिलकर सुरक्षित करें।

( ये लेखिका के निजी विचार हैं )



लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज




अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विशेष

नजरिया

# गाजा से भी ज्यादा बदहाली की ओर पाकिस्तान

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की हालत 'आगे कुआं, पीछे खाई' वाली हो गई है। वह अपनी आंतरिक समस्याओं के अलावा एक साथ कई समस्याओं से जूझ रहा है। इजराइल ने फिलिस्तीन में आतंकी संगठन हमास के ठिकाने गाजा पट्टी को तबाह किया, लेकिन भारत को पाकिस्तान को पूरी तरह से तबाह करने की जरूरत नहीं पड़ी। ऑपरेशन के बाद से पाकिस्तान के हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। उसकी स्थिति गाजा पट्टी से ज्यादा खराब और दयनीय होने वाली है। भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य, कूटनीतिक, व्यापारिक और द्विपक्षीय कार्रवाई के बाद वह अपने ही द्वारा बुने गए जाल में उलझ गया है।

इसका त्वरित प्रभाव में दिखने लगा है और उसने भारत के जल शक्ति मंत्रालय से सिंधु जल संधि पुन: बहाल करने की गुहार भी लगा दी है। वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान भूख और प्यास से चिल्लाता हुआ आएगा और भारत के साथ मित्रवत व्यवहार करने की कसमें भी खाएगा, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या पाकिस्तान के घड़ियाली आंसुओं पर भारत को कभी भी भरोसा करना चाहिए? क्या भारत को सिंधु जल संधि को बहाल करने पर पुनर्विचार करना चाहिए? क्या भारत को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लिए बिना किसी भी तरह की रियायत देनी चाहिए? मैं कहूंगा कि बिलकुल नहीं। पाकिस्तान पूरी तरह से अविश्वनीय, दुष्ट, विश्वासघाती और अमानवीय प्रकृति का देश है।

उसे पाकिस्तान की जगह आतंकिस्तान कहना ही बेहतर होगा। पाकिस्तान की हालत गाजा पट्टी से बदतर क्यों हो जाएगी, इसके कई कारण हैं। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को धूल चटाने के पहले भारत ने पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि निलंबन, वीजा रोक, हवाई-व्यापार बंदी जैसे पांच बड़े प्रतिबंध लागू किए थे। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद ये प्रतिबंध लागू हैं। वास्तविकता तो यह है कि भारत के इस संधि से अलग होने पर पाकिस्तान की 80 प्रतिशत कृषि भूमि को पानी नहीं मिल रहा।

पाकिस्तान की बेचैनी अभी और बढ़ेगी, इसलिए आगे भी भारत को इन्हें प्रतिबंधों को लागू रखना चाहिए। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में ड्रैगन (चीन निर्मित) के विमान जेएफ 17 और पीएल 15 मिसाइल का इस्तेमाल किया, उनको भारतीय वायुसेना ने धराशायी कर दिया। इसके चलते वैश्विक समुदाय के समक्ष चीन के सैन्य साजो सामान की घटिया गुणवत्ता का एक्सपोजर हो गया है। इससे पाकिस्तान के साथ ही चीन को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और जो चीन विश्व के गरीब देशों को हथियार बेच सकता था, उस मोर्चे पर चीन को भी काफी निराशा हाथ लगी है। भारत के पहलगाम में आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर पर पलटवार करने के बाद हर मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान का झूठ वैश्विक समुदाय के समक्ष आ गया है।

इसके अलावा ऑपरेशन सिंदर में मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान की सेना का मौजूद होना और आतंकियों के ताबूतों को पाकिस्तान के झंडे में लपेटे जाने के बाद संपूर्ण विश्व को पता चल गया कि पाकिस्तान आंतकियों को पालने-पोषने वाला देश है। दूसरा, पाकिस्तान ने एक और झूठ का प्रचार किया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं, लेकिन इस मामले में अफगानिस्तान ने ही पाकिस्तान को झूठा साबित कर दिया। पाकिस्तान इस समय भीषण आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। वह कटोरा लेकर कभी आईएएफ, चीन अथवा अमेरिका के पास फंड लेने के लिए पहुंच जाता है। हैरानी की बात यह है कि इस समय पाकिस्तान पर करीब 21.6 लाख करोड़ रुपए का सार्वजनिक कर्ज है। यह पाकिस्तान की कुल जीडीपी का 67 प्रतिशत है। वहां पर महंगाई सातवें आसमान पर है। वहां पर बहुत बड़ी आबादी भुखमरी का शिकार है। हालांकि पाकिस्तान को तबाह करने के लिए भारत को इतनी मशक्कत तो नहीं करनी पड़ेगी, क्योंकि पाकिस्तान अपने चरित्र और कर्म के चलते बिखर रहा है, लेकिन भारत को पाकिस्तान की चालाकी और धूर्तता पर कड़ी नजर रखते हुए वैश्विक स्तर पर उसकी असलीयत को उजागर करते रहना पड़ेगा।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )



लेखक : डॉ. अनिल कुमार निगम
स्वतंत्र टिप्पणीकार



## अपनी बात

**जम्मू**-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में अपने हथियारों का हश्र देखने के बाद बौखलाए पड़ोसी देश चीन ने युद्धविराम से पहले अपनी आत्मतुष्टि के लिए अरुणाचल के कई स्थलों को चीनी नाम दे दिए। इनमें बस्तियों समेत नदियां और पहाड़ शामिल हैं। चीन अरुणाचल में ऐसी हरकतें पहले भी कर चुका है। तानाशाह अपनी विचलित मानसिकता को संतुष्ट करने के लिए अकसर ऐसी ही हरकतें करते हैं। चीन द्वारा पाकिस्तान को दी गईं प्रतिरक्षा प्रणाली खोखली साबित हुई। इससे चीन के घटिया हथियारों की पोल साक्ष्यों के साथ पूरी दुनिया के सामने सार्वजनिक हो गई। परिणामस्वरूप उसके बाजार को जबरदस्त झटका लग गया। मिसाइल निर्माण करने वाली चीनी कंपनियों के शेयर जमीन पर आ गए। चीन की यह हरकत है कि जब भी भारत कोई बड़ा काम करता है, तो चीन भारतीय प्रांत में ग्रामों, नगरों, नदियों और पहाड़ों के नाम चीनी भाषा मंदारिन में रख देता है। चीन की यह पुरानी हरकत है।

**बालम सिंह, कांगड़ा**

# 'वसुधैव कुटुंबकम्' को पहले राष्ट्रप्रथम, फिर विश्वकल्याण से जोड़ें

वसुधैव कुटुंबकम् यह प्राचीन भारतीय दर्शन विश्व को एक परिवार मानता है। यह विचार वैदिक ग्रंथ महाउपनिषद् से लिया गया है, जिसका तात्पर्य है कि समस्त संसार एक परिवार की भांति है।

भारत ने सदैव अपने आचरण में इस सिद्धांत को आत्मसात किया है-चाहे वह शरणार्थियों को आश्रय देना हो, दुनिया को वैक्सीन देना हो या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की वकालत करना हो, परंतु हाल के वर्षों में देखा गया है कि कई देश व संस्थाएं इस उदार नीति की आड़ में भारत की संप्रभुता और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या अब भारत को 'वसुधैव कुटुंबकम्' के सिद्धांत में बदलाव कर एक अधिक व्यवहारिक और राष्ट्रहितैषी नीति अपनाने की आवश्यकता है? भारत की उदार नीति एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण भारत की संस्कृति और विदेश नीति हमेशा सहिष्णुता, सहयोग और शांति पर आधारित रही है। बुद्ध, गांधी, विवेकानंद जैसे महापुरुषों ने अहिंसा और वैश्विक कल्याण की बातें कीं।

आजादी के बाद भी भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व कर यह सिद्ध किया कि वह किसी सैन्य या राजनीतिक गठबंधन से बंधकर नहीं, बल्कि तटस्थ रहकर मानवता की सेवा करना चाहता है। आज के संदर्भ में वसुधैव कुटुंबकम् की एक नहीं कई चुनौतियां है। चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देश, भारत की शांति नीति का लाभ उठाते हुए, बार-बार सीमा पर अतिक्रमण या आतंकवाद का सहारा लेकर भारत की संप्रभुता को चुनौती देते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संसद, और कुछ मानवाधिकार संगठन कई बार भारत के आंतरिक मामलों जैसे कि कश्मीर, नागरिकता संशोधन कानून, जनसंख्या नियंत्रण कानून या धार्मिक मामलों में अनावश्यक टिप्पणी और हस्तक्षेप करते हैं। रोहिंग्या शरणार्थियों या बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर भारत ने मानवता के आधार पर दरवाजे खोले, परंतु इससे आंतरिक सुरक्षा, संसाधनों की कमी और सांप्रदायिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ीं। डिजिटल और आर्थिक मोर्चे पर चीन द्वारा संचालित ऐप्स, सोशल मीडिया प्रोपेगेंडा और आर्थिक निवेश कई बार भारत की सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।

वसुधैव कुटुंबकम् नि:संदेह ही एक महान विचार अवश्य है, परंतु जब कोई देश इसका दुरुपयोग कर भारत की अखंडता को चुनौती देता है, तो सहनशीलता कमजोरी बन जाती है। राष्ट्रहित सर्वोपरि है। परिवार का सदस्य अगर दूसरों का अहित करे, तो क्या उसे उसी सम्मान से देखा जाना चाहिए? क्या वसुधैव कुटुंबकम् सिद्धांत में बदलाव की आवश्यकता है? हां, समय की मांग है कि भारत को अपने शाश्वत सिद्धांत को आधुनिक यथार्थ के साथ संतुलित करना होगा। 'वसुधैव कुटुंबकम् को 'राष्ट्रप्रथम, फिर विश्वकल्याण' की नीति के साथ जोड़ा जाए। वसुधैव कुटुंबकम् के साथ कुछ प्रभावी कदमों को उठाना समय की मांग बन चुकी है।

हाल ही में जिस तरह से चीन, तुर्की, अजरबैजान और अमेरिका जैसे देशों ने भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान जो मुंह में राम और बगल में छुरी जैसी कुटिल नीति का प्रदर्शन किया उससे सीख लेते हुए हमारे देश को भी ऐसे देशों के साथ ऐसी ही नीति पर काम करना होगा। हम भारतीयों का खून इतना सस्ता नहीं आंका जाना चाहिए कि कोई भी शत्रु आए और खून बहा कर चला जाए।

अत: सर्वप्रथम यथार्थपरक कूटनीति पर काम करने की जरूरत है। भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए कठोर रुख अपनाना होगा जैसे चीन के साथ सीमा विवाद में दृढ़ता, पाकिस्तान के विरुद्ध सर्जिकल स्ट्राइक और डिजिटल सुरक्षा के लिए चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध और अब इसी क्रम में तुर्किस्तान को उसकी औकात दिखाने की आवश्यकता है। 'अतिथि देवो भव' की नीति पर चलते हुए हमने आक्रांताओं के कितने जख्म सहे हैं। हमारी समृद्ध इतिहास, संस्कृति और ज्ञान को आक्रांताओं ने अपने कदमों तले रौंदने की हर संभव कोशिश की। अत:भारत को अपने 'वसुधैव कुटुंबकम् के सिद्धांत में परिवर्तन नहीं, बल्कि उसकी व्याख्या में युगानुकूल दृढ़ता जोड़ने की सख्त आवश्यकता है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
देहरादून, उत्तराखंड



# भारतीय शास्त्रीय नृत्य : राग और ताल में जीकर देखें

जब हम अपने देश की संस्कृति की बात करते हैं, तो उसमें रंग, राग और ताल की झलक साफ दिखाई देती है। हमारी परंपराएं केवल किताबों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्होंने नृत्य के माध्यम से जीवन को छुआ है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य केवल मंच की कला नहीं, बल्कि आत्मा की भाषा है। यह शरीर से ज्यादा मन और आत्मा का संवाद है। इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं और इसकी शाखाएं सात समंदर पार तक फैली हैं।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य का आरंभ वैदिक युग को ही माना जाता है। नाट्य शास्त्र के रचयिता भरतमुनि ने इसका पहला व्यवस्थित स्वरूप दिया। वेद, पुराण और उपनिषदों में नृत्य को ईश्वर की आराधना का साधन बताया गया है। नटराज के रूप में भगवान शिव स्वयं नृत्य के देवता माने जाते हैं। शास्त्रीय नृत्य धीरे-धीरे देवालयों से राजदरबारों और फिर रंगमंच तक पहुंचा। यह कला हर युग में समाज का दर्पण रही है। कभी भक्ति की भावनाओं को प्रकट करती है, तो कभी शौर्य और करुणा को।

भरतनाट्यम को लोकप्रिय बनाने में ऋषि वल्लथोल नारायण मेनन, यामिनी कृष्णमूर्ति और रुक्मिणी देवी अरुंडेल का बड़ा योगदान रहा। कथक को कथाओं के माध्यम से प्रस्तुत करने वालीं सितारा देवी आज भी प्रेरणा हैं। ओडिसी नृत्य की पहचान बनीं संजुक्ता पाणिग्रही हों या कुचिपुड़ी को मंच तक लाने वाले राजा और राधा रेड्डी-इन सबने शास्त्रीय नृत्य को विश्वभर में पहचान दिलाई।

फिल्म अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी जैसी कलाकार आज भी इस परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं। नृत्य एक कला है, साधना है, व्यायाम है। तभी तो हमारे पूर्वजों ने बताया कि शास्त्रीय नृत्य केवल एक कला नहीं, बल्कि पूर्ण व्यायाम है। इसकी हर मुद्रा, हर हाव-भाव शरीर को लचीला बनाता है, संतुलन देता है और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। मानसिक रूप से यह ध्यान की तरह काम करता है।

नृत्य करते समय कलाकार पूरी तरह वर्तमान में होता है, जिससे चिंता और तनाव से राहत मिलती है। बच्चों से लेकर बड़ों तक, सबके लिए यह एक बेहतरीन साधना है। आज शास्त्रीय नृत्य की गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं है। अमेरिका, फ्रांस, जापान, रूस, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में इसके विद्यालय और मंच हैं।

कई विदेशी कलाकार भी इसे सीख रहे हैं और मंचों पर प्रस्तुत कर रहे हैं। यह नृत्य विश्व को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बन गया है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि शास्त्रीय नृत्य में अनुशासन, परिश्रम और समर्पण जैसे गुण स्वत: आते हैं। यह केवल कलाकार का नहीं, बल्कि समाज का भी निर्माण करता है। इससे सांस्कृतिक चेतना बढ़ती है, हमारी जड़ों से जुड़ाव होता है और यह आने वाली पीढ़ियों को एक मूल्य आधारित जीवन का मार्ग दिखाता है। एक कलाकार जब मंच पर अपने भावों से कोई कथा सुनाता है तो वह केवल कला नहीं करता वह समाज को सच्चाई, प्रेम और सौंदर्य का अनुभव कराता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य केवल अतीत की बात नहीं है। यह आज भी जीवित है, गतिमान है और हमारे जीवन को संवेदनशीलता से जोड़ता है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )



लेखक : नरेंद्र शर्मा परवाना
स्वतंत्र टिप्पणीकार



अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। स्थानीय संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जंजैहली से 'ड्रग फ्री मंडी अभियान' का आगाज

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय से दिखाई हरी झंडी, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम भी रहे मौजूद

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** मंडी जिला के जंजैहली क्षेत्र में बुधवार को 'ड्रग फ्री मंडी अभियान' की शुरुआत जोश और उत्साह के साथ हुई। इस अभियान को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय, जंजैहली से हरी झंडी दिखाई। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी उपस्थित थे।

इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि वह पहली बार सराज क्षेत्र के दौरे पर आए हैं और इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से वह नशामुक्त अभियान से जुड़े हैं और प्रदेश के सभी जिलों में नशा विरोधी अभियान चला रहे हैं। शुक्ल ने कहा कि इस आंदोलन में पंचायती राज संस्थाओं, महिला मंडलों, मीडिया और विशेष रूप से स्कूली छात्रों की भूमिका बेहद अहम है। कई परिवार समाज में बदनामी के डर से नशे की समस्या को छिपाते हैं, जिससे इसका समाधान और कठिन हो जाता है। हिमाचल की ऐतिहासिक परम्परा को स्मरण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि देश का पहला परमवीर चक्र मेजर सोमनाथ शर्मा को मिला, जो कांगड़ा जिले से संबंध रखते थे।

### अर्थव्यवस्था चौथे स्थान पर पहुंची

**राज्यपाल** ने 'आपरेशन सिंदूर' की भी सराहना की, जिसके तहत सीमा पार आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया और भारत की वैश्विक छवि और मजबूत हुई तथा अर्थव्यवस्था चौथे स्थान तक पहुंच गई है।

### बलवाड़ की महिलाएं की सम्मानित

**राज्यपाल** ने नशा विरोधी विशेष अभियान शुरू करने और समाज का मार्गदर्शन करने के लिए, बलवाड़ पंचायत की महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने इटली में आयोजित पैरालंपिक में तीन रजत पदक जीतने वाली मंडी की राधा देवी को सम्मानित करते हुए अपनी ऐच्छिक निधि से 15 हजार रुपये देने की घोषणा की।



### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**इस** अवसर पर विधायक विनोद कुमार, राकेश जंवाल, सुंदर शौरी, इंद्र सिंह गांधी, दिलीप सिंह ठाकुर, दीपराज, पूर्ण चंद ठाकुर व लोकेंद्र कुमार, पूर्व विधायक रवि ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा तथा राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा भी उपस्थित थे।

### जयराम ने की प्रशंसा

**इस** अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राज्यपाल द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की और कहा कि यह एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि नशे के विरुद्ध एक सतत आंदोलन है, जिसमें सभी नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं संकल्प लें तो नशा उनके घर में प्रवेश कभी नहीं कर सकता। उन्होंने सिन्थेटिक नशे की बढ़ती समस्या और त्वरित कमाई के लिए युवाओं की नशे के व्यापार के प्रति बढ़ती रूचि पर चिंता व्यक्त की।

# पाकिस्तान अब भी झूठ बोलकर अपने देश के नागरिकों को कर रहा गुमराह : जयराम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**भारतीय** सेनाओं की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक जीत को लेकर बुधवार को सराज के जंजैहली में 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई जिसका नेतृत्व स्थानीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने किया। तिरंगा यात्रा के बाद स्कूल चौक में सभा को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने इस यात्रा के उद्देश्य को लेकर कहा कि भारतीय सेना के साथ आज पूरा देश खड़ा है। जिस बहादुरी के साथ सेना ने पाकिस्तान की सेना को ऑपरेशन सिंदूर में धूल चटाई है उसका देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा झूठ बोलता रहा है और अब भी झूठ बोलकर अपने देश के नागरिकों को गुमराह कर रहा है। हमारी सेना ने सीमा पार आतंक के 9 ठिकानों को तबाह कर 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा है। यही नहीं जब पाकिस्तान की सेना ने बौखलाकर पलटवार करना चाहा तो उनके भी 40 सैनिक हमारी सेना के हाथों मारे गए। उन्होंने कहा कि पूरा देश सेना की इस बहादुरी को सलाम करता है। ऑपरेशन सिंदूर की सफल गाथा लिखने वाले इन वीर जवानों को हम नमन करते हैं। अब देश की जनता भी तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होकर सेना और जवानों का मनोबल बढ़ा रही है जो बहुत खुशी की बात है।



जंजैहली में तिरंगा यात्रा निकालते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम किसान योजना पर जागरूक होंगे किसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने पीएम किसान योजना के तहत पात्र किसानों को जागरूक करने व लाभार्थियों के डाटा को अपडेट करने के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभा बैठकों के आयोजन के निर्देश जारी किए हैं। यह विशेष बैठकें मंडी जिला की सभी ग्राम पंचायतों में 25 मई एवं 29 मई को आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य ऐसे पात्र किसानों को योजना से जोड़ना है, जो किसी कारणवश अभी तक इसका लाभ नहीं ले पाए हैं। इसके अतिरिक्त, उन लाभार्थी किसानों की पहचान करना भी इस अभियान का हिस्सा है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। इन जानकारियों को संबंधित पटवारियों के सहयोग से एकत्र कर 31 मई से पूर्व पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा।

### 30 जून तक सभी रुकावटें होंगी दूर : एसडीएम

**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** डडौर से नौलखा मार्ग किरतपुर-नेरचौक में आ रही रुकावटों को दूर करने के लिए उपमंडलाधिकारी समृतिका नेगी बल्ह की अध्क्षता में राष्ट्रीय उच्च मार्ग, परियोजना इंजीनियर, अमित कुमार, लोकनिर्माण विभाग से ईडीआर चौहान, तहशीलदार, विपन कुमार, सिंचाई विभाग से राजपाल, बिजली भिवाग से इंजीनियर जीएस चौहान, सिगल इंडिया से रिजवान, नगर पालिका से दीक्षा कुमारी व लेफोरन सयुंकत फोरलेन सघर्ष समिति के अध्यक्ष जोगिंदर वालिया शामिल हुए, जिसमे पिछले कल जो मांग पत्र सौंपा गया था। उस पर विस्तार से वातचीत के उपरांत एसडीएम् बल्ह ने फोरलेन संघर्ष समिति को अशस्वान दिया कि 30 जून तक डडौर-नोलौखा में सर्विस लेन कि सभी रूकावटों को दूर कर दिया जाएगा।

### कैंसिल हो नौणी विवि के कुलपति का अवधि विस्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सदर विधानसभा युवा कांग्रेस ने नौणी विश्वविद्यालय के कुलपति को अवैध रूप से दिए गए अवधि विस्तार के खिलाफ युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हमित जंवाल की अध्यक्षता में एसडीएम रुपिंदर कौर के समक्ष ज्ञापन सौंपा। यह विस्तार उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है, जिसे हम किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे। शैक्षणिक संस्थानों में अवैध नियुक्तियां और सत्ता के संरक्षण में हो रहा शिक्षा का भगवाकरण लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। राज्यपाल को अपने संवैधानिक पद की गरिमा का सम्मान करते हुए निष्पक्ष निर्णय लेना चाहिए, न कि पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाना। मंडी सदर ब्लॉक अध्यक्ष हितेश, मंडी नगर निगम अध्यक्ष किशोरी ठाकुर, एनएसयूआई मंडी कैंप अध्यक्ष नामित, प्रतीक, शिवम वह युवा कांग्रेस के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ ली शपथ

**अनंत ज्ञान, गोहर।** गोहर सिविल कोर्ट में बुधवार को सुबह 11 बजे आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिविल जज प्रिया डोगरा की अगुवाई में अधिवक्ताओं, कोर्ट स्टाफ और पेशी पर आए सायलों ने आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ शपथ ली। शपथ में सभी ने मानवता के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव और सूझबूझ को बढ़ावा देने, साथ ही विघटनकारी शक्तियों से लड़ने का संकल्प लिया। समारोह में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत वशिष्ठ, नारायण सिंह, नरेश शर्मा, हर्ष शर्मा, यादवेंद्र ठाकुर, दिनेश कुमार, डीके ठाकुर, मुरारी लाल, अतुल शर्मा, हेमराज कुमार सहित कई अधिवक्ता और कोर्ट स्टाफ उपस्थित रहे।

### लोगों को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक नगर परिषद नेरचौक में पार्षद समिति के अध्यक्ष शक्ति सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में खंड स्वास्थ्य शिक्षक रत्ती सुरेश चंदेल ने समिति के द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के बारे में सभी सदस्यों को विस्तार से बताया। चंदेल ने कहा कि इस समिति का मुख्य उद्देश्य शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना, स्वच्छता और पोषण स्तर सुधारना और विभिन्न प्रकार की बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है, ताकि लोग स्वस्थ रहे। इस बैठक में खंड स्वास्थ्य शिक्षक रत्ती सुरेश चंदेल, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रत्ती देव राज, महेंद्र सिंह, किरण कुमारी जेबीटी अध्यापक, हुक्मी देवी सहित कई मौजूद रहे।

### विधायक ने एफआरसी के पहलुओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विधायक धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र चंद्रशेखर की अध्यक्षता में बुधवार को वन अधिकार अधिनियम 2006 को लेकर एक बैठक व प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर सभागार व जल शक्ति विभाग निरीक्षण कुटीर बरोटी में किया गया। इस दौरान एसडीएम धर्मपुर स्वाति डोगरा भी उपस्थित रहीं। कार्यशाला में एफआरसी के तहत उपमंडल धर्मपुर की पंचायतों के अधीन आने वाली एफआरसी के प्रधान, सचिव व सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में विधायक ने उपस्थित लोगों की वन अधिकार अधिनियम 2006 संबंधित पहलुओं पर चर्चा की तथा शंकाओं को भी दूर किया। विधायक ने कहा कि एफआरसी को सुचारू तौर पर क्रियान्वित करने के लिए राज्य सरकार ने ऐतिहासिक पहल की है इससे पात्र लोगों को उनका मालिकाना हक मिलेगा।

### कांस्य पदक विजेता रोहित को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट की रिस्सा पंचायत के उभरते रेसलर रोहित राव को खेल विभाग एवं शिक्षा मंत्री ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय खेल में कांस्य पदक प्राप्त करने के लिए मिला। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पोर्टमोर में मंगलवार को राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। बता दें कि स्कूलों की 68वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा।

### अमन वर्मा हेड ब्वॉय व आंचल हेड गर्ल चुनी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्थानीय पाठशाला में बुधवार को ओथ सेरेमनी का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए अमन वर्मा को हेड बॉय और आंचल को हेड गर्ल चुना गया। इस दौरान स्कूल के चारों सदनों का चयन भी किया गया। रानी लक्ष्मी बाई सदन से सोनल भारद्वाज कप्तान और निवेदिता गुप्ता को उप कप्तान चुना गया। नेहरू सदन से उदय भानु को कप्तान और आंचल को उप कप्तान चुना गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस सदन से सुनैना को कप्तान व आराध्य को उप कप्तान तथा रविंद्रनाथ टैगोर सदन से स्वस्तिका को कप्तान व ध्रुविका को उप कप्तान चुना गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक बलवंत सिंह बरारी ने चयनित सदस्यों को उनके चयन पर शुभकामनाएं प्रदान की ।

### 24 को बंद हो जाएगी हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी कुल्लू मार्ग पर मंडी से चार किलोमीटर दूर बिंद्रावणी स्थित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का बजूद 28 साल एक महीने के बाद 24 मई शनिवार को मिट जाएगा। इसके बाद अब शायद ही दर्शकों को एक छत के नीचे समूचे हिमाचल प्रदेश के दर्शन हो पाएंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए संस्थापक एवं छायाकार बीरबल शर्मा ने कहा कि इस संग्रहालय को बचाने के लिए उनके सभी प्रयास असफल रहे हैं। फोरलेन के लिए लगातार दूसरी बार इस फोटो गैलरी को उजाड़ा गया है। भवन को तोड़ने के लिए लगातार बनाए जा रहे दबाव को देखते हुए अब इसे और ज्यादा दिन तक बचाए रखना संभव नहीं है। इसके विशाल संग्रह को किसी उचित स्थान पर रखने की व्यवस्था की जा रही है।

# सुंदरनगर में एसडीएम ने आतंकवाद व हिंसा का विरोध करने की दिलाई शपथ



आतंकवाद व हिंसा का विरोध करने की शपथ दिलाते एसडीएम सुंदरनगर।

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी की अध्यक्षता में बुधवार को एसडीएम कार्यालय में आतंकवादी विरोधी दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं को आतंकवाद व हिंसा के पथ से दूर करना है।

उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आमजन से अपील की कि यदि किसी को कहीं पर भी कोई आतंकी गतिविधि होती दिखाई दे तो वे इसकी सूचना तुरंत पुलिस व प्रशासन को दे। एसडीएम ने सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे।

# आज एडीसी मंडी करेंगे जिला स्तरीय कुथाह मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, गोहर।** सराज विधानसभा क्षेत्र में जिला स्तरीय कुथाह मेले का वीरवार को एडीसी मंडी रोहित राठौड़ शुभारंभ करेंगे। बताते चलें कि जिला स्तरीय कुथाह मेलों का आयोजन जंजैहली के समीप कुथाह गांव में महादेव तुंगासी के परिसर में राजाओं के समय से किया जा रहा है और यह क्षेत्र में सबसे बड़ा मेला है। गुच्छियों की खरीद फरोख्त के लिए मशहूर यह मेला प्रत्येक वर्ष 22 मई से प्रारंभ होकर 31 मई तक आयोजित होता है। क्षेत्र में यह सबसे पहले आयोजित होने वाला पारंपरिक मेला है और लोग इस दौरान जमकर खरीददारी करते हैं। इस मेले में करोड़ों का कारोबार होता है और देशभर से व्यापारी यहां आते हैं। उपमंडलाधिकारी नागरिक थुनाग लक्ष्मण कनैट ने बताया कि जिला स्तरीय कुथाह मेलों में इस बार नशा मुक्त सराज थीम रखी गई है। उनकी अध्यक्षता में मेलों के सफल आयोजन के लिए बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी विभागों के अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और मेला कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। कनैट ने बताया कि मेलों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेले में सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, वहीं दिन में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी होंगी।

# भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंजा लडभड़ोल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



**भारतीय** सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और अदम्य शौर्य को नमन करते हुए बुधवार को लडभड़ोल तहसील में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस देशभक्ति से ओतप्रोत आयोजन में पूर्व सैनिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और स्कूली विद्यार्थियों ने भारी संख्या में भाग लेकर देशप्रेम की मिसाल पेश की। तिरंगा यात्रा की शुरुआत लडभड़ोल पेट्रोल पंप से हुई, जो बाजार का भ्रमण करते हुए न्यू मार्किट तक पहुंची। इस दौरान पूरे क्षेत्र में 'भारत माता की जय' और 'भारतीय सेना जिंदाबाद' के जयघोष गूंजते रहे। प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों ने दुश्मन को करारा जवाब देने वाली भारतीय सेना के पराक्रम की झलक दी। पूर्व सैनिक लीग लडभड़ोल के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने इस मौके पर कहा कि भारतीय सेना का साहस और रणनीतिक कौशल आज पूरे विश्व में चर्चा का विषय है।

पूर्व जोगिंद्रनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी ने सभी संगठनों, स्कूली बच्चों और मातृशक्ति की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। भारतीय सेना ने वह कर दिखाया है, जिसकी देश को लंबे समय से प्रतीक्षा थी।

# अभिलाषी शिक्षण समूह ने पूरे किए 24 गौरवपूर्ण वर्ष

## शिक्षा में युवाओं को सशक्त बनाने व उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने में निभाई अहम भूमिका

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** अभिलाषी शिक्षण समूह ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी 24 वर्षों की अद्भुत और प्रेरणादायक यात्रा पूरी कर ली है। यह सफलता संस्था के चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. एलके अभिलाषी और समस्त अभिलाषी परिवार की कड़ी मेहनत, दूरदर्शिता और समर्पण का परिणाम है। अभिलाषी समूह ने शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने, प्रतिभा को निखारने और उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने में अहम भूमिका निभाई है।

बता दें कि संस्था की स्थापना स्व. तुलसी राम अभिलाषी द्वारा 21 मई, 2001 को की गई थी। सोसायटी हिमाचल प्रदेश में निजी शैक्षणिक संस्थानों का संचालन करने में अग्रणी रही है। अभिलाषी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। इसमें प्रमुख रूप से साल 2003 में अभिलाषी कॉलेज ऑफ एजुकेशन को नेरचौक, मंडी में स्थापित किया गया, जहां डिप्लोमा एलीमेंट्री एजुकेशन व बीएड पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। वहीं वर्ष 2006 में अभिलाषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी नेरचौक मंडी को शुरू किया गया, जहां बी-फार्मा की पढ़ाई करवाई जाती है। इसके साथ अभिलाषी पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज नेरचौक मंडी में रसायन व वनस्पति विज्ञान में एमएससी पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई।



### कार्यक्रम में इन्होंने दर्ज करवाई उपस्थिति

**इस** मौके पर अभिलाषी शिक्षण समूह के चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. एलके अभिलाषी, जीनीयस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, डॉ. नीलम मौजूद रहे।

### 5 हजार छात्र ले रहे शिक्षा

**वर्ष** 2009 में टीआर अभिलाषी मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को स्थापित किया गया, जहां बीटेक, डिप्लोमा व आईटीआई पाठ्यक्रम विभिन्न इंजीनियरिंग व तकनीकी विषयों में उपलब्ध है। अभिलाषी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, टांडा, पोस्ट ऑफिस बल्ट, जिला मंडी में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और पोस्ट-बेसिक बीएससी व एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई कराई जाती है। इसी के साथ वर्ष 2014 में अभिलाषी विवि की नींव रखी गई, जहां पर आयुर्वेदा, हेल्थ साइंस, योगा, एग्रीकल्चर, वेटरनरी, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, बेसिक साइंस, एजुकेशन, ह्यूमैनिटीज, फार्मेसी जैसे विषय उपलब्ध हैं। इस समय 12 राज्यों के 5,000 से अधिक छात्र अभिलाषी ग्रुप में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

# भट्ठा हादसे के बाद वन विभाग ने एसडीएम को भेजी पेड़ों की रिपोर्ट

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के तहत भट्ठा क्षेत्र में हाल ही में हुई दर्दनाक घटना, जिसमें एक सूखा पेड़ गिरने से स्कूटी सवार युवक की जान चली गई। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम जोगिंद्रनगर ने वन विभाग को हादसे की जगह पर मौजूद पेड़ों की स्थिति की रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। वन मंडल अधिकारी अश्विनी शर्मा ने बताया कि उन्हें एसडीएम कार्यालय से पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें भट्ठा में हादसे के स्थल का निरीक्षण करने और पेड़ों की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर देने को कहा गया था। निर्देशों के अनुसार, वन विभाग की एक टीम को रेंज अफसर के नेतृत्व में मौके पर भेजा गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि घटनास्थल के आसपास पॉपुलर प्रजाति के लगभग 15 पेड़ मौजूद हैं। टीम ने मौके पर पेड़ों की स्थिति का पूरी तरह से मूल्यांकन कर रिपोर्ट तैयार की, जिसे वन मंडल अधिकारी ने एसडीएम को भेज दिया है। अश्विनी शर्मा ने बताया कि विभाग ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए त्वरित कार्रवाई की है और अब अगली प्रक्रिया एसडीएम के निर्देशों पर निर्भर करेगी। यदि प्रशासन की ओर से सूखे या खतरनाक पेड़ों को हटाने के आदेश दिए जाते हैं, तो वन विभाग आवश्यक कार्रवाई करेगा।



वन मंडल अधिकारी अश्विनी शर्मा।

# राजीव गांधी ने देश की एकता-अखंडता के लिए दी थी प्राणों की आहुति : आकाश



राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांगेसी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**पूर्व** प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गांधी भवन मंडी में एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता योगेश पटेल पूर्व अध्यक्ष सदर कांग्रेस मंडी ने की। सर्वप्रथम स्व राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया।

इस अवसर पर आकाश शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनकी याद में इस दिन को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जोगिंद्र, आकाश शर्मा, अनिल सेन, प्रदीप शर्मा, योगराज योगा, भूप सिंह, प्रकाश कश्यप, दीपक, भगवान सिंह, जितेंद्र, हमित जमवाल, किशोरी ठाकुर, हितेश, लाभ सिंह, प्रतीक, महेश, संजय शर्मा, उपेंद्र सहित कई उपस्थित रहे।

# स्नैच खेल में कायरा फर्स्ट व नक्श सेकेंड

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** असेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पधर में बुधवार को नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं के बच्चों के लिए रंगारंग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान और माया चौहान ने की। कार्यक्रम के तहत नर्सरी के बच्चों के लिए स्नैच खेल, एलकेजी के लिए बॉल दौड़ और यूकेजी के बच्चों के लिए कप चैलेंज जैसी मनोरंजक गतिविधियां करवाई गईं।

इस दौरान नर्सरी की कायरा प्रथम व नक्श द्वितीय, एलकेजी से अमायरा प्रथम, तीस्ता द्वितीय व अवनी तृतीय, यूकेजी में सूर्यांश प्रथम, सृष्टि द्वितीय व दिव्यांश ठाकुर तृतीय स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। इस अवसर पर आचार्य पवना कुमारी, शशिलता, सत्या देवी और संदीप कुमार भी उपस्थित रहे।

# जोगिंद्रनगर व चौंतड़ा में यातायात नियम तोड़ने पर 26 वाहनों से वसूला 1.25 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**बुधवार** को जोगिंद्रनगर और चौंतड़ा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने एक बड़ा अभियान चलाया। यह विशेष चेकिंग अभियान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) मंडी नवीन कुमार के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें स्कूल बसों सहित कई निजी वाहनों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान कुल 26 वाहनों को नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। मौके पर ही इन गाड़ियों के चालान किए गए, इस दौरान विभाग ने लगभग 1.25 लाख रुपए जुर्माना वसूल किया।

इस अभियान में खास ध्यान स्कूल बसों पर दिया गया। आरटीओ नवीन कुमार ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े वाहनों में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान कई स्कूल बसों में फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, वैध परमिट और अनिवार्य सुरक्षा उपकरण जैसे फायर एक्सटिंगुइशर, फर्स्ट एड बॉक्स और इमरजेंसी एग्जिट की कमी पाई गई। उन्होंने कहा कि बच्चों की जान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्कूल प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी बसें पूरी तरह से सुरक्षित और नियमों के अनुरूप हों।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

**आरटीओ** नवीन कुमार ने स्पष्ट किया कि परिवहन विभाग समय-समय पर ऐसे अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करता रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे सभी दस्तावेज समय पर अपडेट रखें और वाहनों में जरूरी सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

### स्थानीय जनता ने जताई संतुष्टि

**स्थानीय** लोगों ने परिवहन विभाग की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि ऐसे नियमित निरीक्षणों से सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी और खासकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

**गुस्सा** मोटिवेटर की जल्द नियुक्ति नहीं हुई तो बोर्ड ऑफिस हमीरपुर का करेंगे घेराव : करतार

# मजदूरों का बोर्ड ऑफिस सरकाघाट में प्रदर्शन

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** सीटू से सबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन ने सरकाघाट में मजदूरों की मांगों को लेकर शहर में रैली निकाल कर प्रदर्शन किया और उसके बाद एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कवंर को मांगपत्र भेजा जिसकी प्रतियां सरकाघाट और धर्मपुर के विधायक और बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह को भी भेजी गई।

मांगपत्र में मुख्यता सरकाघाट में बोर्ड के सब ऑफिस में पिछले तीन साल से मोटिवेटर के खाली पद को तुरंत भरने की मांग की गई। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के प्रधान करतार सिंह चौहान सचिव प्रकाश वर्मा, मॉन सिंह, सोहन सिंह, सुखराम, विजय कुमार, मोहनलाल, रणताज राणा, नानक, मॉन सिंह, कंचना, आशा, करुणा, सावित्री, कमलेश इत्यादि ने किया और बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह भी इस दौरान उपस्थित रहे। मांगपत्र में मांग की गई है कि सरकाघाट सब ऑफिस के तहत 30 हजार मजदूर पंजीकृत हैं, लेकिन बड़ी हैरानी की बात है कि इस ऑफिस में मुख्य पद पर कोई कर्मचारी नहीं है और तीन साल से पोस्ट खाली पड़ी है और केवल डाटा एंट्री ऑपरेटर और चपरासी ही काम चला रहे हैं। स्थिति ये है कि मजदूरों की लंबी कतार बस स्टैंड तक लग जाती है और शाम तक भी उनके काम नहीं हो पाते हैं।

ई-केवाईसी के लिए पंचायत स्तर पर कैंप करने के निर्देश बोर्ड ने जारी किए हैं, लेकिन बिना मोटीवेटर के यहां पर ये कैम्प आयोजित नहीं हो रहे हैं। नए पंजीकरण और नवीनीकरण का काम महीनों तक लंबित रहता है ।कार्यालय में रिकॉर्ड रखने के लिए अलमारियों और रैक्स तक की पूरी व्यवस्था नहीं है। यूनियन ने बोर्ड अध्यक्ष से पिछले तीन साल की लंबित वित्तीय सहायता जारी करने की भी मांग की है।



मजदूरों की मांगों को लेकर एसडीएम सरकाघाट को ज्ञापन सौंपते हुए।

# मां ने दूध बेचकर बच्चों को पढ़ाया, बेटी ने नर्सिंग ऑफिसर बनकर नाम चमकाया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** क्षेत्र की गोरत गांव में एक गरीब घर में जन्मी बेटी उर्वशी ठाकुर देश के सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान एम्स दिल्ली में बतौर नर्सिंग ऑफिसर सेवाएं देगी। उर्वशी की इस कामयाबी पर क्षेत्र भर में खुशी की लहर है। उर्वशी के साथ-साथ उसकी छोटी बहन संजना भी बीएससी नर्सिंग की शिक्षा प्राप्त कर रही है जबकि छोटा भाई संचित आठवीं कक्षा में पढ़ रहा है। उर्वशी एक बेहद गरीब परिवार से संबंध रखती है। उसके पिता रमेश कुमार मानसिक रूप से कमजोर हैं। परिवार और बच्चों के पालन पोषण से लेकर पढ़ाई तक की सारी जिम्मेदारी जब मां ममता देवी पर आई तो उसने न सिर्फ लोगों के कपड़े सिलाई करना शुरू किया, बल्कि दो भैंसों को पालकर उनका दूध बेचकर अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया। उर्वशी ने प्लस टू तक की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मढ़ी से प्राप्त की है जबकि बीएससी नर्सिंग अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज से प्राप्त की है। उर्वशी ने बीएससी नर्सिंग फर्स्ट रैंक हासिल करने के बाद भी उसने बिना किसी संस्थान से कोई भी कोचिंग लिए हुए यूपीएएससी में इंप्लाई इंश्योरेंस कॉरपोरेशन की परीक्षा भी पास कर ली है।



## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवियों ने संवारा कुठेड़ा जसवालां स्कूल

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुठेड़ा जसवालां में एकदिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने सरस्वती मां के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आरंभ किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा की एनएसएस विद्यार्थियों में समाज सेवा की भावना उत्पन्न करता है तथा विद्यार्थी जीवन में बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। एनएसएस अधिकारी अरुणा राणा व राजीव राणा तथा समस्त अध्यापकों के मार्गदर्शन में स्कूल के गेट के बाहर, स्कूल के अंदर एनएसएस वाटिका, इको क्लब हर्बल वाटिका इत्यादि में उगी खरपतवार घास व झाड़ियों को काटकर संवारा तथा गमलों का सही से रखरखाव किया व पौधों को पानी दिया। स्वयंसेवियों ने कैंप के अंत में जलपान का आनंद उठाया। इस अवसर पर भारती, तुषार, अनूप, अरमान आयुष, खुशहाल, मन्नत, अंजली, मृदुल, इत्यादि सभी एनएसएस स्वयंसेवियों ने श्रमदान किया।

### सिंगा में मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, हरोली।** उपमंडल के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंगा के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। बुधवार को ग्राम पंचायत सिंगा के प्रधान गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बाबा ने दसवीं व बाहरवीं के परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण रहे बच्चो को प्रोत्साहित राशि देकर सम्मानित किया। वही, बढ़ रही गर्मी को देखते हुए स्कूल के लिए एक वाटर कूलर भेंट किया, साथ ही दो दर्जन करीब जरूरतमंद बच्चो जूते भी दिए गए। प्रधानाचार्य राकेश कुमार, स्टॉफ, राकेश कुमार, कलदीप सिंह, आशा देवी, कमल सिंह, शमा रानी, उषा कौंडल, हरदीप कौर, गुरुप्रीत कौर, निशा, प्रतिभा सहित अन्य मौजूद रहे।

### दुलैहड़ में कल मोबाइल कैंटीन का लाभ उठाएं लोग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए 23 मई को प्रातः साढ़े 9 से 10 बजे के बीच मोबाइल कैंटीन, आकाश कैंटीन ऊना के तत्वाधान से दुलैहड़ पंचायत (तहसील हरोली) के प्रांगण में पहुंचेगी। इस मोबार्दल कैंटीन से पूर्व सैनिक और उनके आश्रित, आवश्यक किराना ( ग्रोसरी) सामग्री, जिससे वे किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण सामान प्राप्त कर सकेंगे। मैनेजर आकाश कैं टीन ऊना, कमांडर विजय कुमार (रि.) ने बताया कि यह सुविधा पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों (जिनके पास कैंटीन कार्ड हैं ) की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए प्रदान की जा रही है। बिल भुगतान ए टी म के मध्यम से लिया जाएगा। इंडियन एक्स सर्विसेज लीग के चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद, वरिष्ठ वाइस चेयरमैन राजेंद्र शर्मा एवं वाइस चेयरमैन लेफ्टिनेंट एसपी शर्मा ने बताया कि अभी तक मोबाइल कैंटीन से लिकर भेजने का प्रावधान नहीं है। पूर्व सैनिकों की मांग को देखते हुऐ इस बारे उच्च अधिकारियों से संपर्क करने कोशिश की जा रही है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों का ब्लड ग्रुप जांचा

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियाणी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में जमा एक एवं जमा दो कक्षाओं के स्वयंसेवियों के ब्लड ग्रुप की जांच करवाई गई। इससे पहले छात्रों ने स्कूल परिसर की सफाई भी की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह एवं सरिता देवी की देखरेख में ब्लड ग्रुप जांच का कार्य लैब टेक्नीशियन अजीत सिंह ने किया । इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक देवेंद्र सिंह बेली, सरिता देवी , चेतना जसवाल सहित स्कूल सभी शिक्षक मौजूद थे। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में ब्लड ग्रुप की जानकारी उपलब्ध करवाना था। स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष दर्शन सिंह ने इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर करवाने का आह्वान किया। स्कूल के शिक्षक देवेंद्र सिंह बेली ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने ब्लड ग्रुप के बारे में जानकारी होना बहुत ही जरूरी है, किसी भी समय आपदा आने पर किसी भी नागरिक को समस्या आने पर उसकी मदद स्वयंसेवियों के द्वारा की जा सकती है।

### छात्रों को होना पड़ा मानसिक प्रताड़ना का शिकार : जीवन

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जल्दबाजी में जारी जमा दो परीक्षा परिणाम से हजारों विद्यार्थियों को मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना



पड़ा। हिप्र स्कूल शिक्षा विभाग से सेवानिवृत अर्थशास्त्र प्रवक्ता जीवन मोदगिल ने चिंता ज़ाहिर करते हुए कहा कि इतनी बड़ी चूक किस स्तर पर हुई, यह एक जांच का विषय है। अगर परीक्षा परिणाम घोषित होने के एकदम बाद अभिभावकों, छात्रों और अध्यापकों द्वारा यह आवाज न उठाई जाती, तो शायद यह मामला यूं ही दब जाता और इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के साथ अन्याय हो जाता। गनीमत यह रही कि यह मामला जल्दी उजागर हो गया तो अब उम्मीद है कि एक बड़ी संख्या में बच्चों को राहत मिलेगी और परिणाम में पाई गई खामियां दूर होंगी। जीवन मोदगिल ने यह भी आग्रह किया है कि बोर्ड द्वारा निर्धारित पुनर्मूल्यांकन की फीस को तत्काल प्रभाव से कम किया जाए ताकि जो बच्चे अपने परिणाम से सन्तुष्ट नहीं हैं वो दोबारा मूल्यांकन करवा सकें।

### घालूवाल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ते घालूवाल गांव में मंगलवार को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम द्वारा एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व डॉ. प्रदीप कुमार ने किया, जिसमें स्थानीय आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी सक्रिय सहयोग रहा। स्वास्थ्य सेवा टीम ने गांव के 70 लोगों की स्वास्थ्य जांच की, जिनमें मुख्य रूप से ब्लड शुगर, उच्च रक्तचाप, जोड़ो के दर्द जैसी सामान्य लेकिन गंभीर समस्याओं की पहचान की गई। जांच में 7 मधुमेह, 9 उच्च रक्तचाप और 12 जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीज पाए गए। उपप्रधान अनिल जसवाल ने संसद अनुराग ठाकुर और प्रयास संस्था का आभार व्यक्त किया।

### सेंसोवाल सभा के इजलास में मेधावी स्टूडेंट्स सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले की सेंसोवाल कृषि सहकारी सभा के आम इजलास में मेधावी स्टूडेंट्स को सहकार ग्राम प्रतिभा सम्मान पुरस्कार देकर नवाजा गया । इस मौके पर सहायक पंजीयक अधिकारी संदेश बाला, निरीक्षक उमेश शर्मा , हॉर्टिकल्चर खंड अधिकारी डा कविता कुमारी, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. योगिता, इफ्को, कृषि अधिकारी , एकल नारी संगठन की प्रधान कांता शर्मा, प्रिंसिपल अरुणा कौशल सचिव हरजीत सिंह, सहकार विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी रवि जसवाल आदि उपस्थित रहे। सभा में चेयरमैन शिव शशि कंवर ने बताया कि बीते वर्षों से सभा अपने ग्राहकों को 15 प्रतिशत लाभांश दे रही है । विकास को और अधिक गति देने के लिए सभा में आम इजलास बुलाया गया है। इसमें मेधावी स्टूडेंट्स को सहकार ग्राम प्रतिभा सम्मान पुरस्कार देने का शुभारंभ किया गया है।

# राहत लेकर आई बारिश बनी आफत

## कुछ ही देर में तरबतर हुआ तलमेहड़ा बाजार, सड़कों पर थमे वाहनों के पहिये

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/ पंजवार/ जोल**

जिले में अंधड़ और तूफान के साथ ओलावृष्टि में बड़े-बड़े गोले गिरने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। करीब एक घंटे तक ऐसे मौसम ने पूरे क्षेत्र में कहर बरपाया। सड़कों पर यातायात थम गया और लोग घरों के भीतर दुबक गए। हालात ऐसे थे कि आंधी से कई पेड़ टूट गए और ओलावृष्टि से कई जगह शीशे का सामान टूट गया है।

जोल उपतहसील में भीषण गर्मी के बीच मौसम बदला बुधवार दोपहर के बाद झमाझम बारिश के बीच ओलावृष्टि भी हुई, जिससे तेज गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली। वहीं, अचानक हुई इस बारिश से किसानों के चेहरे पर मक्की की फसल की बिजाई के लिए खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

बुधवार दोपहर के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और हल्के हवा के झोंकों के साथ बारिश की बूंदे तेज रफ्तार से टपकने लगीं। हालांकि बारिश की शुरुआती दौर में कुछ देर ओले भी गिरे, लेकिन बारिश की रफ्तार बढ़ते ही ओले गिरना बंद हो गए। कुछ ही देर हुई झमाझम बारिश ने पूरे क्षेत्र को तरबतर कर दिया।



बारिश में गिरे बड़े-बड़े ओले।

### किसानों के लिए रही राहत की बारिश

मई के महीने में चिलचिलाती धूप के कारण आम जनजीवन परेशान नजर आ रहा था। फिलहाल इस बेमौसम बारिश के बाद राहत की सांस ली है। दूसरी तरफ किसानों की बात करें तो फिलहाल खेतों में मक्की की फसल बीजने को लोग तैयार हो गए हैं। तेज गर्मी के कारण जल स्रोतों ने जवाब देना शुरू कर दिया है। जिससे किसानों के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई थी। लेकिन जोल क्षेत्र में हुई छम छम बारिश के बाद किसानों ने भी फिलहाल थोड़ी राहत महसूस की है।

### गगरेट में दिन में ही छाया अंधेरा

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** गगरेट में मौसम ने बुधवार को अचानक करवट ली, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। दोपहर के समय तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका था, लेकिन दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई। घने बादलों और मूसलधार बारिश के कारण दिन में ही रात जैसा अंधेरा छा गया।

स्थिति ऐसी बन गई कि दुकानों और वाहनों को लाइटें जलानी पड़ीं। बारिश के साथ गिरे ओलों ने गर्म हवा और चिलचिलाती धूप से जूझ रहे लोगों को राहत दी। मौसम के इस अचानक बदलाव ने सिर्फ आम लोगों को ही नहीं, बल्कि किसानों को भी सुकून पहुंचाया है। वर्तमान में खेतों में कोई खड़ी फसल नहीं है। रबी की फसल की कटाई पहले ही हो चुकी है और खरीफ फसलों की बुआई जून में शुरू होती है। ऐसे में बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि खेतों की मिट्टी को नमी मिल गई है, जिससे आने वाली धान और मक्का जैसी खरीफ फसलों की बुआई में लाभ होगा। स्थानीय किसान भी इस बदले मौसम को शुभ संकेत मान रहे हैं।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि लंबे समय से सूखी गर्मी पड़ रही थी, जिससे खेतों की मिट्टी सूख गई थी। अब बारिश से मिट्टी में पर्याप्त नमी आ गई है, जो बुआई के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करेगी। बारिश और अंधकार के चलते कुछ देर के लिए जनजीवन प्रभावित रहा।

इसके बाद अचानक मौसम का मिजाज नरम पड़ गया। इस दौरान अचानक हुई बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों ने फिलहाल भीषण गर्मी से राहत की सांस ली है। उधर, रायपुर मैदान, संतोषगढ़, नंगल, गगरेट के कुठेड़ा जसवालां, जोल और चौकीमनियार आदि गांवों में ऐसा कहर बरपा है।

# प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने उठाया स्कूल शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली पर प्रश्न

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ऊना के अध्यक्ष शशि पाल सैनी और महासचिव संजीव कुमार ने 18 मई को संपन्न हुए जिला ऊना के प्रवक्ता संघ के चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए सभी प्रवक्ता साथियों का धन्यवाद किया। जिलाध्यक्ष शशि सैनी ने ऑब्जर्वर हरीश जोशी प्रधानाचार्य बेहडाला और राकेश जसवाल प्रधानाचार्य देहला का चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए धन्यवाद किया तथा अपने प्रवक्ता साथियों को संदेश दिया कि आपने एक जिलाध्यक्ष न चुनकर मुझे एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी दी है, जो आप सब के सहयोग और मार्गदर्शन से पूरा करने की कोशिश करूंगा।

इसके साथ उन्होंने अपने सभी प्रवक्ता साथियों से 25 जून को सुंदरनगर में होने जा रहे स्टेट इलेक्शन भाग लेने का आह्वान किया। इसके साथ साथ उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड जिस तरह से पुनर्जांच और पुनः मूल्यांकन की फीस में बढ़ोतरी कर रहा है, वह सही कार्य नहीं है। एक तरफ तो सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाकर सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सहायता करती है किंतु दूसरी तरफ स्कूल शिक्षा बोर्ड मनमानी तरीके से पुनः मूल्यांकन और पुनर्जांच की फीस में भारी वृद्धि करके विद्यार्थियों की परेशानियां बढ़ा दी है। गरीब बच्चे इतनी बड़ी फीस देकर कैसे पुनः मूल्यांकन या पुनः जांच कैसे करवा पाएंगे। यह उनके भविष्य से खिलवाड़ होगा।

प्रवक्ता संघ ने बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लगाया है। बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के अंग्रेजी के पेपर में की गई लापरवाही दुखद है। प्रवक्ता संघ मांग करता है कि दोषियों पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि ऐसी लापरवाही शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली तथा छवि को धूमिल करती है क्योंकि अगर अध्यापक द्वारा ऐसी कोई गलती हो जाए तो उसे 3 साल के लिए डिबार्ड किया जाता है। इस दौरान राम कुमार, मनजीत सोनी, विपिन शर्मा, यशपाल धीमान, सुरेंद्र कुमार, मुकेश सालरिया, यशविंदर मिन्हास, गुरमेल सिंह, संजीव धीमान, राजीव शर्मा, संजीव कुमार, संजीव बग्गा, नरेश कुमार, रवीश कुमार, जितेंद्र कुमार, नवीन धीमान, रवि राणा, संदीप शर्मा, राजीव राणा, सूरज हांडा, अटल कुमार, संजीव भारद्वाज, अमित शर्मा आदि अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बड़ा जरूरी काम होने पर ही निकलें बाहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

पिछले कुछ दिनों से ऊना जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुए आगामी दिनों में गर्म हवाएं एवं लू चलने के आसार दिख रहे हैं, ऐसे में स्थानीय निवासियों को अपनी सेहत के प्रति सावधानियां बरतनी



चाहिएं। जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संदर्भ में एडवाजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी सेहत के प्रति सतर्क रहें क्योंकि गर्म हवाएं एवं लू खतरनाक साबित हो सकती है।

**लू से सुरक्षा उपाय :** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें। जितनी बार हो सके पानी पीयें, प्यास न भी लगे तो भी पानी पीयें। सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें। जब भी बाहर धूप में जाएं तो हल्के रंग के और ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें, धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें और हमेशा जूते या चप्पल पहनें।

अधिक तापमान में कठिन काम ना करें। जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर के काम से बचें। अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर व गर्दन पर रखें। हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन का सेवन न करें जैसे मांस व मेवे जो शारीरिक ताप को बढ़ाते हैं। घर में बना पेयजल जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का पन्ना इत्यादि का नियमित सेवन करें।

बच्चों को पार्क किए हुए वाहनों में अकेला न छोड़ें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियां खुली रखें। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और आगामी तापमान में परिवर्तन के बारे में सतर्क रहें। अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डाक्टर से संपर्क करें।

### लू लगने पर क्या करें

**उपायुक्त** ने बताया कि सावधानी बरतने के बावजूद अगर किसी को लू लग जाए तो तुरंत व्यक्ति को छांव में लिटा दें। अगर तंग कपड़े हों तो ढीला कर दें अथवा हटा दें। ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं। व्यक्ति को ओआरएस, नींबू पानीध्नमक-चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके। यदि व्यक्ति पानी की उल्टियां करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने व पीने को न दें। लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं और चिकित्सक की सलाह लें।

**जिला प्रशासन ने बढ़ती गर्मी को लेकर जारी की एडवाइजरी**

# डीसी ने खेल स्टेडियम में चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा



इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम में विकास कार्यों की व्यवस्था देखते उपायुक्त जतिन लाल।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना के डीसी जतिन लाल ने बुधवार को इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम ऊना का दौरा किया और वहां इंडोर व आउटडोर स्टेडियम में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम में सामर्थ्य योजना के तहत आउटडोर स्टेडियम परिसर में एक आधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है, जिसका मकसद जिले के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए उपयुक्त मंच प्रदान करना है। इस दौरान उपायुक्त ने वहां अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं व सुझाव सुने।

उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में और भी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस अवसर पर जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी उत्तम डोड सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मुकेश पिपलू मेले का करेंगे शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले का शुभारंभ 5 जून को होने जा रहा है। राज्य के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री मेला के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के



विधायक विवेक शर्मा ने दी। विवेक शर्मा ने बताया कि 5 जून को पिपलू मेले का विधिवत उद्घाटन डिप्टी सीएम करेंगे। 6 जून को मेले के दूसरे दिन प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

7 जून को मेले का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें पर्यटन विभाग के कैबिनेट रैंक मंत्री रघुबीर सिंह बाली मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू और गगरेट के विधायक राकेश कलिया भी मेले के विभिन्न आयोजनों में शामिल रहेंगे और स्थानीय जनता से रू-ब-रू होंगे।

# यातायात नियमों का पालन करने वाहन चालकों को बांटे पौधे



लोगों को सड़क नियमों का पालन करने का आह्वान करते प्रेस क्लब के सदस्य

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान**

**टाहलीवाल।** हरोली क्षेत्र के अंतर्गत प्रेस क्लब हरोली के भवन टाहलीवाल में स्ट्रिंगर पत्रकार व प्रेस क्लब हरोली के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजीव पाठक को दो मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

इसके उपरांत स्वर्गीय राजीव पाठक की याद में टाहलीवाल बस स्टैंड पर प्रेस क्लब हरोली द्वारा हरोली पुलिस के सहयोग से वाहन चालकों को जागरूक करने के सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा अभियान चलाया गया। प्रेस क्लब हरोली के अध्यक्ष गणपति गौतम ने बताया कि 100 औषधीय व फलदार पौधे उन वाहन चालकों को वितरित किए गए, जो नियमों का पालन कर रहे थे।

हरोली ब्लॉक इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कौशल भी इस अभियान से प्रभावित हुए। इस दौरान एसएचओ. हरोली सुनील संख्यान ने भी प्रेस क्लब के इस अभियान की तारीफ की।

# ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर कुटलैहड़ भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** भारतीय सेना द्वारा हाल ही में अंजाम दिए गए सफल ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर पूरे देश में गर्व और उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में कुटलैहड़ भाजपा मंडल द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं, युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर बिलासपुर से भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल मुख्य प्रवक्ता के रूप में शमिल हुए।

वहीं, कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा बंगाणा भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर बाजार से होती हुई रेस्ट हाउस चौक तक पहुंचकर वापस बंगाणा चौक पर पहुंची। यात्रा में युवाओं के जोश और देशभक्ति के नारों ने वातावरण को पूरी तरह राष्ट्रमय बना दिया। हर हाथ में तिरंगा और हर दिल में भारतीय सेना के लिए सम्मान दिखाई दिया। इस



बंगाणा तिरंगा यात्रा में शामिल नेता और कार्यकर्ता, जिन्होंने भारत माता के वीर सपूतों को नमन किया।

अवसर पर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूरी तरह सुरक्षित है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रमाण है कि अब भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की रणनीति पर कार्य कर रहा है। हमारी सेना ने सिर्फ 23 मिनट में पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों का सफाया कर दिया। यह हमारे सैन्य बलों की ताकत और रणनीतिक क्षमताओं का जीवंत उदाहरण है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब वह देश नहीं रहा जो सिर्फ जवाब देता था, बल्कि अब भारत पहले वार करने की नीति पर अमल कर रहा है, जब राष्ट्रीय सुरक्षा की बात हो। वहीं, कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस को हम सलाम करते हैं। आतंकवाद एक नासूर बन चुका था, जिसका इलाज केवल ऑपरेशन सिंदूर जैसे साहसिक कदमों से ही संभव है। आज भारत का हर नागरिक अपनी सेना पर गर्व कर रहा है।

देश की सुरक्षा के लिए हमारे जवानों का यह बलिदान और पराक्रम सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सदैव राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती आई है और आने वाले समय में भी आतंकवाद, अलगाववाद और देशविरोधी ताकतों के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई होती रहेगी। इस कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा सहित कई संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के अंत में देश की एकता, अखंडता और शांति के लिए प्रार्थना की गई और यह संकल्प लिया गया कि देश की रक्षा में हम सभी सदैव सेना के साथ खड़े रहेंगे।

इस यात्रा में प्रदेश सचिव एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के के सह प्रभारी सुमीत शर्मा, जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, राज कुमार वर्मा, जिप सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, भाजपा नेता बलराम बबलू, मनोहर लाल शर्मा, संतोष सैनी, सुषमा ठाकुर, निशा भुल्लर, राजकुमार वर्मा, शीशन सिंह, कैप्टन प्रीतम डडवाल, युवक मंडल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

**स्वरोजगार** मुख्यमंत्री मधु विकास योजना के जरिए स्वरोजगार की मिसाल, मौन पालन से सालाना कमा रहे 30 लाख, युवाओं को दिया रोजगार

# अनुभव सूद की सफलता की कहानी में शहद की मिठास

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री मधु विकास योजना ने ऊना जिले के एक युवा की तकदीर ही बदल दी है। अंबोटा गांव के अनुभव सूद ने मात्र एक लाख रुपए की लागत से मौन पालन की शुरुआत की और आज वे सालाना 30 लाख रुपए की आय और इसमें सब खर्चे निकाल कर करीब 10 लाख रुपए का शुद्ध लाभ कमा रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने 10 अन्य लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार भी दिया है।





मौन पालन के लिए रखे गए डिब्बे, (दाएं) अनुभव सूद अपने ऑफिस में कार्य करते हुए।

अनुभव की यह सफलता न केवल उनके लिए बल्कि स्वरोजगार की तलाश कर रहे प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है। मौनपालन में उन्होंने 'पहाड़ी शहद' के नाम से अपने उत्पाद बाजार में उतारे हैं, जिनकी विभिन्न किस्में जैसे ब्लैक फोरेस्ट, ब्लैक डायमंड, मल्टी फ्लोरा, केसर, अकाशिया, अब हिमाचल की सीमाओं से बाहर भी अपनी मिठास बिखेर रही हैं।

**मां से प्रेरणा, मेहनत से मुकाम :** अनुभव बताते हैं कि उन्हें प्रेरणा उनकी माता निशा सूद से मिली, जो खुद फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बागवानी विभाग के माध्यम से नौणी विश्वविद्यालय, सोलन में एक माह और शेर-ए-कश्मीर कृषि विश्वविद्यालय, कटरा में 7 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्यमंत्री मधु विकास योजना के अंतर्गत केवल 1 लाख रुपए की लागत में उन्होंने 25 बॉक्स से मौनपालन की शुरुआत की, जिसमें 80 फीसदी यानी 80 हजार तक अनुदान मिला। पहले साल में ही 48 हजार की आय और 25 हजार की बचत ने उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत उन्होंने केनरा बैंक से 10 लाख रुपए का ऋण लेकर व्यवसाय को विस्तार दिया।

**300 बॉक्स, 10 हजार किलो शहद :** आज अनुभव सूद के पास 300 मधुमक्खी बॉक्स हैं। इनसे साल भर में लगभग 10 हजार किलो शहद का उत्पादन होता है। उन्होंने अपने उत्पादों को 'पहाड़ी शहद' ब्रांड से बाजार में उतारा है।

**शहद की विविध किस्मों की अनोखी मिठास और प्रमाणित गुणवत्ता :** अनुभव बताते हैं कि वे विभिन्न ऋतुओं में शहद उत्पादन के लिए मधुमक्खियों को हिमाचल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान तक माइग्रेट करते हैं। इस तकनीक से उन्हें बेहतर गुणवत्ता और विविधता वाला शहद मिलता है। इससे उन्हें मल्टी फ्लोरा, ब्लैक फॉरेस्ट, ब्लैक डायमंड, अकाशिया, सरसों और केसर हनी जैसी कई किस्मों के शहद प्राप्त होते हैं। अनुभव सूद द्वारा उत्पादित सभी शहद भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से प्रमाणित हैं, जिनकी कीमत गुणवत्ता और किस्म के अनुसार 500 से 1200 रुपए प्रति किलोग्राम तक निर्धारित हैं। उन्होंने अपने मौन पालन व्यवसाय को विधिवत रूप से नेशनल बी-बोर्ड में पंजीकृत कराया है और अब तक 300 से अधिक मधुमक्खी बॉक्स 4 हजार रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिक्री कर चुके हैं।

इसके अतिरिक्त, अनुभव सूद नेशनल अकादमी ऑफ रूडसेटी, बेंगलुरु से प्रमाणित प्रशिक्षक भी हैं और अब मौनपालन में रुचि रखने वाले युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। वह तत्तापानी और ठियोग में स्थापित आउटलेट्स के माध्यम से भी अपने शहद की ब्रिकी करते हैं, साथ ही वे हिमाचल प्रदेश सहित देशभर के प्रमुख सरस मेलों और प्रदर्शनियों में भी अपने उत्पादों को प्रदर्शित और विक्रय कर रहे हैं, जिससे पहाड़ी शहद की मिठास अब प्रदेश की सीमाओं से परे भी पहुंच रही है।

### डीसी ने की युवाओं से योजना से जुड़ने की अपील

**बागवानी** उपनिदेशक ऊना डॉ केके भारद्वाज ने बताया कि मुख्यमंत्री मधु विकास योजना का उद्देश्य किसानों को राज्य में मधुमक्खी उत्पादों के उत्पादन और मधुमक्खी पालन के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन में शहद के अलावा भी कई अन्य उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। इन उत्पादों की भी बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मधु विकास योजना के अर्न्तगत मौन पालन के लिए मौन वंश के 50 बक्सों सहित 1.60 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही मधुमक्खियों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने पर 10,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। विभाग द्वारा मौन पालन में काम आने वाले उपकरणों की खरीद पर भी 80 प्रतिशत सबसिडी या 16,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है।

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री मधु विकास योजना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण स्वावलंबन योजना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह इस योजना से जुड़ें और घर पर रह कर अपना स्वरोजगार शुरू करें। इसके लिए सभी किसान व बागवान पात्र हैं। इसके लिए बागवानी विभाग निशुल्क प्रशिक्षण करवाता है।

# मां स्थानों मंदिर के विस्तारीकरण को लेकर दुकानदारों को नोटिस

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मां स्थानों मंदिर के विस्तारीकरण के लिए प्रसाद योजना के तहत खरीदी गई दुकानों के 34 मालिकों को मंदिर प्रशासन द्वारा आधिकारिक नोटिस दिया गया है। इन दुकान मालिकों को 31 मई तक अपनी दुकानें खाली करने के आदेश जारी किए गए हैं। मंदिर प्रशासन ने इन दुकानदारों को पहले ही मुआवजा दे दिया है। इसके अलावा, नया भवन बनने के बाद इन्हें दुकानें भी दी जाएंगी। भवन निर्माण के दौरान दुकानदारों को हर महीने भत्ता भी प्रदान किया जाएगा। मंदिर न्यास अधिकारी अजय मडयाल ने इस मामले में पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को दिए गए मुआवजे और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई है और उन्हें निर्धारित समय 31 मई तक दुकानें खाली करने के निर्देश दिए हैं।

चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तारीकरण के लिए प्रसाद योजना के तहत कई विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत मंदिर के आसपास के क्षेत्र में सुधार और सुविधाओं में वृद्धि की जाएगी। मंदिर प्रशासन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और मंदिर के महत्व को बढ़ावा देना है।

# रोहतांग दर्रे में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

## बुक हुए सभी 1,200 परमिट, होटलों में भी बढ़ी रौनक, मनाली में लगा पर्यटकों का मेला

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**केलांग/कुल्लू।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग में रोजाना हो रही हल्की बर्फबारी से मौसम ठंडा हो गया है। मैदानों में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए मनाली पहुंच रहे सैलानियों में बर्फ से लकदक 13050 फुट ऊंचे विश्व प्रसिद्ध रोहतांग दर्रे की सैर के लिए होड़ मच गई है। रोहतांग दर्रे के बहाल होते ही बर्फ से ढकी वादियों के नजारों को निहारने के लिए सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा है। रोहतांग के साथ बर्फ से ढके बारालाचा व शिंकुला की पहाड़ियां भी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों का रोहतांग दर्रा पहली पसंद बन गया है। बुधवार को पहली बार सभी 1200 परमिट बुक हो गए। समर सीजन के रफ्तार पकड़ने से मनाली के सभी छोटे-बड़े होटलों में रौनक लौट आई है। दूसरा व तीसरा सप्ताह पर्यटन की दृष्टि से फीका रहा है, लेकिन अब समर सीजन गति पकड़ने लगा है। बुधवार को रोहतांग दर्रे में पर्यटकों ने बर्फ के बीच खूब अठखेलियां कीं। पर्यटन विभाग की ऑनलाइन साइट में स्लॉट बुक हो रहे हैं। मंगलवार को रोहतांग दर्रा बीआरओ के सड़क कार्य के कारण पर्यटकों के लिए बंद रहा। एनजीटी के आदेशानुसार रोहतांग के लिए रोजाना 1,200 वाहन जा सकते हैं। इनमें डीजल के 400, जबकि पेट्रोल इंजन के 800 वाहनों को जाने की अनुमति है। होटल एसोसिएशन मनाली के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग में इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि समर सीजन गति पकड़ने लगा है। फोटोग्राफर यूनियन के अध्यक्ष दुर्गा दत्त ने बताया कि रोहतांग की बहाली के बाद दर्रे में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। उन्होंने बताया कि बर्फ से ढका रोहतांग मनाली आने वाले सैलानियों की पहली पसंद बन गया है। रोहतांग के पर्यटन कारोबारी सुंदर, जगदीश व वेद राम ने बताया कि रविवार को पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। उन्होंने बताया कि दर्रे में पर्यटन कारोबार गति पकड़ने लगा है। दूसरी ओर एचआरटीसी ने भी रोहतांग के लिए बस सेवा शुरू कर दी है। मनाली एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि परमिट लेकर, अब पर्यटकों को रोहतांग तक भेजा जा रहा है। जून महीने में पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है।



मनाली के मालरोड में चहल-पहल करते पर्यटक, रोहतांग में रोजाना हो रही हल्की बर्फबारी से मौसम हुआ ठंडा।

## आगामी मानसून सीजन को लेकर बैठक आयोजित, डीसी ने की अध्यक्षता

# किसी भी आपदा से निपटने के लिए विभाग रहें सतर्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा है कि सभी विभाग आपात स्थिति में प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपदा से निपटने के लिए सतर्क रहें। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने यह बात आगामी मानसून सीजन को देखते हुए आयोजित बैठक की अध्यक्षता के दौरान कही। बैठक में जिला मानसून के दौरान सभी विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गई और विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने में कोई बाधा न आए। साथ ही, आम जनता से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। डीसी ने एनएचएआई, बीआरओ और पीडब्ल्यूडी को सड़क किनारे उचित ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के निर्देश दिए, ताकि भारी बारिश के दौरान जलभराव और भू-स्खलन जैसी समस्याएं न हों। इसके अलावा, पंचायतों को भी स्थानीय स्तर पर ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए कहा। डीसी ने जिले के सभी बांधों से पानी छोड़ने से पहले प्रशासन और पंचायतों को समय रहते सूचित करने के निर्देश दिए। लोगों तक समय पर सूचना पहुंचाने के लिए हूटर और पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सूचना देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पंचायतों, आपदा मित्रों तक जानकारी समय पर पहुंचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम, वन विभाग और जिला पर्यटन विकास अधिकारी को मानसून के दौरान ट्रैकिंग परमिशन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश उन्होंने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की मौसम पूर्वानुमान संबंधी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए जन जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया।



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देती हुईं।

### मानसून की तैयारियों पर बैठक करने के निर्देश

**डीसी** ने सभी एसडीएम को भी समय पर अपने उपमंडलों में आगामी मानसून सीजन की तैयारियों पर बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपमंडलों में असुरक्षित और बाढ़ की दृष्टि कि खतरनाक स्थानों की पहचान कर समय रहते सैटलाइट फोन चार्ज रखने और चालू रखने के निर्देश दिए।

# नगर के 97 प्राथमिक स्कूलों से 3 बच्चों का जेएनवी के लिए चयन

**मोहन, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** शिक्षा खंड नगर के प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी किरण शर्मा की अगुवाई में खंड के अधीन 97 प्राथमिक पाठशालाएं संचालित हैं। इसके अंतर्गत हर वर्ष छठी कक्षा में नवोदय विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा हर वर्ष आयोजित की जाती है। मुख्य शिक्षक जयपाल राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला नथान-एक से छात्र नारायण पुत्र पन्नालाल का चयन हुआ है। वहीं, राजकीय प्राथमिक पाठशाला जाणा से छात्र आरव व छात्रा श्रेया का भी जवाहर नवोदय के लिए चयन हुआ है। मुख्य शिक्षक जयपाल राणा ने बताया कि नथान स्कूल के छात्र नारायण का नवोदय विद्यालय में चयन के लिए स्कूल के स्टाफ पूजा शर्मा व शरभ डोलमा के प्रयास रहे हैं। खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी किरण शर्मा, मुख्य शिक्षक जयपाल राणा, पूजा शर्मा, मुख्य शिक्षक रामलाल जाणा, राकेश कुमार और राज कुमार ने बच्चों की इस उपलब्धि के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजनीति से ऊपर उठकर काम कर रहीं अनुराधा: अनिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग** पूर्व महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी लाहौल-स्पीति अनिल ठाकुर ने कहा की विधायक अनुराधा राणा की बढ़ती लोकप्रियता से पूर्व मंत्री रामलाल मार्कंडेय व पूर्व विधायक रवि ठाकुर बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि विधायक अनुराधा राणा राजनीति से ऊपर उठकर काम कर रही है और आम जन तक पहुंच कर क्षेत्र का एक समान विकास कर रही हैं। विधायक की लोकप्रियता को दोनों नेता हजम नहीं कर पा रहे हैं और आए दिन कोई न कोई मुद्दा तलाश कर ओछी राजनीति कर रहे हैं। अनिल ने कहा कि सलग्रां पंचायत के कुल देवता आराध्यदेव नाग के ऐतिहासिक मंदिर के निर्माण के लिए काटी गई लकड़ी पर राजनीति कर रहे हैं, जो सही नहीं है। पूर्व मंत्री रामलाल मार्कंडेय व पूर्व विधायक रवि ठाकुर राजनीतिक मंशा से झूठी व मनघड़ंत कहानी बना रहे हैं।

### कला, शिल्प पर केंद्रित महोत्सव होगा आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू,** इंटरनेशनल रोरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर की बैठक डीसी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नग्गर में पहली बार कला, शिल्प और साहित्य पर केंद्रित महोत्सव के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। उत्सव में कुल्लू घाटी के लोकगीत और नृत्य, रूसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियां, नुक्कड़ नाटक और लोक कथाओं पर आधारित रंगमंच को भी शामिल करने पर चर्चा की। इसके साथ ही साहित्यिक सत्रों और पैनल चर्चाओं के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सहित विभिन्न संस्थानों के साहित्यकारों व विशेषज्ञों को आमंत्रित करने पर सुझाव दिया। राज्य और स्थानीय कलाकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी तथा युवा कलाकारों के लिए लाइव आर्ट वर्कशॉप भी उत्सव का हिस्सा होंगी।

### दूध निकालने के वैज्ञानिक तरीके बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले के नैंगाहर और चोखांग के सुदूर क्षेत्रों में स्वच्छ दूध उत्पादन पर एकदिवसीय प्रदर्शन शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य डेयरी किसानों में दूध उत्पादन में स्वच्छता संबंधी पद्धतियों, पशुओं की उचित देखभाल और बेहतर गुणवत्ता वाले दूध और बेहतर पशुधन स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए रोग निवारण के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। शिविर में स्थानीय किसानों और प्रमुख अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। किरटिंग के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग ने उपस्थित लोगों को विस्तार से संबोधित किया और दूध निकालने के वैज्ञानिक तरीकों, थनों की स्वच्छता और स्वच्छ उपकरणों के संचालन पर जोर दिया। डॉ. अनुराग ने बताया कि दूध निकालने के दौरान संदूषण से दूध की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है और स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। उन्होंने दूध निकालने के बर्तनों को धोने की उचित तकनीक, हाथों की स्वच्छता का महत्व और स्वच्छ शेड वातावरण के रखरखाव का भी प्रदर्शन किया। डॉ. अनुराग ने दुग्ध स्वच्छता के अलावा संतुलित पशु पोषण, नियमित कृमि मुक्ति, टीकाकरण और दुधारु पशुओं की तनाव मुक्त देखभाल के महत्व के बारे में किसानों को शिक्षित किया। उन्होंने डेयरी किसानों से टिकाऊ डेयरी फार्मिंग और बेहतर आय सृजन के लिए आधुनिक तरीकों को अपनाने का आग्रह किया।

### आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय स्थित बहुउद्देश्यीय भवन में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बुधवार को अंतर विभागीय मुद्दों पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि विकास कार्यों का शीघ्रता से निष्पादन सुनिश्चित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में आपसी तालमेल न होने के कारण बहुत से विकास कार्य के निष्पादन में देरी होती है। उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल में खेल मैदान के लिए भू-हस्तांतरण की प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए भू-हस्तांतरण की प्रक्रिया में एफआरए का प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने तथा साइट विजिट करवाने के निर्देश दिए।

# मनाली-लेह रेल लाइन का सर्वे कर रही तुर्किये की कंपनी पर रोक लगाए केंद्र : हरी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल के ड्रीम प्रोजेक्ट बिलासपुर-मनाली-लेह रेल लाइन सर्वे का काम तुर्की की एक कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक हो सकता है।



मनाली ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष हरिचंद शर्मा ने बुधवार को मनाली में पत्रकार वार्ता में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह सैटेलाइट आधारित सर्वेक्षण है और इससे संवेदनशील भौगोलिक जानकारियां दुश्मन देशों के हाथ लग सकती हैं। लेह चीन की सीमा से सटा हुआ क्षेत्र है। ऐसे में किसी विरोधी देश की कंपनी को ऐसे प्रोजेक्ट के सर्वे का कार्य सौंपना आत्मघाती कदम होगा। हरिचंद शर्मा ने मांग की है कि केंद्र सरकार और रेलवे मंत्रालय तत्काल कंपनी के साथ हुए सर्वे व करार को रद्द करें और कंपनी को इस कार्य से हटाए। साथ ही उन्होंने तुर्किये के सेब, के आयात पर गंभीर आपत्ति दर्ज की। शर्मा ने इस मुद्दे को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़ा हुआ बताया। शर्मा ने कहा कि वर्ष 2023 में तुर्किये में आए विनाशकारी भूकंप के दौरान भारत सरकार ने ऑप्रेशन दोस्त के तहत सबसे पहले मानवीय सहायता पहुंचाई थी। इसके बावजूद जब भारत में पुलवामा, जैसे आतंकी हमले हुए या जब भारतीय सेना ने पीओके में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, तब तुर्किये ने न केवल चुप्पी साधी, बल्कि पाकिस्तान के समर्थन में ड्रोन भेजने, जैसी हरकतें भी कीं। शर्मा ने कहा कि व्यापार का लाभ राष्ट्रहित से बड़ा नहीं है।

# रांगड़ी में होटल में रुके महाराष्ट्र के पर्यटक की मौत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के रांगड़ी में होटल में रुके महाराष्ट्र के एक पर्यटक की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में बताया गया कि किसी बीमारी की वजह से सैलानी की मौत हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। आगामी जांच जारी है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि 20 मई को अशोक पुत्र वासुदेवाय करोले निवासी दस्तूर नगर वनश्री कालोनी, अमरावती महाराष्ट्र (77) को ईलाज के लिए नागरिक अस्पताल मनाली लाया गया, यहां चिकित्सक द्वारा पर्यटक को मृत घोषित कर दिया गया। बुधवार को पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

# तिरंगा हमारी शान, सेना हमारा अभिमान : गोविंद

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** भारतीय सेनाओं के सम्मान में बुधवार को सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन मनाली में किया गया। यह यात्रा सिविल अस्पताल मैदान से शुरू होकर मालरोड होते हुए मनु रंगशाला पहुंची। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेनाओं के अद्वितीय शौर्य को समर्पित थी। इस तिरंगा यात्रा में हर वर्ग, हर आयु और हर क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथों में लहराता तिरंगा और दिलों में देशभक्ति की भावना यह दृश्य हर भारतवासी के लिए प्रेरणादायक था।




मनाली में देश के जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए निकाली तिरंगा यात्रा।

इस यात्रा ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि जब बात देश की सुरक्षा, स्वाभिमान और सम्मान की होती है, तो पूरा भारत एकजुट खड़ा होता है। मनाली का माल रोड भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि पहलगाम में धर्म को पूछकर 26 पर्यटकों की मौत का बदला, जिस तरह से हमारे वीर जवानों ने लिया है, ऐसा उदाहरण कम ही देखने को मिलता है। देश के प्रधानमंत्री ने कहा था कल्पना से अधिक सजा दी जाएगी। दुश्मन देश का जो हाल हमारी सेना ने किया है, उसे वह कभी नहीं भूल पाएंगे। विश्व में पहली बार है, जब एक एटमी हथियार वाले देश ने दूसरे एटमी हथियार वाले पर हमला किया है। सिंधूर ऑपरेशन के माध्यम से केवल चंद मिंटो में हमारी सेना ने पाकिस्तान के आतंकियों और उनके आकाओं को जहन्नुम का रास्ता दिखा दिया। नापाक देश ने हमारे नागरिकों को निशाना बनाने का पर्यास किया, जिसे हमारी सेना ने नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि अपने आप को परमाणू शक्ति का दम भरने वाली पाकिस्तान के अंदर जाकर हमारी सेना ने 11 एयर स्पेस को तबाह कर दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें आतंकी घटना के बाद चिट्ठियां भेजती थी, अब मोदी की सरकार है, जो सीधा ठोकती है। उन्होंने कहा कि मोदी का स्पष्ट संदेश है हम छेड़ते नहीं, जो छेड़ेगा हम छोड़ेंगे नहीं। इस मौके पर अन्य लोगों ने भी यात्रा में सम्मिलित लोगों को संबोधित किया और देश की तीनों सेनाओं के जवानों की सराहना की।

# आज से 31 मई तक स्पीति दौरे पर अनुराधा राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

लाहौल-स्पीति जिले की विधायक अनुराधा राणा 22 से 31 मई तक स्पीति घाटी के प्रवास पर होंगी। इस दौरान वह विभिन्न विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगी तथा लोगों की समस्याएं भी सुनेंगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अनुराधा राणा 23 मई को 11 बजे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय ग्राउंड काजा में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के अवसर पर आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा के साथ रहेंगी।

उसके उपरांत न्यू सर्किट हाउस काजा में पार्टी मीटिंग में भाग लेंगी। अनुराधा राणा 24 को प्रात: 9 बजे रंगरिक, 10 बजे खुरिक, 11 बजे सुमलिंग, 12:10 बजे मोरंग व चोमो गोंपा, 12:45 बजे हल, 1:45 बजे पंगमो चोमो गोंपा, 3:20 बजे क्याटो, 4:30 बजे हंसा, 5:40 बजे खोलकसा और 6 बजे लोसर में जन समस्याएं सुनेंगी। 25 को विधायक 8:45 बजे चिचोंग में लोगों की समस्याएं सुनेंगी और उसके उपरांत 9:45 बजे क्यामो में बहुउद्देशीय भवन क्यामो का शिलान्यास करेंगी। इसके बाद 11:45 बजे चिचम, 1 बजे किब्बर, 2:30 बजे गेते, टशीगंग (मीरमू थंगा), 3:30 बजे कीह मॉनेस्ट्री, 5: 15 बजे कीह और 6:20 काजा में जन समस्याएं सुनेंगी। 26 को प्रात: 11 बजे विधायक अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय काजा में पीएसी और एफआरए की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगी।

इसके उपरांत 3:30 बजे रोंगटोंग, 4:15 बजे क्वांग व चोमो गोंपा और 5:20 क्यूंलिंग में जन समस्याएं सुनेंगी। 27 को विधायक 8:40 शेगो, 10 बजे लारा, 11 बजे लिदांग, 12:20 बजे डैमूल में जनसभाएं सुनेंगी। इसके पश्चात 2 बजे कोमिक में प्राइमरी स्कूल कोमिक गोंपा की आधारशिला रखेंगी और 4:20 बजे हिक्किम व 5:25 बजे लंगजा में जन समस्याएं सुनेंगी। 28 को विधायक 9 बजे लिंगती में महिला मंडल भवन लिंगती की आधारशिला रखेंगी और उसके उपरांत 10:30 बजे रामा में आंगनबाडी केंद्र का लोकार्पण करेंगी और 11:30 बजे लालूंग, 1:30 बजे तंगती गोगमा, 2:40 बजे तंगती योगमा, 4:20 बजे बर, 5:20 बजे सेलिंग, 6:05 बजे गुलिंग और उसके पश्चात कुंगरी गोंपा में लोगों की समस्याएं सुनेंगी। 29 को अनुराधा राणा 9:05 कुंगरी गोंपा, 10:15 बजे मिकिम, 11:10 बजे सगनम, 1 बजे मुद, 3 बजे तेलिंग और 4:20 बजे खर में जन समस्याएं सुनेंगी। 30 को विधायक 9:20 बजे शुशुनम, 10:20 बजे शिचलिंग में लोगों की समस्याएं सुनेंगी और 11:10 बजे माने गोगमा में आंगनबाडी केंद्र का लोकार्पण करेंगी और 12:30 बजे माने योगमा में जन समस्याएं सुनने के उपरांत 2 बजे डंखर में आंगनबाड़ी केंद्र लोगों को समर्पित करेंगी और इसके बाद 4 बजे पोह, 4:40 बजे नदांग, 5:20 बजे खुरीथ और 6:10 बजे ताबो में लोगों की समस्याएं सुनेंगी। 31 मई को विधायक 9 बजे जेएनवी लरी, 9:35 बजे लरी और 10:10 बजे हुरलिंग में जन समस्याएं सुनेंगी और 11 बजे जीवन गांव कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय मिडल स्कूल गियू में लाइब्रेरी की आधारशिला रखेंगी और 12 बजे समदो में लोगों की समस्याएं सुनेंगी।

# कुल्लू जिले में जल्द एफआरसी कमेटी बनाए प्रशासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में फॉरेस्ट राइट एक्ट के तहत भूमिहीन आवासहीन लोगों को फायदा मिलने जा रहा है और इसके लिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने भी सभी जिला प्रशासन को निर्देश जारी किए हैं कि वे जल्द से जल्द सभी ग्रामीण इलाकों में फॉरेस्ट राइट कमेटी का गठन करें, लेकिन जिला कुल्लू में अभी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। इसके चलते यहां पर भूमिहीन और आवासहीन लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी मुद्दे को लेकर भूमिहीन एवं आवासहीन संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ढालपुर में डीसी कुल्लू से मिला और मांग रखी कि 31 मई से पहले इस कमेटी का गठन किया जाए, जिससे ग्रामीण इलाकों में फॉरेस्ट राइट कमेटी का जल्द लोगों को लाभ मिल सके।

# गुड गवर्नेंस के तहत सूचकांकों में जिला कर रहा बेहतर कार्य : अश्वनी कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला सुशासन सूचकांक (गुड गवर्नेंस) को लेकर बुधवार को अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में प्रगति समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुशासन और विकास से संबंधित सभी मानकों में कुल्लू को अग्रणी जिला बनाने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 से संबंधित डीजीजीआई के आंकड़ों पर व्यापक चर्चा की गई। जिला सुशासन सूचकांक में आठ मूल विषय जैसे-आवश्यक बुनियादी ढांचा, मानव विकास, सामाजिक संरक्षण, महिला एवं बाल विकास, कानून व्यवस्था, पर्यावरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेही और आर्थिक प्रदर्शन आदि शामिल किए गए। इनके अंतर्गत 19 मुख्य केंद्र बिंदुओं एवं 128 संकेतकों के आधार पर सभी जिलों के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है, जिन इंडीकेटर्स के आधार पर राज्य स्तर पर जिले की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन इंडीकेटर्स में सुधार की गुंजाइश है, उनमें अतिरिक्त प्रयास कर प्रतिशतता को बढ़ाया जाए। विभिन्न विभागों की ओर से प्राप्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कई विभागों के आंकड़े में अभी समीक्षा करने की आवश्यकता है। इसके अलावा इस बार जिला सुशासन सूचकांक में कुछ अतिरिक्त संकेतक भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण, उद्योग, श्रम एवं रोजगार, राजस्व विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे इन आंकड़ों को तुरंत अपडेट करवाएं। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस में कुछ सूचकांकों में अतिरिक्त प्रयास कर इसे और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस के तहत बहुत से सूचकांकों में जिला बेहतर कार्य कर रहा है तथा कुछ सूचकांकों में सुधार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से जिन सूचकांकों में परिवर्तन या कुछ नई चीजों को शामिल करने की आवश्यकता है, तो संबंधित विभाग सांख्यिकी कार्यालय को अपने सुझाव भेजें, ताकि उन्हें समय पर राज्य सरकार को आवश्यक संशोधन के लिए भेजा जा सके।

# भाग्य रेखा से आपस में जुड़ा तलाड़ा पंचायत का मुख्यालय

**अनंत ज्ञान, सैंज**



प्रदेश सरकार व लाडा के फंड से विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत तलाड़ा में सरकार ने नया विकल्प ढूंढ निकाला है।

प्रदेश सरकार ने बंजार विधानसभा क्षेत्र की पंचायत तलाड़ा को आपस में जोड़कर घाटी के लोगों की राहें आसान कर दी है। सपांगनी कंढा संपर्क मार्ग पर जैसे ही गाड़ी टीपरीधार की ओर मुड़ी, तो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस बहुप्रतीक्षित सड़क मार्ग के जोड़ने से तलाड़ा पंचायत की काफी आबादी लाभान्वित हुई है। पिछले दो वर्षों से तलाड़ा पंचायत के बिहाली में टीपरीधार सड़क की कनेक्टिविटी न होने के चलते पंचायत के लोगों को भारी परेशानी हो रही थी, लेकिन ग्रामीण विकास विभाग की पहल व प्रदेश सरकार द्वारा बजट की स्वीकृति पर अब पंचायत भाग्य रेखा से जुड़ गई है। लाडा के फंड से बनाई गई इस सड़क से जहां चार किलोमीटर की दूरी कम हुई है। वहीं, अब समय के साथ ग्रामीणों के पैसे की भी बचत होगी। तलाड़ा पंचायत के प्रधान मोहर सिंह ने बताया कि इस सड़क मार्ग के बनने से अब पंचायत क्षेत्र में आवागमन आसान हो गया है। उक्त मार्ग के आपस में जुड़ने के साथ ही पंचायत मुख्यालय के अलावा कनेक्टिविटी का रास्ता भी साफ हो गया है। मोहर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर कंढा संपर्क मार्ग के साथ रोड की कनेक्टिविटी की गई है तथा उक्त सड़क मार्ग बनने से लोगों की राहें भी अब आसान हुई हैं। इस मार्ग के बनने से पंचायत के लोगों का आवागमन भी आसान हो गया है। उधर, तलाड़ा पंचायत पूर्व प्रधान सुनीता देवी, घमीर सिंह, पन्नालाल सहित पंचायत के लोगों ने सड़क की कनेक्टिविटी के लिए सरकार व कृषि उपज समिति कुल्लू के अध्यक्ष राम सिंह मियां का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से यह संभव हो पाया है।

**परेशानी** 93 से घटकर 25 पर पहुंची बच्चों की संख्या, आठ गांवों का भविष्य अधर में

# शास्त्री व पीटीआई के भरोसे चल रहा ठारला स्कूल

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** कुल्लू जिले के आनी के निरमंड उपमंडल में स्थित मिडल स्कूल ठारला शिक्षा विभाग की लापरवाही का एक ऐसा जीवंत उदाहरण बन गया है, जहां 2007 में मिडिल स्कूल का दर्जा तो दे दिया, लेकिन 18 वर्षों में टीजीटी शिक्षक देना सरकार भूल गई।

ठारला स्कूल इस समय केवल एक शास्त्री और एक पीटीआई के भरोसे चल रहा है। हालात इतने बदतर हैं कि पहले से ही शिक्षक विहीन स्कूल से अब कला अध्यापक का भी तबादला कर दिया गया। शिक्षा का स्तर ऐसा गिरा है कि कभी 93 छात्रों से भरा यह स्कूल अब केवल 25 बच्चों तक सिमट गया है। चायल पंचायत के ठारला, जरोट, सगोफा, बसवारी, जोह, ढमार, कलोंट, कलोटी और बघीर जैसे आठ गांवों के बच्चों के लिए यही स्कूल शिक्षा का एकमात्र जरिया है, लेकिन अब या तो बच्चों को मजबूरी में 6 किलोमीटर दूर जाओं के सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाना पड़ता है या फिर पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। गांववालों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार न रोज किराया दे सकते हैं, न बच्चों को दूर भेज सकते हैं। ऐसे में कुछ बच्चे रोज 12 किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हैं।



निरमंड उपमंडल में स्थित मिडल स्कूल ठारला में शिक्षा ग्रहण कर रहे स्टूडेंट्स।

### सरकारी वादों की पोल खोलता जमीनी सच

2016 में शास्त्री के सेवानिवृत्त होने के बाद 2022 तक यह पद खाली रहा, अब वही पद भरा गया है, बाकी रिक्तियां जस की तस हैं। अप्रैल-2023 में टीजीटी (आर्ट्स) का तबादला और हालही में कला शिक्षक को भी हटा दिया गया। सामाजिक सुधार और आरटीआई कार्यकर्ता संस्था सचेत संस्था का कहना है कि अगर हालात यूं ही रहे तो बहुत जल्द ठारला स्कूल पर ताले लगना तय है। सवाल ये है कि क्या ग्रामीण बच्चों की शिक्षा की चिंता सरकार को सिर्फ घोषणाओं तक ही सीमित है? क्या आने वाले समय में ये बच्चे सिर्फ आंकड़ों का हिस्सा बनकर रह जाएंगे।

### प्रशासन को कई बार जगाया पर नहीं टूटी नींद : नंत

**एसएमसी** अध्यक्ष नंत राम का कहना है कि विभाग को कई बार पत्र लिखे गए, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। वहीं, सीसे स्कूल जाओं के प्रिंसिपल राजू कश्यप ने भी माना कि टीजीटी (साइंस), टीजीटी (आर्ट्स) और कला शिक्षक के पद खाली हैं और उच्चाधिकारियों को कई बार इसकी जानकारी दी जा चुकी है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डिंगीधार**
**विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत डिंगीधार विकास खण्ड आनी जिला कुल्लू के अंतर्गत विभिन्न कार्यों हेतू वित बर्ष 2025-26 में विकास कार्यों के लिए अधिकृत विक्रेताओ से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाए दिनांक 24-05-2025 को 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाए इसी दिनांक 26-05-2025 को 2:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **समाग्री का विवरण:-** (1) रेत खड्डु/नदी (प्रति घन फूट) (2) रेत कैशर (प्रतिघन फूट) ए (3) बजरी (खड्डु/नदी) 10,20,40 एमएम (प्रति घन फूट) (4) बजरी केशर 10,20,40 एमएम (प्रति घन) (5) पत्थर/कटस्टोन (प्रति घन मीटर) (6) बोल्डर सोलिंग (प्रति घन मीटर), (7) पत्थर तोडान (प्रति चट्टा) (8) पत्थर ढलवान (प्रति चट्टा) नम्बर) (9) ईट (द्वीतीय श्रेणी) (प्रति फूट), (10) शैटरी व भवन शैटरींग (प्रति स्कवेयर फूट) (11) आर सी सी पाईप व काल्लर 300 एमएम, 450 एमएम 600 एमएम, 900 एमएम (प्रति नम्बर) (12) जे सी बी मशीन हेतू (प्रति घंटा), (13) सिमेंट टाईल (प्रति नम्बर) (14) इन्टरलोक टाईल (प्रति नम्बर) 15. स्टील 8 एमएम 10 एमएम 12 एमएम (प्रति कि. ग्रा.) (16) एंगल व शिटे (प्रति कि0 ग्रा0) (17) वाल राइटिंग तथा साइन बोर्ड (18) सिमेंट, सरिया ढलवान गाड़ी द्वारा आनी से लझेरी प्रति बेग (19) लकड़ी के खिडकी दरवाजे (प्रति स्केवयर फूट) (20). एलकाथीन पाइप (प्रति कि. ग्रा.) **नियम व शर्तें:** 1 निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी, किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकृत नही की जाएगी। 2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जीएसटी होना आवश्यक है। 3. ठेकेदार अपुर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे। एम फार्म उपल्बध न करवाने पर सामग्री संबंधित रायल्टी वर्तमान में 60 रु प्रति एमटी टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4. सामग्री की अपुर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसीफिकेशन के अनुरुप होगी। 5. निर्माण समाग्री कार्यस्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपल्बध करवानी होगी। 6. निविदादाता को 20000/ रु धरोहर सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। 7. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 8. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निगर्त करने समाग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9 ग्राम पंचायत के सप्लाई आर्डर के अनुरुप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 10. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 12. समाग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION उपरान्त किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत डिंगीधार, विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू हि.प्र.**

# लिफ्टिंग पाइप लाइन फटने से गहराया पेयजल संकट

## जल शक्ति विभाग से शहर को मिला मात्र 20 लाख लीटर पानी, जरूरत 90 लाख की

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** जल शक्ति विभाग की गिरि नदी उठाऊ पेयजल योजना की एक लिफ्टिंग पाइप लाइन फटने से सोलन शहर को मांग अनुसार पानी नहीं मिल पाया। ऐसे में 5 से 6 दिन से शहर के अधिकतर वार्डों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हुई। वहीं, अभी भी नगर निगम को जलशक्ति विभाग से लगातार दूसरे दिन भी अश्वनी और गिरि पेयजल योजना से मांग अनुसार पानी नहीं मिला। ऐसे में शहर के पेयजल उपभोक्ताओं को एक से दो दिन और पेयजल के लिए इंतजार करना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि पाइप लाइन फटने का कारण वोल्टेज समस्या भी है। ऐसे में जल शक्ति विभाग सोलन शहर को पानी लिफ्ट नहीं कर पाया। वहीं, स्थिति का जायजा लेने के लिए नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने अपने अधिकारियों के साथ जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ शहर के मुख्य टैंकों का निरीक्षण किया। साथ ही जल शक्ति विभाग को स्थिति से अवगत करवाया।




सोलन में टैंकर खरीद कर पानी भरते लोग (दाएं) जल शक्ति विभाग की गिरि पेयजल योजना की पाइप फटने से पानी की लीकेज।

### गर्मियों में बढ़ जाती है समस्या

**सोलन** में गर्मियों के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ जाती है। इसके चलते शहर में समान रूप से पेजयल का वितरण नहीं हो पाता। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम वार्डों में वाटर टैंकों का निमार्ण करना चाहती है। यदि वार्डों में वाटर स्टोरेज टैंक बन जाते हैं, तो इससे लोगों को एक समान मात्रा में पेयजल का वितरण संभव होगा। टैंक बनने से पानी की स्टोरेज क्षमता भी बढ़ेगी, इसके चलते आपात स्थिति से निपटना भी आसान होगा। शहर में कुल 17 वार्ड हैं। योजना के तहत वार्ड-12,13, 14 और 7 में वाटर टैंक बनाए जाने हैं। इसी तरह अन्य वार्डों में कम क्षमता से वाटर टैंक बनाने की योजना है। यह तभी संभव होगा, जब इसके लिए जमीन उपलब्ध होगी। मुख्य टैंकों में पानी की मात्रा कम होने की स्थिति में शहर के दूरवर्ती क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पाता। इसके चलते लोगों के घरों में लगी टैंकियों में पानी नहीं पहुंच पाता। सलोगड़ा, खुंडीधार, चंबाघाट, कथेड़ और शामति क्षेत्रों में यह समस्या अधिक है।

> **जलशक्ति** विभाग की लिफ्टिंग पाइप में लीकेज बढ़ने और वोल्टेज समस्या से नगर निगम को मांग के मुताबिक पानी नहीं मिल पाया। निगम को उपलब्ध हो रहे पानी की राशनिंग कर शहर में 4 से 5 दिन बाद पानी दिया जा रहा है। गिरि पेयजल योजना की लिफ्टिंग पाइप लाइन की मरम्मत होने से नगर निगम को जल शक्ति विभाग से सुचारु रूप से पानी मिलने लगा है। एक-दो दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी।
>
> **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### आपात स्थिति लायक बचा पानी

**मंगलवार** देर रात तक नगर निगम के पास आपात स्थिति से निपटने लायक पानी बचा था पर बुधवार को जल शक्ति विभाग की पेयजल पाइप की मरम्मत होने से एक बार फिर से पानी की लिफ्टिंग शुरू हो गई। इससे देऊंघाट और रबोन में पेयजल की आपूर्ति संभव हुई। वहीं, अब नगर निगम के तीनों टैंकों को भरने में समय लगेगा, इसके बाद ही वार्ड क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति होगी। ऐसे में शहर में पेयजल आपूर्ति सामान्य होने में एक से दो दिन का समय लगेगा। जानकारी के मुताबिक पिछले दो दिनों से नगर निगम को मात्र 20 लाख लीटर पानी मिल पाया, जबकि जरूरत 90 लाख लीटर की है। इस समस्या के चलते शहर के सभी 17 वार्डों में से मात्र वार्ड चार में ही पेयजल की आपूर्ति हुई। वहीं, अन्य वार्डों में अब 5 से 6 दिन के अंतराल में पेयजल की आपूर्ति होगी। इससे लोगों को गुजारा करना मुश्किल हो जाएगा। पानी की किल्लत का सामना कर रहे शहरवासी अब वाटर टैंकर खरीदने को मजबूर हैं।

# 1011 प्रारंभिक स्कूलों के 28500 छात्रों को दी जा रही अंग्रेजी भाषा में शिक्षा

अनंत ज्ञान, सोलन

प्रदेश सरकार की ओर से सिरमौर जिले के 1011 राजकीय प्रारंभिक स्कूलों में कक्षा पहली से पांचवीं तक के 28,500 विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जा रही है।

उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सिरमौर राजीव ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से चालू शैक्षणिक सत्र से पहली कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जा रही है, ताकि सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की अन्य विषयों के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा में पकड़ मजबूत हो सके, जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ सके। उन्होंने बताया कि अभिभावक सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों के दाखिला करवाने में कम रुचि ले रहे थे। प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए गए अंग्रेजी भाषा को अनिवार्य होने से बच्चों के दाखिले में भी इजाफा होगा। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को निशुल्क वर्दी तथा मिड-डे मील सुविधा भी प्रदान की जा रही है। सरकारी स्कूलों में ट्रेंड अध्यापक अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा वर्तमान में जिले में प्रारंभिक शिक्षा के अंतर्गत 108 केंद्र मुख्य शिक्षक, 165 मुख्य शिक्षक तथा 1672 जेबीटी अध्यापक पहली से पांचवीं कक्षा तक के 28500 विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। इसका शिक्षण संस्थानों के भौतिक तथा मानवीय संसाधनों का समन्वय स्थापित कर शिक्षा में गुणवत्ता लाना मुख्य उद्देश्य है।



सिरमौर जिले के सरकारी स्कूल में छात्रों के साथ शिक्षक।

बबीता नाहन निवासी ने बताया कि उनका बच्चा राजकीय प्राथमिक पाठशाला कैंट नाहन में पहली कक्षा में पढ़ता है। मैं सरकार का बहुत धन्यवाद करती हूं, जो उन्होंने पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम आरंभ की है। सरिता शर्मा निवासी नाहन सिरमौर ने बताया कि मैंने अपने बेटे आरव शर्मा को कैंट स्कूल नाहन में डाला है, जहां पर सरकार ने इंग्लिश मीडियम अच्छा माध्यम रखा है, जिसके लिए मैं सरकार का धन्यवाद करती हूं। ममता निवासी वाल्मीकि बस्ती, कच्चा टैंक, नाहन ने बताया मेरी बेटी रिसिका यहां सरकारी स्कूली में पढ़ती है और सरकारी स्कूल में सरकार ने जो इंग्लिश मीडियम लगाई व अन्य सरकारी सुविधा प्रदान की हैं, मैं धन्यवाद करती हूं।

धनसरा धमाला निवासी रामकुंडी नाहन ने बताया कि मेरे बच्चे कैंट स्कूल में पढते हैं बेटी यूकेजी तथा बेटा पहली कक्षा में पढ़ता है, सरकार ने इंग्लिश मीडियम चला रखा है, उसके लिए मैं सरकार का धन्यवाद करती हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### आतंकवाद विरोधी दिवस पर डीसी ने दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने आतंकवाद विरोधी दिवस पर डीसी कार्यालय परिसर में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा व सहायक आयुक्त विवेक शर्मा की उपस्थिति में अधिकारियों व कर्मचारियों को अहिंसा एवं सहनशीलता की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने आतंकवाद व हिंसा का डटकर विरोध करने, सभी वर्गों में शांति व सामाजिक सद्भाव, सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ ली।

### कांग्रेस कर रही युवाओं से खिलवाड़ : बलदेव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर युवाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा स्थापित कॉलेज को डिनोटिफाई कर उसी स्थान पर राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का शिलान्यास कांग्रेस सरकार की अवसरवादी और जनविरोधी मानसिकता का ज्वलंत उदाहरण है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व जयराम सरकार ने शिलाई में अटल शिक्षा केंद्र की घोषणा हुई व पहली किश्त में 10 करोड़ की राशि भी आ गई, लेकिन सरकार बदलते ही इस सरकार व मंत्री हर्षवर्धन ने उस योजना को पूरा नहीं होने दिया व बजट के प्रावधान के बावजूद अटल आदर्श शिक्षा केंद्र का निर्माण नहीं हो पाया, लेकिन आज कांग्रेस को अपने मंत्री की नजर में धूल झोंकने के लिए ऐसे स्थान जहां पूर्व भाजपा सरकार ने कॉलेज खोला गया व चलते हुए संस्थान को डीनोटिफाई किया गया और आज उस स्थान पर राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल नाम का झांसा यहां की भोली-भाली जनता को दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि एक चल रही योजना को बंद कर नई योजना की झूठी वाहवाही लूटने की सस्ती कोशिश की जा रही है। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने कहा कि भाजपा को स्कूल खोलने से कोई आपत्ति नहीं, लेकिन पहले से स्वीकृत और निर्माणाधीन कॉलेज को बंद कर उसके स्थान पर स्कूल खोलना क्षेत्र की युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खुला अन्याय है।

### योग ओलंपियाड में कोटड़ी व्यास स्कूल का दबदबा

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** उपमंडल की पंचायत कोटड़ी व्यास के शहीद कमल कांत मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी व्यास में माजरा ब्लॉक की योग ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें माजरा ब्लॉक के गवर्नमेंट, प्राइवेट स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसएमसी अध्यक्ष मानसिंह, प्रिंसिपल रघुबीर तोमर कोटड़ी व्यास ने किया। कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे कोटड़ी व्यास के योग छात्र-छात्रायों ने इस बार भी अपना दबदबा कायम रखा दोनों वर्गों में विजेता का खिताब जीता, अब यह खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता जो कि 24, 25 मई को मानगढ़ (नारंग) में होगी, उसमें भाग लेंगे। मुख्यातिथियों ने कहा योग को आप अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना लें व योग के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। योग से सभी बीमारियों के रोग दूर होते हैं इसलिए योग अपने डेली रूटीन मे कंटीन्यूअस करें और अपने आप को फिट रखने के लिए योग बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्यातिथि उमेश कुमार डायरेक्ट धौलाकुआं स्कूल (रामपुर भारापुर) खिलाड़ियों के लिए 5000 की राशि दान दी। वहीं समाजसेवी अनिल चौहान पभार ने खेलने वाले बच्चों के लिए कोई भी जरूरत हो, उसे पूरा करने का आश्वासन दिया।

### जीवन में नशे से दूर रहने का किया आह्वान



**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज कंडाघाट में ज्ञान-विज्ञान समिति ने युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान के तहत नशे बारे कार्यशाला आयोजित की। समिति के स्रोत व्यक्ति मनोवैज्ञानिक डॉ. रवि भूषण ने डायग्राम के माध्यम से नशे के हमारे शरीर, मन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तृत रूप से बताया, राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर, सहसचिव सीता राम ठाकुर, रमेश ठाकुर और उर्मिल ठाकुर ने अलग-अलग सत्र में युवा बचाओ अभियान और इसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। छात्राओं से आह्वान किया गया जीवन में हमेशा नशे से दूर रहें और इस अभियान का प्रचार प्रसार करें। कॉलेज प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने नशे के खिलाफ जागरूता के साथ इससे सभी को दूर रहने का आह्वान किया। ज्ञान विज्ञान समिति ने इस कार्यशाला के बाद खंड इकाई की बैठक का आयोजन मिनी सचिवालय के नजदीक एक निजी संस्थान में किया। इसमें समिति के विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर राज्य, जिला और खंड इकाई के पदाधिकारियों ने चिंतन किया। इसमें उपमंडल के अन्य संस्थानों में चरबद्ध युवा बचाओ, भविष्य बचाओ अभियान चलाने, बड़े संस्थानों में इसकी कार्यशालाएं आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया। एक अन्य प्रस्ताव में समिति के अन्य उद्देश्यों का प्रसार करने और सदस्यता बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

### नाहन में कोटपा के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला सिरमौर की ओर से बुधवार को नाहन में सिगरेट और तंबाकू उत्पादों (कोटपा) को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलजीत नेगी ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों को कोटपा को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये कर्मचारी ब्लॉक स्तर पर लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिगरेट और तंबाकू सेवन की रेशो को कम करने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## सैलानी कटोला में छात्रा ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में नाहन विधानसभा क्षेत्र के तहत 10वीं की छात्रा ने घर पर आत्महत्या की है। यह घटना नाहन के तहत पंचायत सैलानी कटोला की है, यहां छात्रा ने अपने घर डूंगा खाला में स्कूल ड्रेस के दुपट्टे से लटककर जान दे दी। छात्रा के इस कदम से कई सवाल उठ रहे हैं, जिनकी पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार यह छात्रा वरिष्ठ राजकीय माध्यमिक पाठशाला सैन वाला में पढ़ती थी। वह रोजाना की तरह स्कूल गई थी। अमुमन वह स्कूल से बस में घर आती थी, लेकिन मंगलवार को वह छात्रा कड़कती धूप में पैदल ही घर पहुंची और घर में पहुंचते ही उसने न खाना खाया और न ही पानी पीया शायद उसके दिमाग में कुछ और हो चल रहा था। जानकारी के अनुसार छात्रा के पिता जोगिंद्र सिंह दिहाड़ी मजदूरी करते हैं, जबकि माता पानी भरने गई थी। इसी बीच कुछ देर बाद छात्रस ने कमरे की छत से लगे कुंडे से अपनी ड्रेस के दुपट्टे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल की एक शिक्षिका की प्रताड़ना से तंग आकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। स्कूल में पढ़ाई को लेकर कोई बात हुई, जो उसके मन को अशांत कर गई, जिस कमरे में छात्रा ने फंदा लगाया, उसकी चिटकनी बंद की हुई थी और उसकी छोटी बहन, जो कि 5 वर्ष की है, वह सोई हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही कालाअंब पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नाहन मेडिकल कॉलेज भेज दिया। एसपी सिरमौर निश्चिंत नेगी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सोलन में दिन में छाया अंधेरा, बिजली गुल

## बारिश से तापमान में आई गिरावट, ड्राई स्पेल से मिलेगी निजात

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला मुख्यालय सोलन में बुधवार दोपहर बाद करीब तीन बजे मौसम की करवट से दिन के समय ही अंधेरा छा गया। चारों तरफ काले बादल उमड़ने के साथ तेज हवाएं चलीं। इससे सोलन शहर सहित आसपास के गांव में बिजली गुल हो गई। तीन घंटे बाद भी बिजली नहीं आई। इससे कामकाजी लोगों को दिक्कतें पेश आई। वहीं, धूल भरी आंधी चलने से राहगीरों का खासकर स्कूली बच्चों का गनतव्य पहुंचना मुश्किल हो गया।

साथ ही माल रोड पर वाहन चालकों को गाड़ियों की लाइटें जलानी पड़ी। कुछ जगहों पर तो दुकाने भी बंद करनी पड़ी। हालांकि, बारिश से तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आई। इससे लोगों को गर्मी से निजात मिली पर जिले के कई हिस्सों में ओले गिरने से टमाटर



सोलन में मौसम की करवट से माल रोड में छाया अंधेरा।

और शिमला मिर्च की फसल को नुकसान हुआ है। हालांकि, लंबे समय से चल रहे ड्राई स्पेल से निजात मिली है साथ ही गर्मी के कारण सूखते जल स्रोत भी फिर से चार्ज होंगे। मौसम के बदलाव का असर जिला मुख्यालय सहित उपनगरों में भी देखने को मिला, जहां शुक्रवार को सोलन में जोरदार बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई। साथ ही मौसम भी सुहाना हो गया। इससे लोगों को ड्राई स्पेल से निजात मिलेगी साथ ही पेयजल स्रोतों का जल स्तर भी बढ़ेगा। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की माने तो आगामी कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है। डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के मौसम एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने मौसम बुलेटिन में कहा कि आगामी पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान जहां ऊंचे क्षेत्रों सहित नीचले और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से माध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है। वैज्ञानिकों ने लोगों को सलाह दी है कि गरज और बिजली गिरने से सावधानियां बरतें।

## जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, 11 लोग और 2 पुलिस कर्मी घायल

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के खारी गांव में एक ही मुस्लिम गुज्जर समुदाय के दो गुटों के बीच जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो गई। यह संघर्ष उस वक्त शुरू हुआ, जब एक पक्ष ने कोर्ट के स्टे आदेश के बावजूद विवादित जमीन पर सफेदे के पेड़ काट दिए। घटना की जानकारी मिलते ही कालाअंब और नाहन सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जैसे ही स्थिति को संभालने की कोशिश की, अचानक दोनों पक्ष आपे से बाहर हो गए और लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के 11 लोग और दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को नाहन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायलों में इरफान, सकीना, जाकिर, राकीब, मोहम्मद, नवाजुद्दीन और फजल दीन सहित कई महिला और पुरुष शामिल हैं। जानकारी के अनुसार यह विवाद पिछले एक वर्ष से चला आ रहा है। दोनों पक्षों ने न्यायालय से जमीन पर स्थगनादेश लिया हुआ है। इससे पहले भी दो साल पूर्व दोनों गुटों में हिंसक टकराव हो चुका है। विवाद में शामिल पक्षों को अलग-अलग राजनीतिक दलों का संरक्षण प्राप्त होने की बात भी सामने आई है। गोली मोहम्मद और सलामद्दीन एक गुट में हैं, जबकि दूसरा गुट नक्की मोहम्मद और फजल दीन का है।

## सरकारी नौकरी देने के नाम पर बेरोजगार युवाओं को ठग रही सुक्खू सरकार : रावत

अनंत ज्ञान, सोलन

नोहराधार संगड़ाह भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि सरकारी नौकरी देने के नाम पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।



रावत ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के तमाम नेताओं ने प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं को हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन यह वादा झूठ का पुलिंदा बनकर साबित हुआ। रावत ने बताया कि प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवा मुख्यमंत्री व सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि कहां चली गई हमारी दो साल की दो लाख सरकारी नौकरियां। प्रदेश में बेरोजगारों की फौज दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री हर कैबिनेट बैठक में सरकारी नौकरी देने का पिटारा खोलते हैं, लेकिन न जाने यह नौकरियां कहां जा रही हैं, जबकि धरातल पर किसी भी बेरोजगार युवा को सरकारी नौकरी नहीं मिल रही है। रावत ने बताया कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की बेटी को सरकारी नौकरी जरूर मिली है और मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी अपनी पत्नी को देहरा से विधायक बनाकर उनकी बेरोजगारी भी जरूर खत्म की है, इसे कहते हैं व्यवस्था परिवर्तन, इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने अपने सभी मित्रों को भी सरकार में बड़े-बड़े पद दिए हैं, जिससे उनको लाखों रुपए का लाभ मिल रहा है।

## बारिश से जंगलों में आग की घटनाओं में गिरावट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में इस बार फायर सीजन के दौरान जंगल में आग की घटनाओं में भारी कमी देखी गई है। पिछले साल जहां नाहन में आगजनी की 90 घटनाएं दर्ज हुई थीं, इस बार केवल 15 मामूली घटनाएं ही सामने आई हैं। वन विभाग के अरण्यपाल बसंत किरण ने बताया कि इस बार जंगल की आग से केवल 7 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। फायर सीजन खत्म होने में अभी 26 दिन शेष हैं इसलिए वन विभाग की पूरी टीम अलर्ट मोड पर है। विभाग के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस बार विभाग ने वन मित्रों की भर्ती की है, जिससे फायर वाचर्स को बड़ी राहत मिली है। सिरमौर सर्कल में कुल 7 ब्लॉक हैं, जिनमें 4-5 वन कर्मियों के साथ वन मित्र तैनात किए गए हैं। वन विभाग ने जंगलों की निगरानी के लिए ड्रोन और फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के सैटेलाइट कनेक्शन का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

# सतौन में 5.85 करोड़ से बनेगा राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल: हर्षवर्धन चौहान

अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान

**पांवटा साहिब।** उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बुधवार को शिलाई विधानसभा क्षेत्र के सतौन में 5 करोड़ 85 लाख रुपए से प्रथम चरण में निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का विधिवत भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री ने क्षेत्रवासियों को राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए बधाई देते हुए कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी शैक्षणिक पहल है। इसके माध्यम से राज्य के सरकारी स्कूलों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के साथ आधुनिक सुविधाएं भी मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश



शिलाई विधानसभा क्षेत्र में जनसभा के दौरान उद्योग मंत्री जनसमस्याएं सुनते हुए।

सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र में एक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किया जाए, जिसके फलस्वरूप आज प्रदेश में 18 से 20 डे-बोर्डिंग स्कूलों का कार्य प्रगति पर है तथा अन्य स्थानों पर प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि आज सतौन में भी इस स्कूल के लिए पहले चरण में 5 करोड़ 85 लाख रुपए के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में दूरदर्शी कदम है, जो सरकारी स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, रेसिंग ट्रैक, स्विमिंग पूल और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**सम्मान** भाजपा ने धर्मपुर सब्जी मंडी से सुबाथू चौक तक निकाली तिरंगा यात्रा

# आतंकवाद नहीं रोका, तो सिंधु नदी से नहीं मिलेगा पानी

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने सोलन जिले के तहत राष्ट्रीय राज मार्ग-5 पर स्थित धर्मपुर में बुधवार को आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस कार्यक्रम में प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष राकेश डोगरा, पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल, मंडल अध्यक्ष मदन मोहन मेहता, महामंत्री राजीव ठाकुर, शीश पाल उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा धर्मपुर सब्जी मंडी से शुरू हुई और सुबाथू चौक पर जाकर संपन्न हुई। इसमें बड़ी संख्या में एनजीओ और सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने पाकिस्तान को दो टूक जवाब देते हुए कहा, यदि उसने आतंकवाद नहीं रोका, तो सिंधु नदी से एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। यह केंद्र की मोदी सरकार का दमदार फैसला है, आज से पहले किसी भी सरकार ने इस प्रकार का कड़ा




भाजपा धर्मपुर सब्जी मंडी से सुबाथू चौक तक तिरंगा यात्रा निकालते हुए।


फैसला पाकिस्तान के खिलाफ नहीं लिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद पर पाकिस्तान के झूठ को दुनिया के सामने उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया, तो उन्होंने साफ कर दिया था कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। पड़ोसी देश को चेतावनी देते हुए नंदा ने कहा कि आतंक का कारोबार रोकने तक वह सिंधु के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस जाएगा। कर्ण नंदा ने कहा कि यदि पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देना चाहते हैं, तो तमाम कारोबार खत्म कर दीजिए। एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, राजनाथ सिंह द्वारा जोरदार और दमदार फैसला लिया गया। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार ने भारत की ताकत को बढ़ाया है और अब भारत किसी भी प्रकार से पाकिस्तान के आगे झुकेगा नहीं। नंदा ने कहा कि अतीत में सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) तक ही सीमित थे, लेकिन भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की सीमा में सौ किलोमीटर तक घुसकर आतंकवादियों और उनके ठिकानों को तबाह कर दिया है। उन्होंने कहा, जब पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी आतंकियों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए, तो पाकिस्तानी सेना, पाकिस्तान और आतंकवाद का गठजोड़ दुनिया के सामने उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैनिकों के अंदर गुस्सा नहीं, लावा भरा था। कर्ण नंदा ने कहा कि दुनिया भर के सुरक्षा से जुड़े हुए पंडित ऑपरेशन सिंदूर का जब एनालिसिस करने लगते हैं, तो आश्चर्यचकित हो जाते हैं। आज मैं बड़े गर्व से कहने आया हूं पहलगांव के हमले का बदला जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर ए तोयबा के हेड क्वार्टर को जमीन ध्वस्त कर मिट्टी में मिला दिया।

## लोगों को शारीरिक व मानसिक रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व बारे बताया

अनंत ज्ञान, सोलन

एमएमयू नर्सिंग कॉलेज सोलन द्वारा रोग मुक्त शरीर, तनाव मुक्त मन विषय पर डॉ. गुरिंद्र सिंह, बीएएमएस एवं एमडी का एक अत्यधिक जानकारीपूर्ण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का व्यापक उद्देश्य उपस्थित लोगों को आज की तेज गति वाली दुनिया में शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व पर शिक्षित करना था।

इस दौरान एमएमयू के कुलपति डॉ. रवि चंद शर्मा और रजिस्ट्रार अजय सिंगल के नेतृत्व में एवं नैक समन्वयक के समर्थन में उद्घाटन सत्र की शुरुआत नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर और वाइस-प्रिंसिपल डॉ. हरप्रीत कौर द्वारा की गई, जिन्होंने अतिथि वक्ता का स्वागत किया और इस बात पर भी जोर दिया कि रोग मुक्त शरीर तनाव मुक्त मन की ओर ले जाता है, जो बदले में समग्र कल्याण सुनिश्चित करता है। अतिथि वक्ता डॉ. गुरिंद्र सिंह ने अपने व्याख्यान में बताया कि विभिन्न रोगों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारक आधुनिक समय का तनाव, खराब जीवनशैली की आदतें और शारीरिक गतिविधि की कमी है। निवारक उपायों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। उन्होंने विभिन्न प्रकार की सामान्य स्वास्थ्य स्थितियों पर विस्तार से बताया, उनके कारणों, लक्षणों और उन्हें प्रभावी ढंग से रोकने या प्रबंधित करने के तरीकों का विवरण दिया। चर्चा में शामिल आधुनिक समय की बीमारियां उच्च रक्तचाप, गठिया, मधुमेह, हृदय रोग और कैंसर हैं। इसके अलावा उनका ध्यान उचित शारीरिक मुद्रा बनाए रखने पर था, जो चर्चा में की गई कई बीमारियों को रोकने के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि खराब मुद्रा मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं को जन्म दे सकती है और लंबे समय में, यह पुराने दर्द और बीमारियों का कारण भी बन सकती है। इन मुद्दों से निपटने के लिए, उन्होंने विभिन्न व्यायामों का प्रदर्शन किया, जिन्हें उपस्थित लोग मांसपेशियों को मजबूत करने, लचीलेपन में सुधार करने और मस्कुलोस्केलेटल विकारों के जोखिम को कम करने के लिए अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।




# पंजाब सरकार को केंद्र का झटका कर्ज सीमा में 16477 करोड़ की कटौती

## बिजली सब्सिडी बनी रुकावट, 21905 करोड़ की हुई थी मंजूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

केंद्र सरकार ने पंजाब को झटका दिया है। केंद्र ने पंजाब की चालू वित्तीय वर्ष की कर्ज सीमा में कटौती की है। यह कटौती 16 हजार 477 करोड़ रुपए की गई है। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के जनरल मैनेजर को पत्र लिखा है।



बता दें कि पहले नौ महीनों के लिए 21 हजार 905 करोड़ रुपए की कर्ज सीमा को मंजूरी दी गई थी। बिजली सब्सिडी को न चुकाना इसकी मुख्य वजह बताई गई है।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पंजाब के लिए वर्ष 2025-26 के लिए समूची कर्ज सीमा का खाका तैयार किया है। इसके अनुसार, इस चालू वर्ष में राज्य 51 हजार 176.40 करोड़ रुपए का कर्ज उठा सकता है। इस हिसाब से नौ महीनों के लिए कर्ज सीमा 38 हजार 362 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है, लेकिन मंजूरी केवल 21 हजार 905 करोड़ रुपए की दी गई है। इससे स्पष्ट है कि नौ महीनों के लिए 16 हजार 477 करोड़ रुपए की कटौती की गई है।

### 49,900 करोड़ कर्ज लेने की बात

केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा कर्ज सीमा में की गई कटौती के कई कारण बताए गए हैं, जिनमें से एक कारण 31 मार्च 2024 तक बिजली सब्सिडी का न चुकाना है। हालांकि, पंजाब के बजट के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में 49 हजार 900 करोड़ रुपए का कर्ज लेने की बात कही गई थी। पंजाब पर 31 मार्च 2026 तक कुल कर्ज 4.17 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है। पिछले तीन वर्षों में मौजूदा सरकार ने 1.32 लाख करोड़ रुपए का कर्ज उठाया है। जबकि विरासत में मिला कर्ज पहले से ही एक समस्या बना हुआ है। राज्य सरकार ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान ₹1.11 लाख करोड़ का राजस्व लक्ष्य रखा है, जबकि खर्च ₹1.36 लाख करोड़ है।

### पंजाब में नशे के सौदागरों पर मान सरकार का शिकंजा

**नशे** का व्यापार करने वाले के खिलाफ शुरू किए गए राज्यव्यापी अभियान में मान सरकार को अब आमजन का भी साथ मिल रहा है। पंजाब पुलिस ने नशे के सौदागरों को खिलाफ जमकर अभियान चलाया है और इसमें बड़ी सफलता मिली है। पंजाब की जवानी को सुरक्षित रखने के लिए शुरू की गई नशे के खिलाफ कार्रवाई को अब पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में खुलकर समर्थन मिल रहा है।

# मेयर बबला ने की 'वुमन फॉर ट्रीज' अभियान की शुरुआत



**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने बुधवार को वुमन फॉर ट्रीज अभियान की शुरुआत की, जो कि MOHUA द्वारा आरंभ किए गए AMRUT मित्र कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख पहल है। इस अभियान की आधिकारिक शुरुआत सरांगपुर स्थित सामुदायिक केंद्र से हुई, जिसमें अमित कुमार, आईएएस, आयुक्त, सुमित सिहाग, संयुक्त आयुक्त, संजय अरोड़ा, राम चंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

भारत सरकार की एक पेड़ मां के नाम पहल से प्रेरित इस लिंग समावेशी कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी हरित क्षेत्रों को सुदृढ़ करना और जलवायु लचीलापन विकसित करना है। इसमें विशेष रूप से महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को वृक्षारोपण और पर्यावरणीय संरक्षण में सक्रिय रूप से शामिल किया जा रहा है। इस अभियान का कार्यान्वयन AMRUT और DAY-NULM की टीमों द्वारा नगर निगम चंडीगढ़ के अंतर्गत किया जा रहा है।

मेयर और आयुक्त ने शहर स्तरीय स्वयं सहायता समूहों की 100 स्वयंसेवियों को अभियान किट वितरित की, जो तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान उपयोग की जाएंगी। इसके साथ ही सेक्टर 37 के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने स्वागत गीत तथा वृक्षों के संरक्षण और उनके महत्व पर आधारित गीत व कविताएं प्रस्तुत कीं। मेयर ने कहा कि वृक्षारोपण की पहल महिलाओं को विभिन्न आर्थिक अवसर प्रदान कर सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल महासभा ने स्कूलों में बांटी स्टेशनरी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हिमाचल महासभा चंडीगढ़ ने बुधवार को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, सेक्टर-19, चंडीगढ़ से अनुमति लेकर सरकारी स्कूलों में स्टेशनरी आवंटित की। महासभा के प्रेजिडेंट पृथ्वी सिंह प्रजापति ने बताया कि महासभा की ओर से गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल, सेक्टर-38 डी, मिडिल स्कूल बुड़ैल और हाई स्कूल डडूमाजरा में स्टेशनरी का वितरण किया गया। इस मौके पर महासभा के महासचिव भागीरथ शर्मा और सचिन रायजादा भी मौजूद रहे।

### मीठे जल और चने की लगाई छबील

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गर्मी के मौसम में राहत पहुंचाने और सेवा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, सेक्टर 16, चंडीगढ़ द्वारा आज मीठे जल (शरबत) और चने की छबील का वितरण किया गया। इस नेक कार्य में समाज के विभिन्न वर्गों से लोग शामिल हुए और राहगीरों व आम जनता को सेवा प्रदान की गई। इस अवसर पर परिषद की निदेशक श्रीमती सुषमा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों, स्वयंसेवकों और परिषद के कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में करुणा और सेवा भाव को मजबूत करते हैं। इस मौके पर सुषमा गुप्ता ने कहा कि छबील केवल प्यास बुझाने का कार्य नहीं है, बल्कि यह मानवता, दया और हमारी भारतीय संस्कृति में निहित सेवा की भावना को प्रकट करता है। बच्चों को ऐसे आयोजनों में शामिल कर उनके भीतर सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना जरूरी है। यह पहल हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के उस मूल उद्देश्य को दर्शाती है, जिसमें समाज में प्रेम, सेवा और मानवीय मूल्यों को बाल स्तर से ही विकसित करने पर बल दिया जाता है।

# बीबीएमबी डिस्पेंसरी में फिजियोथेरेपी उपकरणों का मनोज ने किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



बीबीएमबी के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी ने चंडीगढ़ के सेक्टर 35 में स्थित बीबीएमबी डिस्पेंसरी में स्थापित कई फिजियोथेरेपी उपकरणों यानी शॉर्ट वेव डायथर्मी, इंटेलेक्ट मोबाइल कॉम्बो यूनिट और इंटेलेक्ट मोबाइल लेजर का उद्घाटन किया।

फिजियोथेरेपिस्ट ने इन उपकरणों की उच्च-स्तरीय विशेषताओं और उनके लाभों का वर्णन किया। नव स्थापित मशीनें चिकित्सा के विभिन्न तरीकों का उपयोग करती हैं जैसे डीप हीटिंग, विद्युत चुंबकीय तरंगें, प्रकाश ऊर्जा, विद्युत आवेग और ये दर्द से राहत, मांसपेशियों की रिकवरी, रक्त परिसंचरण में वृद्धि और सूजन को कम करने में सहायता करने में सक्षम हैं। इस अवसर पर उन्होंने इन मशीनों की खरीद में किए गए प्रयासों की सराहना की और वहां मौजूद डिस्पेंसरी स्टाफ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को बधाई दी।

## कांग्रेस अध्यक्ष लक्की ने राज्यपाल से शहर के प्रमुख मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने बुधवार को पंजाब राजभवन में माननीय पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान चंडीगढ़ से संबंधित कई महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान लक्की ने हाल ही में शहर में धार्मिक स्थलों को गिराने के प्रस्ताव से उपजे जनाक्रोश को लेकर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि इस प्रकार के मामलों में संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि साम्प्रदायिक सौहार्द और जनविश्वास बना रहे। इसके अलावा, उन्होंने नगर निगम चंडीगढ़ को मिलने वाले लंबित और अपर्याप्त धनराशि के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने नगर निगम की सुचारु कार्यप्रणाली और जनसेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समय पर आर्थिक सहायता की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा शहर में सड़कों सहित कई मुद्दों पर राज्यपाल से चर्चा की।

# प्लास्टिक कचरे के प्रति सार्वजनिक सोच में बदलाव को 'किया इंडिया' की पहल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



देश की प्रमुख मास-प्रीमियम कार निर्माता कंपनी किया इंडिया ने अपनी डीआरओपी (डेवलप रिस्पॉन्सिबल आउटलुक फॉर प्लास्टिक) सीएसआर पहल के तीसरे चरण की शुरुआत चंडीगढ़, पंजाब में इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन के सहयोग से की। परियोजना डीआरओपी किया इंडिया की प्रमुख सीएसआर पहल है, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के प्रति सार्वजनिक सोच में बदलाव लाना है, साथ ही पर्यावरणीय स्थिरता और समुदाय आधारित कचरा प्रबंधन समाधानों के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है। दिल्ली एनसीआर, बेंगलुरु, मुंबई, विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा में प्लास्टिक कचरे को सतत रूप से प्रबंधित करने का मार्ग प्रशस्त करने के बाद अब यह परियोजना पंजाब और हरियाणा के राज्यों में चंडीगढ़, जीरकपुर और पंचकूला तक विस्तारित हो गई है।

इस समारोह में मुख्यातिथि प्रो. (डॉ.) आदर्श पाल विग, अध्यक्ष, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विशिष्ट अतिथि जसबीर सिंह बंटी, वरिष्ठ उपमहापौर, नगर निगम चंडीगढ़, गुलशन, कार्यकारी निदेशक, एमजीएसआईपीए आदि उपस्थित रहे। परियोजना डीआरओपी किया इंडिया की एक सीएसआर पहल है, जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता और प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन को लेकर टिकाऊ व्यवहार को बढ़ावा देना है।

### सुप्रीम कोर्ट से प्रो.अली खान को सशर्त जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट करने वाले हरियाणा की अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिल गई है।



कोर्ट ने कहा कि जमानत के दौरान महमूदाबाद ऑपरेशन सिंदूर और भारत में हुए आतंकी हमलों या जवाबी एक्शन के बारे में कोई भी कमेंट नहीं करेंगे, न ही कोई स्पीच नहीं देंगे। कोर्ट ने महमूदाबाद के खिलाफ जांच रोकने से भी इनकार कर दिया। केस की जांच के लिए कोर्ट ने 24 घंटे के भीतर 3 आईपीएस अफसरों की एसआईटी बनाने के आदेश दिए, जिसमें एक महिला अधिकारी शामिल होगी। साथ ही हरियाणा और दिल्ली का कोई अधिकारी शामिल नहीं होगा। कोर्ट ने महमूदाबाद को पासपोर्ट सरेंडर करने और जांच में सहयोग करने के आदेश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### कोलकाता में दिखे सात ड्रोन, पुलिस अलर्ट

**एजेंसी, कोलकाता।** कोलकाता के आसमान में सात ड्रोन दिखने की बात सामने आर रही है। बताया जा रहा है कि ये ड्रोन सोमवार की रात को दिखाई दिए। ये ड्रोन कहां से आए और इन्हें कौन चला रहा था, इसकी जांच कोलकाता पुलिस कर रही है। हालांकि अभी तक इस बारे में पुलिस ने कुछ भी नहीं बताया है। भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद ड्रोन के दिखने से हडकंप मच गया है। हालंकि दोनों देशों के बीच सीजफायर चल रहा है। इन ड्रोनों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहा हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमवार रात कोलकाता के कई इलाकों में इन ड्रोन को मंडराते हुए देखा गया। विक्टोरिया मेमोरियल से लेकर ब्रिगेड ग्राउंड तक ड्रोन उड़ते हुए देखे गए। जैसे ही यह जानकारी सामने आई, कोलकाता पुलिस सतर्क हो गई और ड्रोन के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। दूसरी ओर भारतीय सेना ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि इसकी जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा आईटी सेल प्रमुख व गोस्वामी पर एफआईआर

**एजेंसी, बेंगलुरु।** भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और रिपब्लिक टीवी




के जर्नलिस्ट अर्नब गोस्वामी के खिलाफ कांग्रेस ने एफआईआर की है। दोनों पर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप है। अमित मालवीय ने 17 मई को एक्स पर अर्नब गोस्वामी एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो बता रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी का तुर्किये में रजिस्टर्ड ऑफिस है। मालवीय ने लिखा- राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ऐसा करने की जरूरत क्यों पड़ी। यह हैरान और समझ से बाहर का मामला है। देश को इसका सच जानने का हक है। इसी वीडियो को लेकर शिकायत में कहा गया है कि ऐसा सोची-समझी रणनीति के तहत देश की जनता को गुमराह और कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने के लिए किया गया है। यह लोगों की भावनाओं को भड़काने, देश की सुरक्षा और लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महिला जवानों ने भी संभाला था मोर्चा

## बीएसएफ के डीआईजी एसएस मंड बोले- हमें उन पर गर्व

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महिला जवानों ने भी पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा संभाला था। यह जानकारी बीएसएफ के डीआईजी एसएस मंड ने दी। उन्होंने बताया कि 8 मई की रात बीएसएफ ने पाकिस्तान से आ रहे 45-50 आतंकियों को भारत में घुसने से रोका। हमारी महिला सैनिकों ने भी बहादुरी से अपनी ड्यूटी निभाई। हमें उन पर गर्व है। जैसे ही हमने आतंकियों को मूव करते देखा, हमने फौरन भारी फायरिंग शुरू कर दी। हमने उनके बंकरों को तबाह किया और उनकी फायर पावर कमजोर कर दी। महज डेढ़ घंटे में हमने उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से सीजफायर उल्लंघन का बीएसएफ ने मोर्टार से सटीक जवाब दिया। हमारे अफसर खुद फॉरवर्ड पोस्ट पर जवानों के साथ मौजूद थे, जिससे उनका हौसला और आत्मविश्वास दोनों ऊंचा रहा। अगर दुश्मन ने दोबारा कोई हरकत की, तो हम 10 गुना ताकत से जवाब देंगे। (अनंत ज्ञान)



**पाक के बंकर तबाह किए, 50 आतंकियों को घुसपैठ से रोका**

## नेशनल हेराल्ड मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना होगी सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई। ईडी ने कोर्ट को बताया कि पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपए कमाए हैं। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय ने नवंबर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका, फ्रांस समेत 7 देशों को चाहिए पीएल-15ई का मलबा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की पीएल-15ई मिसाइल को अपने एयर डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया था। यह मिसाइल चीन में बनी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फाइव आइज देश (अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड) के अलावा फ्रांस और जापान इस मिसाइल के मलबे की जांच करना चाहते हैं, ताकि यह पता कर सकें कि इसे बनाने के लिए चीन ने किन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया है। 9 मई को पंजाब के होशियारपुर जिले में एक खेत से पीएल-15ई मिसाइल के टुकड़े बरामद किए गए थे। 12 मई को नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय सैन्य अधिकारी तबाह मिसाइल का मलबा दिखाते हुए। यह मलबा चीन में डेवलप पीएल-15ई मिसाइल का बताया गया।

**ऑपरेशन सिंदूर में तबाह की थी यह चीनी मिसाइल**

पीएल-15ई मिसाइल की एडवांस तकनीक और लंबी रेंज की वजह से चीन की सरकारी मीडिया जैसे ग्लोबल टाइम्स और चीन के रक्षा विश्लेषकों इसे पश्चिमी देश और भारत के लड़ाकू विमानों के लिए चुनौती बताते रहे हैं। फाइव आइज देश अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड खुफिया जानकारी साझा करते हैं। वे पीएल-15ई के मलबे की जांच कर चीन की एडवांस मिसाइल तकनीक को समझना चाहते हैं। वहीं, फ्रांस इस मिसाइल की रडार सिग्नेचर, मोटर स्ट्रक्चर, और गाइडेंस तकनीक को समझना चाहता है और जापान इंडो-पैसिफिक रीजन में चीन की बढ़ती आक्रामकता की वजह से जापान अपने मिसाइल डिफेंस सिस्टम को अपग्रेड करना चाहता है। (अनंत ज्ञान)

### मलबे से मिल सकती हैं कई अहम जानकारियां



**भारत** को जो टुकड़े मिले हैं, अगर वे सही-सलामत हैं, तो उनसे बहुत अहम जानकारी मिल सकती है। जैसे -

- मलबे से मसाइल का रडार कैसे काम करता है (रडार सिग्नेचर के जरिए) की जानकारी मिल सकती है।
- उसकी मोटर कैसे बनी है (मोटर स्ट्रक्चर के जरिए) के बारे में पता चल सकता है।
- मिसाइल को रास्ता दिखाने वाली टेक्नोलॉजी (गाइडेंस सिस्टम के जरिए) के बारे में जानकारी मिल सकती है।
- मलबे ये एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे के बारे में भी कई जरूरी बातें पता चल सकती हैं।

### पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** विवादों में घिरी ट्रेनी आईएएस पूजाखेडकर को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अग्रिम जमानत दी। जस्टिस बी वी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने पूजा को जांच में सहयोग करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पूजा ने कौन सा बड़ा अपराध कर दिया। वह कोई ड्रग माफिया या आतंकवादी नहीं है।' (अनंत ज्ञान)



# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्कूल बस पर आत्मघाती हमला, पांच लोगों की मौत

**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में एक स्कूल बस पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें चार बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा, 40 घायल हुए हैं। यह विस्फोट खुजदार जिले में हुआ है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। स्कूल बस बच्चों को लेकर जा रही थी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट कथित तौर पर आईईडी के जरिए किया गया। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने इसे कायरतापूर्ण और वीभत्स हमला बताया और कहा कि इसमें तीन बच्चे और दो वयस्क नागरिक मारे गए और कई बच्चे घायल हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)



# फॉक्सकॉन ने भारत में किया 1.49 बिलियन डॉलर का निवेश

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

एप्पल की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन ने भारत में 1.49 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। फॉक्सकॉन ने अपने सिंगापुर यूनिट के जरिए बीते 5 दिन में तमिलनाडु के युजहान टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में यह निवेश किया है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था- भारत में पैसा न लगाएं**

कंपनी ने यह निवेश ऐसे समय में किया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप नहीं चाहते कि एप्पल के प्रोडक्ट भारत में बने। पिछले हफ्ते ट्रंप ने कंपनी के सीईओ टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्टरियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल के सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रंप ने 15 मई को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा था कि एप्पल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। वहीं, एप्पल के सीईओ टिम कुक ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि अमेरिकी बाजार में बिकने वाले 50 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं। कुक ने कहा कि भारत अप्रैल-जून तिमाही में अमेरिका में बिकने वाले आईफोन्स का कंट्री ऑफ ओरिजिन बन जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## कारोबार

### रियल्टी और फार्मा शेयरों की ज्यादा खरीददारी से बाजार गुलजार

# सेंसेक्स 410 और निफ्टी 130 अंक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार, 21 मई को सेंसेक्स 410 अंक चढ़कर 81,597 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 130 अंक की तेजी रही। ये 24,813 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 ऊपर बंद हुए। बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, सनफार्मा सहित कुल 8 शेयरों में 2 प्रतिशत तक की तेजी रही। जबकि, इंडसइंड बैंक बैंक सहित 6 शेयरों में 1 प्रतिशत तक की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 में तेजी है। NSE के रियल्टी इंडेक्स में 1.72 प्रतिशत, फार्मा में 1.25 प्रतिशत, ऑटो में 0.72 प्रतिशत और आईटी में 0.70 प्रतिशत की तेजी रही। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.49 प्रतिशत की गिरावट रही। (अनंत ज्ञान)



### सोने-चांदी के दामों में बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 21 मई को बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,645 बढ़कर 95,452 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 93,807 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 1,775 बढ़कर 97,475 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 95,800 रुपए प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 रुपए और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

**काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने बुधवार को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमत हुए हैं। इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सीपीईसी से संबंधित घोषणा पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री/विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच बीजिंग में एक अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक के बाद की गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री तीन दिवसीय बीजिंग यात्रा पर हैं, जो भारत द्वारा पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी स्थलों को निशाना बनाकर शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली उच्चस्तरीय वार्ता है। बैठक के बाद इशाक डार ने कहा, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड


गुजरात टाइटंस


ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
617


राजस्थान रॉयल्स


पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
21


लखनऊ सुपर जायंट्स

सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
35


## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 12 | 09 | 03 | 00 | 18 |
| 2. | बेंगलुरु | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 |
| 3. | पंजाब | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 |
| 4. | मुंबई | 12 | 07 | 05 | 00 | 14 |
| 5. | दिल्ली | 12 | 06 | 05 | 01 | 13 |
| 6. | कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 02 | 12 |
| 7. | लखनऊ | 12 | 05 | 07 | 00 | 10 |
| 8. | हैदराबाद | 12 | 04 | 07 | 01 | 09 |
| 9. | राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |
| 10. | चेन्नई | 13 | 03 | 10 | 00 | 06 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए हसन अली की वापसी

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** तेज गेंदबाज हसन अली की बांग्लादेश के खिलाफ इस महीने होने वाली घरेलू टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम में वापसी हुई है, जबकि सीनियर बल्लेबाजों मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की लगातार तीसरी सीरीज में अनदेखी की गई। हसन ने लगभग तीन साल में सिर्फ एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है और 2024 में आयरलैंड के खिलाफ डबलिन में खेले गए इस मैच में उन्होंने तीन ओवर में 42 रन लुटाए थे, जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हसन ने पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हुए 15 विकेट चटकाए हैं। रिजवान और बाबर को जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के



खिलाफ पाकिस्तान की पिछली दो सीरीज से भी बाहर किया गया था, क्योंकि टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए अपने शीर्ष क्रम में नए खिलाड़ियों को मौका दे रही है। चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-4 से शिकस्त झेलनी वाली टीम में आठ बदलाव किए हैं। तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी, जहानदान खान और अब्बास अफरीदी की जगह हसन, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम को टीम में शामिल किया गया है। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, सईम अयूब और फखर जमां की टीम में वापसी हुई है जबकि ऑलराउंडर फहीम अशरफ और हुसैन तलत को भी एक बार फिर टीम में शामिल किया गया है। तीन मैचों की सीरीज लाहौर में खेली जाएगी, लेकिन तारीखों की अभी घोषणा नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

### ऐलेना देमेंतिएवा खूबसूरत अंदाज में

**रूस।** ऐलेना देमेंतिएवा ने भी वोग्स सहित दुनिया की तमाम बड़ी मैगजीन के लिए फोटोशूट कराए हैं। उनकी टेनिस में टॉप रैंकिंग तो 4 रही, लेकिन खूबसूरती के मामले में उनकी टक्कर का कोई नहीं था।



### विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत बनीं पेशेवर मुक्केबाज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज सिमरनजीत कौर पेशेवर बनने वाले भारतीय मुक्केबाजों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं। एशियाई चैंपियनशिप की दो बार की पदक विजेता 29 साल की सिमरनजीत ने टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पूर्व अमेरिकी पेशेवर मुक्केबाज रॉय जोन्स जूनियर और भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा से अनुबंध करके पेशेवर



मुक्केबाजी से जुड़ने का फैसला किया। मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 65 किग्रा वर्ग में उप विजेता रहीं सिमरनजीत इस साल पेशेवर बनने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज है। इससे पहले विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता निशांत देव और अमित पंघाल पेशेवर सर्किट से जुड़ चुके हैं। इससे पहले 2008 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह, विकास कृष्ण, सरिता देवी और नीरज गोयत भी पेशेवर बन चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** गुजरात 18 अंक, तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के हैं 17-17 अंक

# गुजरात टाइटंस की नजरें शीर्ष दो में रहने पर

**एजेंसी, अहमदाबाद**

पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में वीरवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेलेगी तो उसका इरादा जीत की लय को कायम रखते हुए शीर्ष दो में जगह पक्की करने का होगा। अब तक 12 मैचों में 18 अंक ले चुकी टाइटंस प्लेऑफ में जगह बना चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के 17 अंक हैं और शीर्ष दो के लिए मुकाबला रोचक है।

गुजरात ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसके शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाज आरेंज कैपधारी बी साइ सुदर्शन (617 रन), कप्तान शुभमन गिल (601) और जोस बटलर (500) शानदार फॉर्म में है और अधिकांश मैचों में टीम की जीत के सूत्रधार रहे हैं।

तीनों मिलकर 16 अर्द्धशतक और एक शतक जमा चुके हैं। उनके इस प्रदर्शन के चलते मध्यक्रम को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी है। गुजरात के गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन किया है । भारत के



प्रसिद्ध कृष्णा सर्वाधिक 21 विकेट ले चुके हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और बी साई किशोर को 15-15 विकेट मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के बाद निलंबन पूरा करके वापस आ चुके हैं। दूसरी ओर सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद लखनऊ की प्लेआफ की रही सही उम्मीदें भी ध्वस्त हो गई। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में निरंतरता के अभाव और चोटों से जूझती रही।

बल्लेबाजी में टीम विदेशी खिलाड़ियों मिचेल मार्श, एडेन माक्ररम और निकोलस पूरन पर निर्भर करती आई है। पंत पूरे सत्र में नहीं चल सके और मध्यक्रम की नाकामी ने लखनऊ की परेशानी बढ़ा दी। प्रमुख गेंदबाजों की चोटों ने उसका काम और मुश्किल कर दिया।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान पूरे सत्र से बाहर रहे, जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव भी नहीं खेल पायए। आवेश खान और आकाश दीप फिटनेस समस्या से जूझते रहे। पंत ने पिछले मैच के बाद कहा था,''यह हमारा सर्वश्रेष्ठ सत्र हो सकता था, लेकिन चोटों के कारण हमारे प्रदर्शन पर असर पड़ा। हमने इसके बारे में बात नहीं करने का फैसला किया था, लेकिन उन कमियों को पूरा करना मुश्किल हो गया था।'' इस मैच में लखनऊ को अपने सबसे सफल गेंदबाज स्पिनर दिग्वेश राठी के बिना उतरना होगा, जो 14 विकेट ले चुके हैं। पिछले मैच में अभिषेक शर्मा से भिड़ने के कारण वह एक मैच का निलंबन झेल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, शेरफेन रदरफोर्ड, निशांत सिद्धू, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद अरशद खान, आर साई किशोर, जयंत यादव, करीम जनत, बी साई सुदर्शन, दासुन शनाका, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, प्रिसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गेराल्ड कोएट्जी, गुरनूर सिंह बरार, इशांत शर्मा, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया और राशिद खान।

**लखनऊ सुपरजाइंट्स:** ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मार्करम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमरा जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी।

## आईपीएल ने बदल दी मेरी जिंदगी : विपराज निगम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला विपराज निगम का मानना है कि आईपीएल से उनके जीवन में काफी बदलाव आए हैं और दिग्गज क्रिकेटरों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से मिली सीख उनके करियर को निखारने में काफी काम आएगी। 20 वर्ष के निगम को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रुपए में खरीदा था। उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित किया है।



सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने के बारे में निगम ने कहा,''जीवन में कई बदलाव आए हैं। आईपीएल से चीजें बदल जाती है। आपको इतने बड़े सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलता है। उनसे और उनके अनुभव से सीखने का मौका मिलता है।'' उन्होंने कहा,''मेरे लिए ये नए अनुभव हैं और मैं अपने खेल में इस सीख पर अमल करने की कोशिश करूंगा।'' निगम ने दिल्ली के कोचिंग स्टाफ की तारीफ करते हुए कहा,''जब मुझे दिल्ली टीम ने चुना और उससे पहले भी मैने अपने कोचों और प्रबंधन से बात की। उन्होंने मुझे हमेशा कहा कि वे मुझे हरफनमौला के रूप में देखते हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट और लीग में मेरी बल्लेबाजी देखी और संदेश साफ था कि दो से चार ओवर फेंकने के अलावा मुझे बल्लेबाजी पर भी फोकस करना है।''

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के रहने वाले निगम ने कहा,''अपने प्रदेश के लिए खेलने के बाद जब मैं राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी गया तो कोचों ने मेरी काफी मदद की। मैं बल्लेबाज के तौर पर गया था, लेकिन मैने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों पर फोकस किया।'' (अनंत ज्ञान)

## मुंबई इंडियंस की खराब शुरुआत, रोहित फ्लॉप

**एजेंसी, मुंबई**

आईपीएल का 63वां मैच मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने आए मुंबई इंडियंस के ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन कुछ खास नहीं कर पाए। रोहित शर्मा 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हो गए, उन्हें मुस्ताफिजुर रहमान ने अभिषेक पोरेल के हाथों कैच करवाया। उसके बल्लेबाजी करने आए विल जैक्स और रिकेल्टन ने थोड़ी देर पारी को संभाला, लेकिन विल जेक्स ने 13 गेंदों में 21 रन ही बना पाए और विपराज निगम को कैच दे बैठे। उसके बाद सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी करने उतरे, उनके आते ही रिकेल्टन भी आउट हो गए। रिकेल्टन ने 18 गेंदों में 25 रन बनाए। रिकेल्टन को कुलदीप यादव ने माधव तिवारी के साथ कैच करवाया।

समाचार लिखे जाने तक मुंबई ने 14 ओवरों में तीन विकेट पर के नुकसान पर 108 रन बना लिए थे। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा क्रीज पर डटे हुए थे। यादव (28) और तिलक वर्मा (27) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)


शॉट खेलता रेयान रिकेल्टन।


आउट होने के बाद पवेलियन जाता रोहित शर्मा।

## भारत के लिए कठिन होगा इंग्लैंड का दौरा: राठौर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का मानना है कि युवा भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड दौरा कठिन होगा जिसके तीन दिग्गज खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं।

अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शुभमन गिल का टेस्ट कप्तान बनना तय लग रहा है, जबकि शीर्ष और मध्यक्रम नया होगा। 20 जून से शुरू हो रही पांच मैचों की सीरीज के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नये चक्र का आगाज होगा। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की छह विकेट से जीत के बाद राठौर ने कहा,''यह दौरा कठिन होगा, क्योंकि सीनियर खिलाड़ी रिटायर हो चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा।



इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा।'' उन्होंने कहा,''लेकिन युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का भी मौका मिलेगा।'' राठौड़ ने कहा,''ये तीनों दिग्गज क्रिकेटर थे जो रिटायर हो चुके हैं। मैं चाहता था कि वे खेलते रहें लेकिन ये निजी फैसला है। मैं उन तीनों के करीब हूं। उन्होंने यह फैसला लिया है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए।''

रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच राठौर ने 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की जिसने कल की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा,''हम पिछले कुछ समय से उसके साथ काम कर रहे हैं। शायद तीन चार महीने से। दबाव के हालात में उसे इस तरह खेलते देखना शानदार है। उसने इतनी परिपक्वता दिखाई है और इस तरह के अनुभव से वह और निखरेगा।'' (अनंत ज्ञान)

## वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स : हिमाचल के अश्विनी ने हैमर थ्रो में जीता सिल्वर


डॉ. अश्विनी कुमार अवस्थी सिल्वर मेडल जीतने के बाद अन्य खिलाड़ियों के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश के एथलीट डॉ. अश्विनी कुमार अवस्थी ने ताईवाई में चल रही वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स-2025 में देश के लिए सिल्वर मेडल जीत कर अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। डॉ. अवस्थी इससे पहले भी विदेशी धरती पर दो मेडल अपने नाम कर चुके हैं।

हिमाचल प्रदेश मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि ताईवान के ताइपे में वर्ल्ड मास्टर गेम्स चल रही है जो 29 मई तक चलेगी। इसमें हिमाचल प्रदेश के 8 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें डॉ. अश्विनी अवस्थी, किशन लाल, केवल राम, नीरज महेश्वरी,अनिल सौंखला, यशपाल राणा, रणवीर सिंह और विनोद कुमार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हिमाचल के कांगड़ा जिले के गांव घड़ोली, फतेहपुर निवासी डॉ. अश्विनी कुमार अवस्थी आजकल राजकीय महाविद्यालय इंदौरा में एसोसिएट प्रोफेसर (फीजिकल एजुकेशन) के पद पर कार्यरत हैं। अवस्थी ने बताया कि उन्होंने हैमर थ्रो में सिल्वर मेडल 55 प्लस आयु वर्ग में प्राप्त किया है।

## मलेशिया मास्टर्स में सिंधू बाहर



**एजेंसी, कुआलालम्पुर।** भारत के एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरन ने शानदार जीत दर्ज करके मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया, लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। प्रणय ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। वहीं करूणाकरन ने चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन को 21-13, 21-14 से मात दी। भारत के आयुष शेट्टी ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। सिंधू का खराब फॉर्म हालांकि, जारी रहा और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम की एंगुयेन थुए लिन्ह से 11-21, 21-14, 15-21 से हार गई। (अनंत ज्ञान)

## अर्जेंटीना में 4 देशों का टूर्नामेंट खेलेगी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

**एजेंसी, बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट के लिए अर्जेंटीना रवाना हो गई जहां रोसारियो में 25 मई से दो जून तक यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें खेलेंगी। भारत को हर टीम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। तुषार खांडेकर की कोचिंग में भारतीय टीम की कमान निधि के हाथ में होगी, जबकि हीना बानो उपकप्तान होंगी। पहले दौर में भारत 25 मई को चिली से, 26 को उरूग्वे और 28 मई को अर्जेंटीना से खेलेगा। कप्तान निधि ने कहा,''हम इस टूर्नामेंट को लेकर काफी रोमांचित हैं। (अनंत ज्ञान)

**जज्बा** हॉकी स्टार ज्योति रूमावत बोली- एक बार यूपीएससी परीक्षा जरूर दूंगी

# आईपीएस बनने का सपना अभी जिंदा है

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बचपन से आईपीएस बनने का सपना उनके मन में पल रहा था, लेकिन मां के कहने पर पहली बार हॉकी स्टिक उठाई और फिर खेल ही जुनून बन गया। हालांकि, भारतीय महिला टीम की स्टार डिफेंडर ज्योति रूमावत ने अभी भी अपने उस सपने को मरने नहीं दिया है।



हरियाणा के सोनीपत की इस खिलाड़ी का कहना है कि वह एक बार यूपीएससी का इम्तिहान जरूर देंगी। बचपन में ही अपने पिता को खो चुकी ज्योति का सफर आसान नहीं रहा और एक समय ऐसा भी था जब उनकी मां के पास उनकी स्कूल की फीस भरने तक के पैसे नहीं थे, लेकिन चुनौतियों को ही अपनी ताकत बनाकर ज्योति ने सफलता की सीढ़ियां चढ़ी। 26 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा,''मैं हॉकी नहीं खेलना चाहती थी। मैं पढ़ाई करके आईपीएस बनना चाहती थी। अभी भी यह सपना मेरे मन में है कि पढ़ाई पूरी करके एक दिन आईपीएस बनूं।''

फिलहाल एशियाई खेलों और अगले साल होने वाले विश्व कप पर फोकस कर रही ज्योति ने कहा,''जब मैं हॉकी खेलना छोड़ूंगी तो एक बार ट्राय जरूर करूंगी कि यूपीएससी की परीक्षा दूं।'' उन्होंने बताया,''मैं पढ़ाई में बहुत अच्छी थी और मेरा बिलकुल मन नहीं था खेलने का। कोच प्रीतम सिवाच (भारत की पूर्व खिलाड़ी) ने मेरी मां से मुझे हॉकी खेलने भेजने के लिये कहा और जब मैंने खेलना शुरू किया तो हॉकी में मन रम गया।'' यह पूछने पर कि यूपीएससी की तैयारी के लिए समय मिलता है, ज्योति ने कहा,''हमारा शेड्यूल बहुत टाइट होता है। शनिवार और रविवार को ही मौका मिलता है और मैं कोशिश करती हूं कि रोज अखबार पढ़ूं, ताकि अपडेट रहूं।''



एक निजी यूनिवर्सिटी के आनलाइन कोर्स में एमबीए में दाखिला लेने वाली ज्योति ने बताया,'' मैंने बीए के पांच सेमिस्टर पूरे कर लिए थे, लेकिन नौकरी मिलने पर छोड़ना पड़ा। अभी आईओसी में मार्केटिंग डिविजन में हूं और एमबीए में दाखिला लिया ताकि भविष्य में काम आए।''

भारत की पूर्व कप्तान रानी रामपाल को आदर्श मानने वाली ज्योति की मां अब नहीं हैं, लेकिन उन्हें खुशी है कि मां ने उन्हें भारत के लिए खेलते देखा। वायुसेना में कार्यरत अपने भाई, भाभी और दादी के साथ रहने वाली इस खिलाड़ी ने कहा,''मेरी मां ने मुझे देश के लिए खेलते देखा। उनकी कमी तो खलती है, लेकिन मैंने उसी को अपनी प्रेरणा और ताकत बना लिया है।'' (अनंत ज्ञान)

### विश्व कप में पदक जीतना सपना

**उन्होंने** कहा कि फिलहाल तो पूरा फोकस हॉकी पर है और विश्व कप में पदक जीतना सपना है जिसके लिए कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में वह पूरी मेहनत कर रही हैं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022, एशिया कप 2022 में कांस्य, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 और 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रही ज्योति ने कहा,''हमारा अगला लक्ष्य एशिया कप है, लेकिन नजरें अगले साल होने वाले विश्व कप पर लगी हैं। उसमें जरूर पदक लेना चाहेंगे। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करना चाहेंगे।''

## चेन्नई के कोच बोले-हम सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आईपीएल के इस सत्र में टीम के शर्मनाक प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि वह तालिका में सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे, लेकिन उन्होंने 'दमदार योजनाओं' के साथ लौटने का वादा किया।



आईपीएल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक पांच बार की चैंपियन चेन्नई को मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट से हराया जिसके बाद उसका आखिरी स्थान पर रहना तय लग रहा है। फ्लेमिंग ने कहा,''हम नीचे रहना पसंद नहीं करते। हम अच्छा खेलना चाहते थे। हमारा लक्ष्य आखिरी दो मैचों में बेहतर प्रदर्शन था, लेकिन अब एक ही रह गया है। शायद हम इस बार सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे, क्योंकि हमने ऐसी ही क्रिकेट खेली है। इससे बचा नहीं जा सकता।''उन्होंने कहा कि आगे की रणनीति उन्हें पता है और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों की विफलता ने उनके अभियान को ढर्रे से उतार दिया। उन्होंने कहा,''हमें अपनी टीम को ढर्रे पर लाना होगा। (अनंत ज्ञान)